सूर्योदय 5:32 सूर्यास्त 7:21

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.6 न्यू | 28.8 अधि |
| धर्मशाला | 20.7 न्यू | 29.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80519.34 |
| निफ्टी | 24502.15 |
| सोना 72,030 | चांदी 99,990 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने भाई की शादी में की शिरकत

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 13 जुलाई, 2024 | 30 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 206, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- जेनेरिक औषधालय में नहीं कैंसर की दवा -पेज 2
- एयरपोर्ट के विस्तार का मामला लटकने से इलाकावासी परेशान -पेज 4
- किसानों और बागवानों की आर्थिकी होगी मजबूत -पेज 7
- युवा ब्रिगेड की नजरें सीरीज जीतने पर -पेज 13
- शादी के बंधन में बंधे अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट -पेज 14


### हिमाचल कैबिनेट के फैसले

# हिमाचल में अमीरों की 125 यूनिट मुफ्त बिजली बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में अमीर व साधन संपन्न लोगों की 125 यूनिट मुफ्त बिजली बंद करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में आईएएस, आईपीएस, एचएएस, एचपीएस, क्लास-1, क्लास-2 कर्मचारियों, बिजनेसमैन, टैक्सपेयर और ए-बी कैटेगरी के ठेकेदारों की मुफ्त बिजली बंद करने को मंजूरी प्रदान की गई। निर्धन लोगों को मिलने वाली मुफ्त बिजली पहले की तरह मिलती रहेगी।

बैठक में कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के कारण प्रभावित परिवारों को भूमि अधिग्रहण और मुआवजा प्रदान करने को मंजूरी प्रदान की गई।



कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

इसके अतिरिक्त, हरोली में बल्क ड्रग पार्क के निर्माण के लिए पूंजीगत लागत का प्रदेश का हिस्सा प्रदान करने, जूनियर ऑफिस असिस्टेंट के पोस्ट कोड-903 और 939 के लंबित परिणामों को घोषित करने का निर्णय लिया गया। लैक्चरर, शारीरिक शिक्षा के 486 पद और प्रधानाचार्य स्कूल कैडर के 157 अतिरिक्त पद सृजित कर भरने, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए स्पेशल एजुकेटर के 245 पद भरने, गृह विभाग में अग्निशमन अधिकारियों व कर्मचारियों के विभिन्न श्रेणियों के 53 पद भरने, पुलिस कर्मियों के विभिन्न श्रेणियों के 60 पद सृजित करने, राज्य चयन आयोग हमीरपुर में विभिन्न श्रेणियों के 30 पद भरने को भी मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा लोनिवि में जूनियर आफिस असिस्टेंट (आईटी) के 30 पद भरने तथा 18 ग्रामीण विद्या उपासकों को जूनियर बेसिक टीचर के रूप नियमित करने का निर्णय भी लिया।

- बीडीओ के 27 अतिरिक्त पद भरेंगे
- 730 दिनों की शिशु देखभाल के लिए अवकाश मिलेगा
- टैक्सी पार्किंग से दियोटसिद्ध मंदिर तक रोपवे बनेगा

# नेपाल में भू-स्खलन की चपेट में आकर नदी में बह गईं दो बसें

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल में भारी बारिश के बीच शुक्रवार तड़के करीब साढ़े 3 बजे भू-स्खलन की चपेट में आकर त्रिशुली नदी में दो बसें बह गईं।

घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों के मुताबिक, दोनों बसों में चालकों समेत 63 लोग सवार थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में 7 भारतीयों और एक बस चालक की मौत की आशंका जताई जा रही है, जबकि बाकी लोग लापता बताए जा रहे हैं।

नेपाली मीडिया हाउस काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, एक बस के ड्राइवर की मौत की पुष्टि हो गई है, जबकि 2 लोगों ने बस से कूद कर जान बचाई। हादसा सेंट्रल नेपाल में मदन-अश्रित हाइवे पर सुबह करीब 3.30 बजे हुआ। लगातार बारिश और पानी के तेज बहाव के चलते सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने फोन पर न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि लैंडस्लाइड के चलते नदी में गिरने वाली एक बस काठमांडू जा रही थी, इसमें 24 लोग सवार थे। दूसरी बस में 41 लोग सफर कर रहे थे।



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि नारायणगढ़-मुग्लिन रोड स्टेशन पर लैंडस्लाइड से बस बह जाने से लगभग पांच दर्जन यात्रियों के लापता होने की रिपोर्ट से मुझे काफी दुख हुआ है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### कश्मीर के बारामूला में 4.2 तीव्रता का भूकंप




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि इस भूकंप में किसी भी प्रकार के जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में दोपहर 12.26 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी का इस्तीफा मंजूर

**गोपेश्वर।** श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ने शुक्रवार को बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि नंबूदरी की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के आवेदन को स्वीकृति प्रदान करते हुए उन्होंने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि अग्रिम आदेश तक उनकी जगह नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी को प्रभारी रावल (पुजारी) तैनात किया गया है।

### हरियाणा सरकार खोले शंभू बॉर्डर : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हरियाणा सरकार से प्रश्न किया कि वह राजमार्ग को कैसे अवरुद्ध कर सकती है? साथ ही न्यायालय ने राज्य सरकार को अंबाला के पास शंभू बार्डर पर लगाए गए अवरोधक हटाने का निर्देश दिया। अपनी मांगों के पक्ष में किसान 13 फरवरी से शंभू बार्डर पर डेरा डाले हुए हैं।

### धनशोधन मामले में मलिक की अंतरिम जमानत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने धनशोधन मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत की अवधि शुक्रवार को दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश वकील की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि उन्हें मामले में अभी नए निर्देश मिलने बाकी हैं।



# सुप्रीम कोर्ट ने हाथरस भगदड़ मामले पर सुनवाई से किया इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिका पर सुनवाई न करने का फैसला करते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे हाईकोर्ट जाएं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि बेशक यह परेशान करने वाली घटनाएं हैं, लेकिन इस मामले पर सुनवाई करने के लिए हाईकोर्ट सक्षम है। याचिकाकर्ताओं ने दो जुलाई की भगदड़ की घटना की जांच के लिए शीर्ष न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति की मांग की थी।



# हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे राजीव शकधर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने देश के आठ अलग-अलग हाईकोर्ट में नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की है। ऐसे में अब हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश राजीव शकधर होंगे। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने देश के आठ अलग-अलग हाईकोर्ट में नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की है।

न्यायाधीश राजीव शकधर अभी दिल्ली हाईकोर्ट में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जस्टिस राजीव शकधर वर्ष 2008 में दिल्ली हाईकोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। देश के सभी हाईकोर्ट में वह वरिष्ठता में चौथे नंबर पर हैं। शकधर देश के सबसे वरिष्ठतम जजों में से एक हैं।



शीर्ष अदालत ने हिमाचल हाईकोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव को झारखंड हाईकोर्ट के लिए स्थानांतरित करने की सिफारिश की है। न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव अब झारखंड में मुख्य न्यायाधीश के तौर पर अपनी सेवाएं देंगे। राजीव शकधर 11 अप्रैल 2008 को दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश और 17 अक्तूबर 2011 को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हुए। 11 अप्रैल 2016 और जनवरी 2018 के बीच मद्रास उच्च न्यायालय में कार्य किया।

# हिमाचल में तीन विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में तीन सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव के नतीजे शनिवार को घोषित किए जाएंगे।

कांगड़ा के देहरा, हमीरपुर और सोलन की नालागढ़ सीट पर 10 जुलाई को वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा नजरें देहरा सीट पर हैं, क्योंकि वहां पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर चुनाव लड़ रही हैं। सुबह आठ बजे के करीब वोटों की गिनती शुरू होगी। दरअसल, हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर से आशीष शर्मा, नालागढ़ से केएल ठाकुर और देहरा से होशियार सिंह ने हाल ही में इस्तीफा दे दिया था। इन्होंने तीनों सीटों से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ा और चुनाव जीत गए थे, लेकिन हाल ही में तीनों ने अपनी सीटों से इस्तीफा दिया और भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा ने तीनों को उपचुनाव के लिए टिकट दिया था।

# हिमाचल में भू-स्खलन से 10 सड़कें अवरुद्ध

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश में आई कमी से लोगों को राहत मिली है। राज्य में भू-स्खलन से अवरुद्ध सड़कों की बहाली का काम तेजी से जारी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार शुक्रवार सुबह तक प्रदेश भर में सिर्फ 10 सड़कें भू-स्खलन से बंद रहीं। शिमला जिला के रामपुर उपमंडल में चार और कांगड़ा जिला व मंडी जिला में तीन-तीन सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप है। कांगड़ा के इंदौरा, जयसिंहपुर और नगरोटा बगवां उपमंडलों में एक-एक सड़क अवरुद्ध है। इसी तरह मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल में तीन सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप है।



### दो दिन तक भारी बारिश का अलर्ट

**प्रदेश** में कांगड़ा सहित कई क्षेत्रों में शुक्रवार को बारिश हुई। हालांकि, दो दिनों तक मौसम विभाग शिमला ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है और कई जगहों पर 18 जुलाई तक मौसम खराब बना रहेगा। बीती रात को धर्मशाला में 12.6, पालमपुर 6.2, शिमला 3.5, डलहौजी 3.0, कांगड़ा 2.3, चंबा 2.0 और सराहन में 2.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार ऊना, चंबा, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# लद्दाख में सैन्य उपकरणों की मरम्मत करते हुआ विस्फोट, दो जवान शहीद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लद्दाख में सैन्य उपकरणों की मरम्मत करते समय विस्फोट होने से घायल दो जवानों की मौत की खबर है। सेना के मुताबिक, विस्फोट में सीएफन शंकर राव गोट्टापु और हवलदार शाहनवाज अहमद भट को भी गंभीर चोटें आईं, जिन्हें इलाज के लिए लेह ले जाया गया। हालांकि, मेडिकल टीम के प्रयासों के बावजूद उन्होंने दम तोड़ दिया। विदित हो कि इससे पहले आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे।

### अखनूर-काना चक इलाके में देखे गए तीन संदिग्ध

**श्रीनगर।** जम्मू संभाग में आतंकी हमलों के बाद शुक्रवार अखनूर और काना चक इलाके में तीन संदिग्ध देखे गए। इसके बाद भारतीय सेना हरकत में आ गई और सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने तीन संदिग्ध देखे और सुरक्षाबलों को खबर दी। सूचना मिलते ही सेना के जवानों ने तलाशी अभियान चलाया।

# अरविंद केजरीवाल को दी अंतरिम जमानत, अभी जेल में ही रहेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक बढ़ा दी। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है।



केजरीवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। वह अपनी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों के संबंध में पेश हुए। इससे पहले दिन में उच्चतम न्यायालय ने कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में उन्हें अंतरिम जमानत दे दी थी।

ईडी ने मई में मामले में अपना सातवां पूरक आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसमें केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाया गया था।

### मालीवाल से मारपीट मामला

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने बिभव को जमानत देने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी 'आप' की राज्यसभा सदस्य स्वाती मालीवाल से मारपीट करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को जमानत देने से मना कर दिया। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कुमार की जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा कि वह 'काफी प्रभावी' व्यक्ति हैं और उन्हें राहत देने के लिए कोई उचित आधार नहीं बनता।



# नेपाल में 'प्रचंड' की सरकार गिरी, दहल ने पीएम पद से दिया इस्तीफा

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' को बड़ा झटका लगा है. कारण, प्रचंड संसद में विश्वास मत हार गए हैं। 19 महीने सत्ता में रहने के बाद अब उन्हें पद छोड़ना पड़ा। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा की अगुवाई वाली सीपीएन-यूएमएल द्वारा प्रचंड की सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद उनको विश्वास मत हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। सीपीएन-यूएमएल द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण प्रचंड के पास विकल्प सीमित हो गए थे, जिसके कारण उन्हें तुरंत पद छोड़ने या एक महीने के भीतर विश्वास मत का सामना करने के बीच चयन करना पड़ा।



शुक्रवार को संसद में विश्वास मत परीक्षण हुआ, जहां वह हार गए। यह पांचवां मौका था, जब पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' ने संसद में अविश्वास मत का सामना किया, इससे पहले चार प्रयासों में वह विश्वास मत हासिल करने में सफल रहे थे। दहल के सबसे बड़े गठबंधन सहयोगी सीपीएन-यूएमएल ने 3 जुलाई को अपना समर्थन वापस ले लिया था। 25 दिसंबर, 2022 को पीएम बनने के बाद दहल लगातार अल्पमत सरकार का नेतृत्व कर रहे थे।

### देउबा और ओली की सत्ता में होगी वापसी?

275 सदस्यीय प्रतिनिधि वाले नेपाल के निचले सदन में सरकार का गठन के लिए 138 सदस्यों की जरूरत होती है, जबकि नेका और सीपीएन-यूएमएल गठबंधन के पास 167 सदस्यों की ताकत है जो कि निचले सदन में बहुमत के आंकड़े से कहीं ज्यादा है। जिससे उम्मीदें लगाई जा रही हैं कि देउबा और ओली की सत्ता में वापसी हो सकती है, नेका और सीपीएन-यूएमएल के बीच हुए समझौते के मुताबिक ओली और देऊबा बारी-बारी से तीन साल तक पीएम पद संभालेंगे। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा ने पहले ही ओली को अगले प्रधानमंत्री के रूप में समर्थन दे दिया है।

### महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव

## महायुति ने सभी नौ सीटें जीतीं

**मुंबई।** भाजपा, शिवसेना और राकांपा के सत्ताधारी महायुति गठबंधन ने शुक्रवार को राज्य विधान परिषद की 11 में से उन सभी नौ सीटों पर जीत दर्ज की जिन पर चुनाव लड़ा था, जबकि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) ने दो सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि दो-दो सीटों पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने जीत दर्ज की है। विपक्षी एमवीए की तरफ से शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे के करीबी सहयोगी मिलिंद नार्वेकर और कांग्रेस उम्मीदवार प्रज्ञा सातव ने जीत दर्ज की है। शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा (एसपी) द्वारा समर्थित पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) के उम्मीदवार जयंत पाटिल चुनाव हार गए। चुनाव की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि विधान परिषद (एमएलसी) के 11 सदस्य 27 जुलाई को अपना छह साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं।







## न्यूज ब्रीफ

### उपायुक्त ने जरूरतमंदों को वितरित किए श्रवण यंत्र



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने जरूरतमंद श्रवण बाधितों को श्रवण यंत्र वितरित किए। उपायुक्त ने कहा कि मानवता की सेवा में रेडक्रॉस सोसायटी की अहम भूमिका रहती है, जिसके तहत आज सोसायटी के माध्यम से श्रवण बाधित जरूरतमंदों को हियरिंग ऐड वितरित किए गए है। उपायुक्त ने 4 श्रवण बाधितों को श्रवण यंत्र वितरित किए, जिसमें निखिल गांव व डाकघर झगटान तहसील जुब्बल, गौतम लोअर बाजार शिमला, दीप राम गांव दरघोट डाकघर बागरी तहसील ठियोग और रामसरन शर्मा गांव चबड़ानी डाकघर धरेच तहसील ठियोग शामिल है। (अनंत ज्ञान)

### समाज के कार्यों में भी दें अपना योगदान

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिमला जिला के जिला संयोजक प्रयाग ने राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना दिवस कोने- कोने में उत्साह से मनाया गया है। विद्यार्थी परिषद द्वारा शिमला महानगर की नगर इकाइयों द्वारा शिमला के शोगी में संगोष्ठी का आयोजन करवाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूम में दिनेश जी सामाजिक कार्यकर्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में अभाविप के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी , उपस्थित रहे। दिनेश ने कहा कि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ समाज के कार्यों में भी अपने योगदान दें। (अनंत ज्ञान)

### तारादेवी मंदिर में टौर के पत्तल में मिलेगा अब लंगर



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** शिमला में स्थित ऐतिहासिक मंदिर तारादेवी में 14 जुलाई से लंगर हरी पत्तल में श्रद्धालुओं को परोसा जाएगा। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि अपनी संस्कृति और धरोहर को सहेजने की दिशा में संतुलित पर्यावरण के लिए मंदिरों में टौर के पत्तों से तैयार पत्तल में लंगर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण के आधीन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सुन्नी खंड में कार्य कर रहे सक्षम क्लस्टर लेवल फेडरेशन को ये पत्तल बनाने का जिम्मा दिया गया है। उन्हें प्रथम चरण में पांच हजार पत्तल बनाने का ऑर्डर दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में स्वयं सहायता समूहों को रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रयास कर रहा है । (अनंत ज्ञान)

### बीए में ऋषिका और बीकॉम में नेहल प्रथम




**जुन्गा (शिमला )।** राजकीय डिग्री कॉलेज चायल कोटी का बीए और बीकॉम तृतीय वर्ष के परिणाम शैक्षणिक सत्र 2023-24 में शत प्रतिशत राहा। जबकि पूरे प्रदेश का आटर्स का परिणाम 93 प्रतिशत रहा है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. दीप शिखा ने बताया कि बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ऋषिका ने कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रियंका और मुस्कान क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही। बीकॉम में नेहल शर्मा ने प्रथम, आंचल ठाकुर ने द्वितीय और साहिल क्षेत्री ने कॉलेज स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने बीए और बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अभिभावकों ने कॉलेज का अच्छा परिणाम आने पर प्राचार्य और उनके स्टॉफ को बधाई दी । (अनंत ज्ञान)

#### कैंसर पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों को जेनेरिक स्टोर में सस्ती व नि :शुल्क दवा का प्रावधान नहीं

# जेनेरिक औषधालय में नहीं कैंसर की दवा

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



दवाइयों के लिए लाइन में पड़े लोग।

हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी में निशुल्क व सस्ती दर वाली दवा न मिलने के कारण कैंसर से पीड़ित वरिष्ठ नागरिक का जीवन नरक हो गया है। वरिष्ठ नागरिक को सस्ती दवाइयां न मिलने के कारण मरीज मरीज इधर से उधर भटक रहे है। ऐसे में वे डाक्टर द्वारा लिखी गई महंगी दवा खरीदे बिना ही वापस घर लौट रहे है।

यहां तक कि कैंसर से पीड़ित वरिष्ठ नागरिक से बल्ड टैस्ट इत्यादि के लिए भी पैसे वसूले जा रहे है। वहीं आईजीएमसी के जैनरिक औषधालय में भी कैंसर पीड़ित के लिए कोई भी दवा उपलब्ध नहीं है। यहां पर सिर्फ कार्ड धारकों को ही दवाइयां मिलती है।

वरिष्ठ नारिक को सरकार की लापरवाही की वजह से दवा उपलब्ध नहीं हो रही है। एक तरफ सरकार मरीजों को सस्ती व निशुल्क दवाइयां देने के दावें करती है दूसरी ओर अस्पताल में मरीज दवाइयों लेने के लिए दर-दर भटक रहे है। आईजीएमसी में कैंसर की दवाइयां ही नहीं बल्कि अन्य बीमारी की भी जैनरिक औषधालय में दवाइया उपलब्ध नहीं है।

वरिष्ठ नागरिक मदन लाल, बस्ती राम, रमेश, श्याम का कहना है कि सस्ती दवाओं का आबंटन कर प्रदेश सरकार वाह-वाही लूट रही है। जेनेरिक औषधालय में सभी वर्गों के लोगों को निशुल्क दवाएं प्रदान की जा रही है जिसका सब से ज्यादा लाभ अमीर वर्ग उठा रहा है, लेकिन कैंसर पीड़ित मरीजों को दवाइयों का कोई प्रावधान नहीं है। (अनंत ज्ञान)

#### तंबाकू से होता है सबसे ज्यादा कैंसर

**चिकित्सकों** द्वारा तर्क दिया जा रहा है कि अगर लोगों को कैंसर की बीमारी से छुटकारा पाना है, तो सबसे पहले तंबाकू का सेवन कम करना होगा।

तंबाकू का सेवन करने से ही सबसे ज्यादा मरीज अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं, जिससे सीधा लंग कैंसर होता है। लंग कैंसर के मरीज की जान को आसानी से नहीं बचाया जा सकता है। इससे मरीजों की सीधी जान ही जाती है। लोगों को कैंसर से बचने के लिए स्वयं भी सावधानी बरतनी होगी।

#### 50 से 60 प्रतिशत मरीज लंग कैंसर के हो रहे भर्ती

**चिकित्सक** की माने तो प्रदेश के कैंसर अस्पतालों में 50 से 60 प्रतिशत मरीज लंग कैंसर के भर्ती हो रहे है। लंग कैंसर गले एवं फेफड़े आदि में होता है, जिससे मरीजों की जान तक चली जाती है। प्रदेश के लोग तबाकू का भारी मात्रा में सेवन कर रहे हैं। लोग लंग कैंसर की बीमारी को खुला न्योता दे रहे हैं।

#### कई प्रकार का है कैंसर

**कैंसर** के कई प्रकार हैं इनमें स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेन कैंसर, बोन कैंसर, ब्लैडर कैंसर, पेंक्रियाटिक कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, गर्भाशय कैंसर, किडनी कैंसर, लंग कैंसर, त्वचा कैंसर, स्टमक कैंसर, थायरॉड कैंसर, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर आदि है। इसके अलावा भी कई प्रकार का कैंसर है।

## विद्युत उत्पादन क्षेत्र में हिमाचल ने अन्य राज्यों को दिखाए नए रास्ते : प्रबोध



संबोधित करते हुए मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

केंद्र सरकार की नवीन और नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय की ओर से प्रस्तावित राष्ट्रीय लघु जल विद्युत नीति 2024 पर हितधारक परामर्श की विशेष कार्यशाला को पीटरहॉफ में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार प्रबोध सक्सेना ने की।

इस दौरान नवीन और नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय के सचिव भूपिंद्र एस भल्ला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने कहा कि विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश देश के अन्य राज्यों के लिए नए रास्ते दिखाने का कार्य करता आया है। यहां पर सार्वजनिक निजि भागीदारी मॉडल के नए आयाम स्थापित किए गए हैं। प्रदेश सरकार ऊर्जा पर कोई खर्च नहीं करती है बल्कि इन हाईड्रो पावर प्रोजेक्ट से सरकार को आय प्राप्त हो रही है। हाइड्रो पावर प्रोजेक्टस के सामने अब कई चुनौतियां खड़ी हो चुकी है। बड़ी चुनौती वित्त की है लेकिन प्रस्तावित नीति के मुताबिक केंद्र सरकार प्रोजेक्टस को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

राष्ट्रीय लघु जल विद्युत नीति 2024 का मुख्य उदेश्य सभी राज्यों में प्लांट का युक्तिकरण करना, विद्युत उत्पादन में लघु जल विद्युत प्लांट की सहभागिता बढ़ाना, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पहुंचाना तथा लोगों को लघु जल विद्युत के लाभों के बारे में जागरूक करना है। वहीं 25 मेगावाट तक की क्षमता के पावर प्रोजेक्ट लघु जल विद्युत प्लांट माने जाते है। दुनिया में सबसे अधिक ऊर्जा का उत्पादन लघु जल विद्युत प्लांट से हो रहा है।( अनंत ज्ञान)

### 15 अगस्त से शुरू होगा ढली में बस अड्डा

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** ढली में आधुनिक सुविधाओं से लैस बस अड्डा 15 अगस्त से शुरू हो जाएगा। बस अड्डा प्रबंधक एवं विकास प्राधिकरण ने जुलाई तक इसका निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा है। बस अड्डे को 15 अगस्त से शुरू करने का लक्ष्य रखा है। इसको लेकर प्रबंधन ने शहरी विकास विभाग के सचिव को पत्र लिखकर सूचित कर दिया है। बस अड्डे के निर्माण पर 17.18 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है।

पुराना भवन खाली करने के बाद आरएम लोकल और ग्रामीण के ऑफिस को नए भवन में स्थानांतरित कर दिया है। भवन की दूसरी मंजिल में चालक-परिचालकों को विश्राम करने के लिए हॉल, कान्फ्रेंस रूम के अलावा सवारियों के लिए वेटिंग रूम भी बनाया है। यहां महिलाओं के वेटिंग रूम में धात्री महिलाओं के लिए फीडिंग रूम की व्यवस्था भी की है।

पहली बार किसी बसअड्डे में दिव्यांगों के लिए विशेष रूप से सार्वजनिक शौचालय तैयार किए हैं। इसमें दिव्यांगों की सुविधा के लिए रैंप का निर्माण किया है। (अनंत ज्ञान)

## खेलकूद प्रतियोगिता में एमपीएस मशोबरा स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन



ट्रॉफी के स्थान विजेता खिलाड़ी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जनेडघाट में छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गई, जिसमें एमपीएस मशोबरा स्कूल को ओवरॉल चैंपियन का खिताब मिला।

वॉलीबॉल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटी और खो-खो में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीरन प्रथम स्थान पर रहे। एकल गीत, शास्त्रीय संगीत व एकांकी प्रतियोगिता में एमपीएस मशोबरा ने प्रथम, समूह गान में डाबरी प्रथम व एमपीएस मशोबरा द्वितीय स्थान पर रहे।

समारोह की अध्यक्षता डॉ. अनिता गुप्ता खेल समन्वयक एवं प्रधानाचार्य पाठशाला मशोबरा ने की और विजेता और उपविजेता छात्रा खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.सोहन रांटा ने मुख्य अतिथि सहित सभी प्रतिभागियों का स्वागत।(अनंत ज्ञान)

### महादेव में कुत्तों का आतंक

**मंडी ।** सुंदरनगर उपमंडल के अंतर्गत महादेव पंचायत में मंगलम पब्लिक स्कूल के परिसर में एक दर्जन से अधिक बेसहारा गोवंश एवं छोटे बछड़ों के ऊपर एक दर्जन से अधिक आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। जिसमें अधिकतर छोटे बछड़े घायल हुए हैं। यह कुत्ते इन छोटे गौ वंश को घेर कर हमला करते हैं और,पूंछ,टांग और पेट जैसे नाजुक अंगों को काटने से शिकार की शुरुआत करते है।

इस क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोग आवारा कुत्तों के इस,तरह के आतंक से डरे और सहमे हैं। ग्राम पंचायत महादेव के बलवीर कौंडल ने कहा कि,यह आवारा कुत्ते पिछले दो-तीन साल से इस क्षेत्र में सक्रिय है,और अभी तक यह कुत्ते तीन दर्जन से अधिक छोटे गाय के बछड़ों,घायल,बीमार गाउओं को मौत के घाट उतार कर अपना निवाला बना चुके है। इससे पूर्व भी ग्राम पंचायत महादेव के संज्ञान में यह मामला लाया गया था। उक्त मामले पर कार्रवाई करते हुए पशुपालन विभाग और वन विभाग के पिंजरे की व्यवस्था की गई थी, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों के असहयोग के कारण यह युक्ति असफल हो गई। इस पर उन्होंने आगे कहा कि,यह समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### टिक्कर-रोहड़ू एचआरटीसी बस दो माह से बंद

**दशमी रावत, रोहड़ू।** पिछले दो माह से टिक्कर से रोहड़ू हिमाचल पथ परिवहन निगम का बस रुट बंद हो गया है। हले इस बस का रात्रि विश्राम भी टिक्कर में ही होता था। बस रूट बंद होने से सुबह के समय रोहड़ू में व्यवसाय करने व रोजमर्रा के कार्यों के लिए जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

वहीं स्कूल व कालेज जाने वाले छात्र एवं कर्मचारियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। मेल्ठी गांव से रवाना होकर अब यह बस टिक्कर पंचायत से न होकर सिधे बदशाल पुल पंहुचती है। यह बस मेल्ठी गांव से सुबह साढे 8 बजे चलती है और 11 बजे के करीब बस स्टैंड रोहड़ू में पहुंचती है। ग्राम पंचायत टिक्कर के थाना गांव से प्रेम लत्ता, प्रीति, सुभद्रा, गोपाल, जगदीप, आदि ने बताया है कि एचआरटीसी प्रबंधन से इस विषय में कई मर्तबा मिल चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंनें समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

वहीं अड्डा प्रभारी रोहड़ू मोहन सिंह ठाकुर ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन के बेड़े में बसों की कमी चल रही है। क्षेत्रीय प्रबंधक रोहड़ू प्रिय रंजन चौहान ने बताया है कि बस रूट को अगले सप्ताह तक सुचारु रूप में चालू कर दिया जाएगा।(अनंत ज्ञान)

### डमली में चंदन के 16 पेड़ काटकर ले गए चोर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल की डमली पंचायत के समलेटा यदुनद्ध गांव में कुछ शरारती तत्व चंदन के पेड़ काट कर ले गए। रात के समय चारों ने इस घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले रात के समय चोर 15 से 16 पेड़ काटकर ले गए। अब फिर से चोर रात के समय वहां पर पहुंचे और चंदन के पेड़ों को काटने में लगे हुए थे। रात करीब 11 बजे एक ट्रैक्टर वहां से गुजर रहा था तो चालक को देख कर चोर वहां से भाग गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोर घर के पास ही पेड़ों को काटकर ले जा रहे थे। हालांकि इस मामले को लेकर पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। स्थानीय पांच परिवारों ने अपनी भूमि पर यह पेड़ लगाए थे। पंचायत प्रधान वंदना कुमारी ने बताया कि ऐसी घटनाओं से समाज में बुरा असर पड़ता है। अगर चोर पकड़े जाते हैं तो उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बरमाणा-अलसू पुल पर 16 तक यातायात बंद

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** बरमाणा-अलसू पुल पर सात दिन तक वाहनों की आवाजाही पूर्णतयः बंद रहेगी। पुल बंद होने के कारण यहां पर आने वाले लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। संबंधित कंपनी की ओर से इस पुल को आवश्यक कार्य के चलते बंद रखने को लेकर सूचना जनता को देना जरूरी नहीं समझा, जिसका खामियाजा फोरलेन से होकर अपने गंतव्य तक जाने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बरमाणा-अलसू पुल का मरम्मत कार्य किया जाएगा, जो कि 16 जुलाई तक चलेगा। कंपनी की ओर से इस कार्य के चलते इस पुल पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है, लेकिन मरम्मत कार्य शुरू होने और पुल वाहनों के लिए बंद होने के बारे में कंपनी द्वारा किसी तरह की सूचना नहीं दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### रेलवे विकास निगम के एचआर से की मुलाकात

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी।** स्वारघाट ब्लॉक की ग्राम पंचायत टाली के जकातखाना में क्रप्शन कंट्रोल आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश चौहान ने रेलवे विकास निगम के एच आर अधिकारी संतोष कुमार से मुलाकात की। उनके अच्छे कार्य को देखते हुए उन्हें संगठन की तरफ से सम्मान चिन्ह भेंट किया। आकाश चौहान ने कहा कि हमारा संगठन 27 राज्यों में सक्रिय है। संगठन नशे पर लगाने को लेकर काम कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर शहर में लगेंगे 300 सीसीटीवी कैमरे

## प्लान के तहत पुलिस प्रशासन ने शहर के एग्जिट और एंट्री प्वाइंट किए चिन्हित

**शुभम राही, बिलासपुर**

पुलिस प्रशासन बिलासपुर शहर में 300 सीसीटीवी कैमरे लगाने जा रहा है। शहर को सेफ सिटी बनाने की योजना को लेकर यह निर्णय लिया गया है। इसको लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से शहर के एग्जिट और एंट्री प्वाइंट को चिन्हित किया गया है। यहां जल्द ही ये सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

बिलासपुर शहर की बात करें तो पुलिस ने डियारा सेक्टर, रौड़ा सेक्टर, धौलरा, चंगर सेक्टर, मेन मार्किट, चंपा पार्क, चेतना चैक, सिनेमा कॉलोनी, निहाल सेक्टर, कोसरियां सहित अन्य स्थानों को चिन्हित किया है। खास बात यह रहेगी कि पुलिस प्रशासन इन सीसीटीवी कैमरों को काफी प्लानिंग के साथ लगाने जा रहा है। इसमें शहर के प्रत्येक सेक्टर के एग्जिट और एंट्री प्वाइंट को कवर किया जा रहा है, ताकि उक्त सेक्टर पूरी तरह से कवर हो सके। आपको बता दें कि इस सीसीटीवी कैमरों को लगाने के लिए लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। शहर में हो रही चोरियों और नशे के अधिक मामलों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यह प्लान तैयार किया है।

इस पूरे प्रोजेक्ट की खासियत यह है कि इसमें बेस्ट टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर पुलिस की मैनपावर कम होगी और अत्याधुनिक सीसीटीवी की निगरानी से शहर के चप्पे-चप्पे पर 24 घंटे नजर रखी जाएगी। यह मान लिजिए कि पूरे बिलासपुर शहर में आप किसी भी गली में क्यों न हो, आप पर हमेशा पुलिस की निगरानी होगी। सेफ सिटी प्लान तैयार करने वाले एसपी बिलासपुर विवेक चहल का कहना है कि इसमें क्राइम फ्री, ट्रैफिक फ्री और वूमैन सेफ्टी सिटी पर अधिक ध्यान दिया जाएगा।

बता दें कि बिलासपुर शहर में कुछ ही स्थानों पर मात्र कुछ कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन अगर पुलिस प्रशासन द्वारा तैयार किया गया यह प्लान शुरू हो जाता है तो पूरा शहर न केवल कैमरों की निगरानी में होगा, बल्कि शहर में हो रही चोरियों की संख्यां में भी संभवतः कमी आएगी। (अनंत ज्ञान)

#### प्रदेश में सिर्फ मंडी शहर में है इस तरह की सुविधा



**अभी** तक सिर्फ मंडी शहर ही पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरों के साथ लैस है। 200 से अधिक कैमरे पूरे शहर में लगाए गए हैं। मंडी शहर में शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट को धरातल में उतारने के लिए भी बिलासपुर एसपी विवेक चहल की मुख्य भूमिका रही है। जब यह प्लान तैयार किया गया था तो विवेक चहल मंडी पुलिस प्रशासन में बतौर एएसपी के पद पर कार्यरत थे।

#### सिटी चौकी बिलासपुर में होगा कंट्रोल रूम

**इन** कैमरों का सिटी चौकी में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। इसमें अलग से पुलिस के कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। ये कर्मचारी शहर के प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेंगे और शहर को सेफ सिटी बनाने के लिए अपनी मुख्य भूमिका निभाएंगे।



**बिलासपुर** शहर में 300 के करीब सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा।

**-मदन धीमान, डीएसपी बिलासपुर**

## बिलासपुर अस्पताल में एमएस के आदेशों को नहीं मान रहे डॉक्टर्स

**शुभम राही, बिलासपुर**

#### एमडी के साथ एमबीबीएस अटैच करने के आदेशों को मानने से किया इनकार

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर प्रशासन के इन दिनों दोहरे मापदंड देखने को मिल रहे हैं। बिलासपुर चिकित्सा अधीक्षक द्वारा चिकित्सकों के लिए आदेश जारी किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल में चिकित्सक उनके आदेशों को सिरे नहीं चढ़ा रहे हैं। मामला यह है कि क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में गत दिवस सुरक्षा कर्मी और एक मरीज के बीच हुए विवाद के चलते बंद की गई ओपीडी मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है।

एक ओर इस संबंध में मरीज ने सुरक्षा कर्मी के खिलाफ शिकायत स्वास्थ्य विभाग को दी है, वहीं दूसरी ओर सुरक्षा कर्मी ने भी शिकायत दी है। इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने मामला पुलिस को भेज दिया है। इस तरह का मामला दोबारा न हो, इसके लिए अस्पताल के एमएस ने एमडी के साथ एमबीबीएस को लगाने की व्यवस्था बनाई थी, लेकिन डॉक्टर एवं स्टाफ ने उसके इस प्रस्ताव को स्वीकार करने से ही इनकार कर दिया है। एमडी और एमबीबीएस भी इसके पक्ष में बिलकुल नहीं हैं। तर्क दिया गया है कि अस्पताल में डॉक्टरों की कमी होने के कारण ऐसा हुआ है।

उधर, अस्पताल में चिकित्सक अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने बताया कि ओपीडी में एमडी के साथ एमबीबीएस तैनात करने की योजना तो बनाई थी, लेकिन एमडी व अन्य लोगों ने इस पर सहमति नहीं जताई है और अस्पताल के डाक्टरों की भी कमी है। इसको देखते हुए फिलहाल यह योजना लागू नहीं हो पाई है। (अनंत ज्ञान)

# डेंगू और मलेरिया से बचने के लिए घर के आसपास जमा न होने दें पानी : सीएमओ

## स्वास्थ्य विभाग ने बरसात में होने वाली बीमारियों को लेकर एडवाइजरी की जारी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



मौसम विभाग द्वारा अगले कुछ दिनों में हिमाचल प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होने वाला है। ऐसे में बिलासपुर जिला में भी बारिश होने की संभावना है। जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर ने डेंगू, मलेरिया व स्नेक बाइट जैसे मामले सामने आने पर उपचार से लेकर दवाइयां उपलब्ध करवाने की सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉक्टर प्रवीन चौधरी ने कहा कि बारिश के चलते अकसर सड़कों, नालियों व घरों के आंगन में पानी जमा हो जाता है। इससे मच्छर पैदा होते हैं और डेंगू व मलेरिया का कारण बनते हैं। इसलिए उन्होंने लोगों से अपील की है कि बरसात के दौरान वे अपने आसपास पानी नजमा होने दें और समय-समय पर सफाई व्यवस्था बनाए रखें व कूलर भी खाली करते रहें। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान खेतों व झाड़ियों में सांप देखने को मिलते हैं और खेतों में काम करने वाले किसान कई बार स्नेक बाइट का भी शिकार बन जाते हैं। इसलिए कोई भी व्यक्ति खेतों में काम करने जाए तो लंबे जूते पहनना न भूले क्योंकि सांप अक्सर पैरों पर ही काटते हैं।

उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि अपने आसपास पूरी तरह से साफ-सफाई रखें, ताकि बरसात के मौसम में डेंगू मच्छर का लारवा व मच्छर पैदा न हो सके और ये बीमारी फैला सकें। (अनंत ज्ञान)

#### सांप काट ले तो तुरंत पहुंचें अस्पताल



**सीएमओ** प्रवीन चौधरी ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति डेंगू, मलेरिया सहित स्नेक बाइट का शिकार बन जाता है तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में पहुंचे जहां उसके उपचार के लिए टेस्ट सुविधा से लेकर पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध रहेंगी और मरीज को तुरंत उपचार मिलने से उसकी जान भी बच जाएगी। आपको बता दें कि अभी तक बिलासपुर जिला में दर्जनों स्नेक बाइट के मामले सामने आ चुके हैं। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर ने एक एडवाइजरी भी जारी की है ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके। इसी के साथ स्वास्थ्य विभाग ने बरसात के मौसम में फैलने वाले रोग डेंगू को लेकर भी जागरूक किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग ने रानी कोटला गांव में जागरूक किए ग्रामीण

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग खंड मार्कंडेय ने विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य पर रानी कोटला गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया। स्वास्थ्य शिक्षक विजय कुमारी ने लोगों को बढ़ती हुई जनसंख्या के भावी दुष्परिणाम और छोटे परिवार के महत्व को समझाया।

उन्होंने बताया कि 1987 में विश्व की जनसंख्या 5 अरब हो गई थी। बढ़ती हुई जनसंख्या संबंधी मामलों पर लोगों को जागरूक करने के लिए 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि जनसंख्या के हिसाब से विश्व में भारत दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश हो गया है। बढ़ती जनसंख्या किसी भी देश की उन्नति में बड़ी बाधा है। विश्व में भारत ने सबसे पहले 1952 में परिवार नियोजन का राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया था। फिर भी हमारी जनसंख्या इस गति से बढ़ी है कि हम विश्व के घनी आबादी वाले देशों में शामिल हो चुके हैं।

उन्होंने बताया कि 11 से 24 जुलाई तक सर्विस प्रोविजनिंग फेस शुरू हो गया है। इसके तहत आशा वर्कर और स्वास्थ्य कर्मचारी अपने-अपने उपकेंद्र और कम्युनिटी में परिवार नियोजन के बारे में लोगों को जानकारी देंगे। (अनंत ज्ञान)

### 15 जुलाई से साहसिक गतिविधियों पर प्रतिबंध

**शुभम राही, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में 15 जुलाई से 15 अगस्त तक तमाम साहसिक गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह जानकारी उपनिदेशक पर्यटन एवं नागरिक उद्यान विभाग मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति गैर कानूनी तरीके से साहसिक गतिविधियों का आयोजन करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंदासली**
**विकास खंड छौहारा , जिला शिमला (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सिंदासली, विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हि.प्र. वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतू आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । निविदाएं दिनांक 09.07.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत सिंदासली में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 18.07.2024 को पूर्वाह्य 11: 00 बजे तक ग्राम पंचायत सिंदासली की निर्माण कमेटी निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

**सामग्री का विवरणः-** 1 रेता क्रेशर/खान, रेता, बजरी 10,20,40 एमएम, 4 पत्थर, 5 पक्की ईंट, एमएम बीबीसी, 6 सामग्री ढुलान चड़गांव व रोहडू से ट्रैक्टर, कैंपर, पिकअप, आदि द्वारा, 7 चादरें/ सरिया 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम, 16 एमएम हर प्रकार का, 7 एंगल हर प्रकार के, 8 टाइलें / इंटरलॉक टाइलें हर प्रकार की, 9 लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखट, कुंडे व कब्जे आदि , 10 पेंट व पुटी, 11 कंप्यूटर / लैप टॉप खरीद व मुरम्मत, 12 पीबीसी पाइप /पानी की पाइप आदि, 13 बिजली की फिटिंग सामग्री, फर्नीचर टेबल कुर्सी आदि।

**नियम व शर्ते** - 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए व दरें एक साल तक मान्य होंगी। 2. निविदाएं गलत या त्रुटि होने पर रदद की जाएंगी। 3. निविदादाता के पास जीएसटी नम्बर होना चाहिए साथ में लगाना होगा। जीएटी फार्म पैड पर ही कुटेशन दी जाएंगी। 4 सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पैसीफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. प्रत्येक सामग्री को सूचीबद कर मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। जो सरकार व विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6 अन्य नियम व शर्त दिनांक 18.07.2024 विस्तार पूर्वक बताई जाएंगी। 7. पंचायत के सभी 5 वार्डों का एक ही मूल्य मान्य होगा ।

**हस्ताक्षर**
**प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत सिंदासली**
**विकास खंड छौहारा, तहसील चड़गांव, जिला शिमला हि.प्र. 171208**

## न्यूज ब्रीफ

### पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** अपनी पत्नी को तेल छिड़ककर आग लगाकर जला डालने के आरोपी पति को अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। सहायक जिला न्यायवादी



सुभाष चंद्र ने बताया कि माननीय अतिरिक्त सेशन जज डॉक्टर अबीरा वासू की अदालत ने सरकार बनाम अशोक कुमार प्रकरण में आरोपी अशोक कुमार पुत्र लटूरिया राम गांव अपर गाहर तहसील व पुलिस थाना सरकाघाट को धारा 302 आईपीसी के तहत अपनी पत्नी को तेल छिड़क कर आग लगाकर हत्या करने के जुर्म में उम्र कैद की सजा सुनाई है। सुभाष चंद्र ने बताया कि 12 नवंबर 2018 को मृतका के पिता कृष्ण चंद्र ने पुलिस के पास अपना बयान दर्ज करवाया था कि इसकी बेटी ज्योति शर्मा को उसके पति अशोक कुमार ने तेल छिड़क कर उसे आग लगा दी थी और उसे जली हुई अवस्था में सरकाघाट नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज नेरचौक भेज दिया गया, परंतु उसकी नाजुक हालत को देखते हुए घायल महिला को पहले आईजीएमसी शिमला भेज दिया गया और वहां से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया परंतु चंडीगढ़ ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

### कुल्लू में एक बार फिर मां की ममता हुई शर्मसार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** देवभूमि कुल्लू में मां की ममता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर शीतला माता मंदिर के पास सड़क किनारे खड़ी गाड़ी के नीचे कंबल में लिपटा हुआ नवजात शिशु मिला है। वहीं पुलिस टीम ने नवजात शिशु को अपने कब्जे में लेकर, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही नवजात शिशु को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भर्ती किया है, जहां पर नवजात शिशु चिकित्सकों की निगरानी में है और स्वस्थ है। इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि आखिर कौन रात के समय नवजात को सड़क किनारे गाड़ी के नीचे छोड़ गया है। पुलिस को सूचना मिली कि सड़क किनारे एक नवजात शिशु गाड़ी के नीचे पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने नवजात शिशु को अपने कब्जे में लिया। पुलिस के द्वारा आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है, ताकि इस मामले का पर्दाफाश हो सके। उधर, एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने बताया कि पुलिस की टीम इस मामले की जांच में जुट गई है। इस मामले ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

**शीतला मंदिर के पास खड़ी गाड़ी के नीचे मिला नवजात शिशु**

### हिमाचल में कानून व्यवस्था खराब : बिहारी लाल

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा की हिमाचल प्रदेश में अभी भी कानून व्यवस्था की स्तिथि जबरदस्त रूप से गिरती दिखाई दे रही है। बिलासपुर गोली कांड और बीबीएन गोलीकांड की जांच काफी धीमी गति से चल रही है। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश की महिला खिलाड़ियों के शोषण मामले में प्रदेश फुटबाल संघ के प्रदेश महासचिव पर गाज गिरी है। महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के शोषण के आरोप में हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव पर चार साल का प्रतिबंध लगा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे पूर्व में भी प्रदेश में महिला उत्पीड़न के अनेकों मामले जनता के सामने आए है। प्रदेश की जनता अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। साथ ही हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के उपमंडल झंडूता के सलासी गांव में एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर जान दे दी। उन्होंने कहा प्रदेश में हद तो तब हो गई जब हिमाचल में माफिया और गैंगस्टर हावी हो गए। गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के ग्रुप से जिला ऊना की बनगढ़ जेल में अधिकारी को कथित धमकी मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। (अनंत ज्ञान)

### श्रीखंड यात्रा में व्यक्ति की हृदय गति रुकने से मौत

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** उत्तर भारत की कठिनतम धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड कैलाश महादेव के रास्ते में एक व्यक्ति की मौत की सूचना है। इस वर्ष आधिकारिक तौर पर यात्रा शुरू होने से पहले ही यह श्रीखंड के रास्ते में चौथी मौत है। मृतक की पहचान टशी दावा जो शिमला के संजौली के समीप ढिंगूधार में रवि काली राम भवन निवासी के रूप में हुई है। घटना की पुष्टि करते हुए एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यक्ति की मौत श्रीखंड के रास्ते मे थाटीबीट नामक स्थान पर हृदय गति रुकने के कारण हुई बताई जा रही है।मौत की सूचना मिलते ही शव को बेसकैम्प सिंहगाड होकर निरमंड अस्पताल लाया जा रहा है। आपको बता दें कि श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट द्वारा आधिकारिक तौर पर 14 जुलाई से यात्रा शुरू होनी है, जबकि उससे पहले यात्रा पर चोरी छिपे जाने वालों पर प्रतिबंध लगाया गया है। बावजूद इसके भी सैकड़ो लोग अब तक श्रीखंड महादेव के दर्शन कर लौट भी चुके हैं। वहीं यह पता भी लगाया जा रहा है कि मृतक टशी दावा चोरी छिपे यात्रा पर निकला था या फिर पोर्टर का काम करता था। (अनंत ज्ञान)

### ज्यादा देर तक साच पास पर न रुकें पर्यटक

**अनंत ज्ञान, तीसा।** सुबह और शाम के समय साच पास में ठहरना सैलानियों के लिए मुसीबत बन सकता है। सात पास बर्फ के पहाड़ों से घिरा है यहां मौसम किसी भी समय करवट ले सकता है, इसलिए प्रशासन ने सैलानियों को दोपहर के समय ही साच पास में रुकने की सलाह दी है। मैदानी इलाकों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। इसके चलते सैलानी गर्मी से राहत पाने के लिए पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। सैलानियों की बढ़ रही संख्या को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क हो गया है किसी प्रकार का कोई हादसा न हो इसके लिए प्रशासन ने सैलानियों को सुबह और शाम के समय साच पास में नहीं रुकने का परामर्श दिया है। एसडीएम चुराह शशि पाल शर्मा ने बताया कि साच पास एक ऐसा जोत है यहां कब बर्फ बारी शुरू हो जाए इसका किसी को भी अनुमान नहीं है। मौसम के बदलने से सैलानी वाहन फंस भी सकते हैं,इसलिए उन्होंने अनुरोध किया है कि पुलिस के दिशा निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें।

### लघु जल विद्युत पॉलिसी को लेकर चर्चा

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** केंद्र सरकार देश में बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय लघु जल विद्युत पॉलिसी लेकर आने वाली है। पॉलिसी के फ्रेम वर्क को लेकर नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शिमला में 10 राज्यों के हितधारकों के लगभग लोगों ने साथ चर्चा की गई और सुझाव लिए गए। सभी राज्यों के उत्पादकों से चर्चा के बाद पॉलिसी को अंतिम रूप दिया। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के सचिव भूपेंद्र एस भल्ला ने बताया कि केंद्र सरकार लघु जल विद्युत राष्ट्रीय पॉलिसी बनाने जा रही है, जिसको लेकर उत्पादकों और राज्य सरकारों के सुझाव लिए गए हैं। लघु जल विद्युत प्रोजेक्ट के लिए उत्पादकों की सब्सिडी को लेकर नई पॉलिसी बनाई जा रही है। हिमाचल में प्रॉजेक्ट में रॉयल्टी ज्यादा हैं उसको लेकर भी उत्पादकों का कहना है कि इससे प्रोजेक्ट की व्यावहारिकता पर असर पड़ता है। इस अवसर पर लघु जल विद्युत उत्पादक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लघु जल विद्युत पॉलिसी को लेकर मंत्रालय के साथ हितधारकों ने अपनी समस्याएं बताई है और प्रॉजेक्ट की क्लीयरेंस की सबसे बड़ी समस्या है। 2014 से लेकर प्रॉजेक्ट की क्लीयरेंस नही हों रही है। इसके अलावा राज्य सरकार के साथ रॉयल्टी भी ज्यादा हैं जिसको लेकर चर्चा हुई है। साथ ही 2018 से लघु जल विद्युत प्रॉजेक्ट लगाने के लिए सब्सिडी बंद है जिसे बहाल करने की बात कही गई है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपाइयों के भितरघात पर टिका हार–जीत के वोटों का गणित

**तीनों विधानसभा उपचुनाव के परिणाम आज**

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर सीट पर हुए विधानसभा उपचुनाव का गणित भाजपा के भितरघात के आंकड़े पर टिकता हुआ नजर आ रहा है। इसी को लेकर मतदान के बाद गुणा-भाग लगाने में नेता और उनके समर्थक दिनभर व्यस्त रहे। कहां से किसे कितनी लीड मिलेगी, कौन कितनी लीड खाएगा, भाजपा का आक्रोशित और नाराज तबका कांग्रेस की कितनी मदद कर पाया होगा? चर्चा इसी पर टिकी हुई है।

मुख्य चीज इन चुनावों की यही है कि कांग्रेस की तकदीर रूठे भाजपा के कुनबे पर ही टिकी हुई है। दरअसल में परंपरागत रूप से भाजपा के कब्जे वाली यह सीट भितरघात के आंकड़े पर ही कांग्रेस को ज्यादा सुकून दे सकती है। ऐसा पहले भी होता आया है और इस बार तो परिस्थितियां ही ऐसी थीं, कि भाजपा के अंदर तो होना ही था, लेकिन उसका आंकड़ा किस करवट बैठता है, इस पर दोनों ही प्रत्याशियों की नजरें खास रूप से टिकी हुई थीं। यह आंकड़ा जितना बड़ा होगा, कितना भाजपा को नुकसान होगा और कांग्रेस को फायदा, लेकिन इसका आंकलन इतना आसान नहीं है कि आसानी से लगाया जा सके। (अनंत ज्ञान)




### मतदान कम होने से कांग्रेस सकते में

हमीरपुर शहर में इस बार माहौल पिछले चुनावों जैसा नहीं था। इसीलिए कांग्रेस यहां राहत की आहें भर रही थी, लेकिन इस शहर के 11 वार्डों में पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले वोटिंग का प्रतिशत कम रहा है और इसका किस होगा इस पर भी कांग्रेस सकते में जरूर है। कौन सा वोटर वोट डालने नहीं निकला, इसकी समीक्षा भी पार्टियों के लोग कर रहे हैं। क्या बीजेपी में नाराज और आक्रोशित वर्ग ने वोट डालने में कंजूसी की, या फिर मतदान केंद्र पर जाने से किनारा किया।

### ‘आगे खाई पीछे कुआं’ जैसे हालात

दोनों प्रत्याशियों के लिए चुनाव के नतीजे ‘आगे खाई पीछे कुआं’ जैसे हालात पैदा किए हुए हैं। इस बार जो भी प्रत्याशी हारा, अगले विधानसभा चुनावों के लिए उसके लिए पार्टियों के भीतर समस्या खड़ी हो जाएगी।

### महिला वोटर किसके हक में

महिला वोटरों की तादाद मतदान केंद्र पर इस बार पहले के मुकाबले में ज्यादा पहुंची है। इसलिए वह किस पार्टी के प्रत्याशी के लिए बेहतर साबित होगी, यह भी जरूरी है। पिछली बार आशीष शर्मा ने इसका फायदा उठाया था।

### बद्दी–नालागढ़ से पहुंचे वोटर

बद्दी नालागढ़ के इस क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले वोटर मतदान के दिन हमीरपुर पहुंचे हुए थे। उनसे आशीष शर्मा ने बैठक भी की था। अब इसका फायदा किसने उठाया होगा, इस पर भी नजरें रहेंगी।

### संगठनात्मक ढांचे में होगा बदलाव

संगठनात्मक ढांचे में निश्चित रूप में इस चुनाव के नतीजे के बाद बदलाव होगा। कितना होगा यह कहना तो अभी कठिन है, लेकिन बदलाव होगा, यहां निश्चित है। क्योंकि संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण लोगों की कारगुजारी की ‘पोल’ इस चुनाव में भी खूब खुली है। भाजपा में इसका नजारा बड़े सर पर देखा गया है। जबकि कांग्रेस के भीतर भी नेताओं की कारगुजारी सवाल खड़े करने वाली रही है। कांग्रेस में तो कई ओहदेदारों और सत्ता में ‘शुमार’ लोगों के ‘पर’ कतरे जा सकते हैं। क्योंकि उनकी कारगुजारी मुकम्मल तौर पर दर्जे के मुताबिक नहीं रही है।

# मुफ्त बिजली की सब्सिडी बंद कर कांग्रेस ने दिया धोखा : जयराम

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल सरकार द्वारा मुफ्त बिजली योजना की सब्सिडी बंद करने की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसी तरह की तानाशाही के लिए जानी जाती है। प्रदेश के लोगों को मुफ्त मिल रही बिजली को सुक्खू सरकार ने छीन लिया। प्रदेशवासियों के साथ की गई यह तानाशाही दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

चुनाव में जो पार्टी सरकार बनने पर 300 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा करके सत्ता में आई हो वह सरकार में आने पर पहले से मिल रही 125 यूनिट की सब्सिडी को भी छीन ले, यह प्रदेश के लोगों के सिर्फ एक ठगी है।

उपचुनाव के ठीक एक दिन बाद द्वारा यह फैसला लेना सरकार की शातिराना नीयत को दिखाता है। प्रदेश सरकार इसी तरह से फिर काम करेगी। उन्होंने कहा कि मैंने कांग्रेस द्वारा जारी की गई गारंटी पर कहा था कि कांग्रेस सरकार इन्हें

**कहा- झूठ बोलकर सत्ता में आना और झूठ बोलकर सत्ता चलाना ही कांग्रेस की फितरत**



दस जन्म में भी यह पूरी नहीं कर पाएगी। वहीं पहले दिन से ही हो रहा है। झूठ बोलकर सत्ता में आना और झूठ बोलकर सत्ता चलाना ही कांग्रेस की फितरत है और वह वहीं कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मैंने प्रदेश के लोगों को दो हफ्ते पहले ही आगाह कर दिया था कि सरकार फ्री बिजली की सब्सिडी बंद करने जा रही है। बस उप-चुनाव खत्म होने का इंतजार है। आगे चलकर यह सरकार ओपीएस पर भी ऐसा ही करने वाली है।

सुक्खू सरकार ओपीएस के मूल ढांचे में बदलाव करके पेंशन के रूप में अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने वाली है। इसके बारे में भी मैंने पहले ही आगाह किया है। सरकार की इस तानाशाह की कीमत उन्हें चुकानी पड़ेगी। भाजपा इस तानाशाही के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी और कांग्रेस के मनवाने और झूठ बोलने के रवैये के खिलाफ जनान्दोलन करेगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पहले दिन से ही सरकार की योजना विकास करने की नहीं थी। सिर्फ झूठ बोलकर प्रदेश के लोगों से ठगी करके उन्हें सत्ता हथियानी थी। जिस तरह से चुनाव में उन्होंने बढ़-चढ़कर प्रदेश के लोगों को 10 गारंटिया दी थी उसी दिन हमने कहा कांग्रेस इसे 10 जन्मों में भी पूरा करने वाली नहीं है।

अब एक-एक कर सब कुछ सामने आ रहा है। एक लाख युवाओं को हर साल रोजगार देने की गारंटी थी और सत्ता में आते ही 10 हजार से ज्यादा आउटसोर्स कर्मी को बाहर कर दिया। स्टार्टअप योजना के तहत युवाओं को रोजगार देने की गारंटी दी थी, लेकिन पहले से चल रही स्वावलंबन योजना को बंद कर दिया। प्रदेश के विकास का वादा था, लेकिन डेढ़ साल में धेले भर का काम सुक्खू सरकार ने नहीं किया। नई संस्थान खोलने के बजाय पहले से चल रहे लगभग डेढ़ हजार संस्थानों को बंद कर दिया। हिमाचल में सुक्खू सरकार का मतलब झूठ की सरकार, फरेब की सरकार, ठगी की सरकार। प्रदेश में अब ऐसी सरकार की जरूरत नहीं रह गई है।

# हिमाचल से जुड़े सीमा पर पकड़े गए 108 किलो सोने के तार!

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

लद्दाख में भारत-तिब्बत सीमा के पास मंगलवार को पकड़े गए 108 किलो सोने के मामले के तार हिमाचल प्रदेश से भी जुड़ते नजर आ रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांगड़ा जिला के गोपालपुर से दो तिब्बती मूल के लोगों को भी गिरफ्तार करने की जानकारी सामने आई है, हालांकि राज्य पुलिस की ओर से इस मामले मे अनभिज्ञता जताई जा रहीं है।

देश की प्रमुख केंद्रीय जांच एजेंसियों के जांच से जुड़े होने के कारण प्रदेश पुलिस भी कोई टिप्पणी नहीं कर रहीं।

सूत्रों की माने तो ये कारवाई आईटीबीपी द्वारा गत दिनों भारत-तिब्बत लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल यानी, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पकड़े गए 108 किलो सोने के मामले से जुड़ी हो सकती है।

बताते चलें कि आईटीबीपी ने ईस्टर्न लद्दाख में भारत-तिब्बत सीमा के पास दो संदिग्धों को पकड़ा था। इनके पास से रिकॉर्ड 108 किलो से अधिक सोने के बिस्कुट बरामद किए गए थे। दोनों संदिग्ध सोने की इतनी बड़ी खेप लेकर चीन से भारत में घुसे थे। इस मामले में कस्टम के साथ-साथ आईबी, लद्दाख पुलिस और अन्य सिक्योरिटी एजेंसियां आरोपियों से पूछताछ कर रही हैं। ये रिकॉर्ड जब्ती मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे की गई।

इस समय भारत-चीन सीमा से करीब एक किलोमीटर दूर नार्बुला टॉप के पास सिरिगापले से सोने की यह जब्ती की गई। उस समय यहां आईटीबीपी की लंबी दूरी का गश्ती दल पेट्रोलिंग कर रहा था। यह गश्त चिश्मूले, नार्बुला टॉप, जक्ले और जक्ला क्षेत्र में की जा रही थी। घुसपैठ और तस्करी को रोकने को लेकर ये पेट्रोलिंग की जा रहीं थीं जिसमें बड़ी सफलता आईटीबीपी के हाथ लगी।

बताते चलें कि गर्मी के इस मौसम में सीमा पार से इस तरह की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। लिहाजा इस बात को ध्यान में रखते हुए आईटीबीपी की एलआरपी चल रही थी। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो टीम को सिरिगापले, लद्दाख के पास तस्करी से संबंधित कुछ इनपुट भी मिले थे। (अनंत ज्ञान)

# बाथू में शुरू हुआ पीएनजी मदर स्टेशन हर दिन 70 हजार यूनिट आपूर्ति होगी

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का जिला ऊना हरोली क्षेत्र के बाथू स्थित प्रदेश का पहला सीजीएस कम मदर स्टेशन का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। इसके शुभारंभ अवसर पर कंपनी के मार्केटिंग निदेशक सुखमल कुमार जैन बतौर मुख्यतिथि पहुंचे जबकि विशेष अतिथि के रूप में बिजनेस हेड अक्षय वाधवा, प्रोजेक्टस एंड मार्केटिंग (गैस) के चीफ जनरल मैनेजर रौफ एम खान व उत्तर क्षेत्र मुख्य अनूप तनेजा मौजूद रहे।

बाथू में शुरू हुए इस मदर स्टेशन से रोजाना 70 हजार यूनिट पाइप्ड नेचुरल (पीएनजी) गैस की जिला ऊना सहित प्रदेश भर के लिए आपूर्ति होगी। साथ ही आने वाले समय में इस क्षेत्र से जुड़े गांवों के साथ साथ औद्योगिक क्षेत्र बाथू बाथड़ी, टाहलीवाल तथा बल्क ड्रग पार्क के लिए भी पीएनजी की सप्लाई यहीं से सुनिश्चित की जाएगी। इससे पूर्व उन्होंने मदर स्टेशन का रिबन काट और नारियल



मदर स्टेशन का शुभारंभ करते मुख्य मेहमान।

फोड़ कर विधिवत शुभारंभ किया।

सभी प्रमुख अधिकारियों ने यहां पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा रोपण किया। स्टेशन संचालन और सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। सभी पदाधिकारियों का स्वागत भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के हिमाचल के प्रादेशिक प्रबंधक अनुपम श्रीवास्तव ने पुष्प गुच्छ देकर किया। बिजनेस हेड अक्षय वाधवा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर सरकार का दृष्टिकोण है, गैस का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा हो। भूगौलिक परिस्थितियों के अनुसार ऊना में सीजीएस एवं मदर स्टेशन बिलासपुर और हमीरपुर के लिए मिला है। यह हिमाचल प्रदेश का पहला सीजीएस स्टेशन लोकार्पित किया गया है। इससे प्रदेश भर में गैस की उपलब्धता होगी। साथ ही हरित राज्य के रूप में हिमाचल को बढ़ावा मिलेगा। भारत पेट्रोलियम के यहां सीएजी के साथ 27 सीएनजी स्टेशन हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# 300 यूनिट तो क्या देनी 125 यूनिट भी कर दी बंद : जम्वाल

**अनिल शर्मा, मंडी।** प्रदेश की सुखविंद सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही सरकार द्वारा आज कैबिनेट में लिया निर्णय 125 यूनिट बिजली उपदान बंद करना स्वार्थ से प्रेरित निर्णय है। प्रदेश में तीन उपचुनाव और अपनी पत्नी के चुनाव को हुए 2 दिन भी नहीं बीते और मुख्यमंत्री ने जनता पर महंगाई का चाबुक चलाना शुरु कर दिया है।

सुंदर नगर से विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जनविरोधी और स्वार्थी सरकार चल रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू अपने चेहतों को फायदा देने के लिए जनता के हितों पर कुठाराघात कर रहे है, अपनी सरकार को बचाए रखने के लिए हर एक चहेते को कैबिनेट रैंक से नवाज रहें है। जम्वाल ने कहा कि इस सरकार ने आते ही 1000 से ज्यादा जन सरोकार वाले संस्थान एक झटके में बंद कर दिए।

अब धीरे धीरे जनता से पूर्व जयराम सरकार द्वारा दी सुविधाओं को छीन रहे है। 300 यूनिट फ्री देने का वायदा कर सरकार बनाने वाली पार्टी आज पिछली सरकार से मिल रही सुविधाओं को भी लोगों से छीन रही है। (अनंत ज्ञान)

# बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने भाई की शादी में की शिरकत



भाई की शादी में कंगना रनौत सामूहिक चित्र में।

**अनिल शर्मा, मंडी**

मंडी सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने चचेरे भाई वरुण रनौत और सीमा रनौत की शादी में शिरक्त की और मेहमानों से बातचीत की। इस दौरान कंगना रनौत ने लहंगा पहना हुआ था और अपनी गोद में भांजे अश्वथमा को पकड़ा हुआ था।

परिजनों में शादी का क्रेज होने के साथ कंगना रनौत के साथ फोटो खिंचवाने का काफी क्रेज दिखा। शादी में कंगना रनौत की माता, भाई भाभी, बहन रंगोली और अन्य परिजन भी साथ रहे। इस दौरान फोटो सेशन भी खूब हुआ। कंगना ने सोशल मीडिया के अपने अकाउंट पर शादी की दर्जनों तस्वीरें साझा की और अपने स्थानीय कल्चर को भी दर्शाया।

कंगना ने शादी में भाई द्वारा साधु भेष को सोशल मीडिया पर थीम आधारित व्याख्यान को खूब प्रचारित किया। गौर हो कि शादी को लेकर कंगना की ओर से कोई प्रतिक्रिया अभी तक नहीं आई है, लेकिन सोशल मीडिया पर इसको लेकर उन्होंने वीडियो क्लिप और फोटो शेयर किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

**कामयाबी** एडीसी निधि पटेल का ड्रीम प्रोजेक्ट हुआ सक्सेस, 15 को गुजरात के लिए रवाना करेंगे राजेश धर्माणी

# घुमारवीं के विद्यार्थी इसरो से सीखेंगे अंतरिक्ष विज्ञान

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर एडीसी डॉ. निधि पटेल का सपना साकार होने जा रहा है। एक बड़े सपने के साथ बिलासपुर जिला के घुमारवीं में खोली प्रदेश की पहली स्पेस लैब के विद्यार्थी अब इसरो अहमदाबाद के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र और गुजरात साइंस सिटी में अंतरिक्ष विज्ञान केंद्र का दौरा करने के लिए जा रहे हैं।

ऐसा पहली बार हो रहा है कि हिमाचल प्रदेश के एक सरकारी स्कूल के विद्यार्थी देश की नामी इसरो केंद्र में जाकर अधिक जानकारियां प्राप्त करेंगे।

15 जुलाई को तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी घुमारवीं के लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस से बिलासपुर जिला के अलग-अलग स्कूलों के छात्रों के समूह को हरी झंडी दिखाकर गुजरात के लिए रवाना करेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि गत वर्ष




उपमंडल घुमारवीं के सरकारी स्कूल में स्पेस लैब का उद्घाटन किया गया था, जिसमें इसरो द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के मॉडल स्थापित किए गए थे।

इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए जिला के 10 सरकारी स्कूलों के विज्ञान के मेधावी छात्रों को अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र और गुजरात साइंस सिटी में भ्रमण करने का मौका दिया जा रहा है। स्पेस लैब में जिन मॉडलों को बच्चों ने देखा है और उसके बारे में पढ़ा है, गुजरात अनुप्रयोग केंद्र में बच्चे उसे अपने सामने कार्य करते हुए देख पाएंगे।

उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र एक सुरक्षित क्षेत्र है जहां जाने के लिए विशेष अनुमति की जरूरत पड़ती है। घुमारवीं में स्पेस लैब बनाने वाली कंपनी व्योमिका स्पेस लैब के अधिकारियों के प्रयास से अनुप्रयोग केंद्र और गुजरात साइंस सिटी भ्रमण करने का मौका मिल रहा है। अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र एसएसी संचार, प्रसारण, सुदूर संवेदन और आपदा निगरानी शमन के क्षेत्रों में संचार, नेविगेशन, पृथ्वी अवलोकन और ग्रहीय पेलोड और संबंधित डाटा प्रसंस्करण और ग्राउंड प्रणालियों के विकास, निर्माण और योग्यता के लिए जानी जाती है।

आपको बता दें कि अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के अलावा स्कूली बच्चों को गुजरात साइंस सिटी के अंतर्गत देश के सबसे बड़े स्पेस म्यूजियम भी दिखाया जाएगा और अत्याधुनिक आईमैक्स थिएटर, ऊर्जा पार्क, जीवन विज्ञान पार्क, संगीतमय फव्वारे और एक एम्फीथिएटर प्लैनेट अर्थ पैवेलियन, हॉल ऑफ स्पेस, लाइफ साइंस पार्क भी दिखाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहती हैं एडीसी निधि पटेल



**बिलासपुर** की एडीसी डॉ. निधि पटेल ने कहा कि जिले के 10 विद्यार्थियों का समूह 15 जुलाई को अहमदाबाद इसरो केंद्र व गुजरात साइंस सिटी के लिए जा रहा है। जिला व प्रदेश के लिए यह सौभाग्य की बात है कि बिलासपुर जिला के विद्यार्थियों को यहां पर जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा इन विद्यार्थियों को 15 जुलाई को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

# श्री रेणुकाजी ‘लॉयन सफारी’ में शीघ्र सुनाई देगी टाइगर की दहाड़

**एसपी जैरथ, नाहन**

यदि हिमाचल प्रदेश वन्य प्राणी विंग की जुगत काम आई तो शीघ्र ही प्रदेश की एकमात्र लॉइन सफारी श्री रेणुकाजी में टाइगर की दहाड़ सुनाई देगी। बताते हैं कि वन्य प्राणी बिग द्वारा मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से बाघों का जोड़ा श्री रेणुका जी लाया जा रहा है, ताकि लाइन सफारी को पर्यटकों के लिए और अधिक विकसित किया जाए। और पर्यटकों के लिए यह लाइन सफारी एक रोमांचक भरी यात्रा रहे।

बता दें कि करीब दो दशक पूर्व इस चिड़ियाघर में शेरों की दहाड़ सुनाई देती थी , लेकिन काफी अरसा पूर्व शेर के अंतिम जोड़े ने भी दम तोड़ दिया जिसके चलते लंबे समय से श्री रेणुकाजी लाइन सफारी शेरों और बाघों के बिना वीरान पड़ी है। इसका सबसे अधिक असर जिला सिरमौर के पर्यटन पर भी पड़ा

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से लाया जाएगा बाघों का जोड़ा**



है, क्योंकि अधिकतर पर्यटक श्री रेणुकाजी में लाइन सफारी देखने आते थे, लेकिन उन्हें शेरों के बाड़े खाली नजर आने लगे, जिसके चलते श्री रेणुका जी में पर्यटकों का रुझान कम हो गया। बताते हैं कि बने प्राणी विंग ने बाघों की जोड़ी को महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से लाने की योजना बनाई है और दोनों ही राज्यों से संबंधित अधिकारियों से जो अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ-साथ वन्य प्राणी बैंक की भी बातचीत चल रही है सूत्रों का कहना है कि इस वर्ष के अंत तक रेणुका जी लाइन सफारी टाइगर से गुलजार हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### जल्द बिजली बिल जमा नहीं किया तो कटेगा कनेक्शन



**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल एक के सहायक अभियंता रमन भरमौरिया ने यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए कहा कि लंबे समय से विद्युत बिलों का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिए जाएंगे इस के लिए अलग से नोटिस नहीं भेजे जा रहे हैं। उन्होंने ऐसे उपभोक्ताओं से विद्युत बिल के शीघ्र भुगतान का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि विद्युत मीटर का कनेक्शन कटने पर दोबारा जोड़ने के लिए 150 से लेकर 1500 रुपए वसूल किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ने मनाई 16वीं वर्षगांठ



**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वर विश्वविद्यालय की शाखा को खुले 16 वर्ष हो गए। सेवा केंद्र प्रभारी सपना ने यह बताया और 16वीं वर्षगांठ को सभी भाई-बहनों एवं थुरल प्रभारी अनु के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने कहा कि यहां 16 वर्ष पहले जुलाई मास में एक सेवा केंद्र खोला गया, जिसकी शुरुआत एक छोटे से कमरे से हुई थी। यहां पर अनेक मानव आत्माओं ने ज्ञान प्राप्त किया है। साल भर में अनेक अभियान निकल जाते हैं, जिससे समाज के अनेक वर्ग के लोगों को लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने ईश्वर विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर भी ध्यान खिंचवाया। अंत में सभी को प्रसाद खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। (अनंत ज्ञान)

### द हंस फाउंडेशन ने आंगनबाड़ी केंद्र हल्दरा में की बैठक



**राकेश डोगरा, डरोह।** द हंस फाउंडेशन मोबइल यूनिट-तीन भवारना के द्वारा ग्राम पंचायत सांबा के गांव हल्दरा के आंगनबाड़ी केंद्र में पंचायती राज संस्था के तहत बैठक की गई। इस दौरान द हंस फाउंडेशन की ओर से एसपीओ बनिता चौहान एमएमयू यूनिट 3 भवारना ने हल्दरा गांव की आंगनबाड़ी में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से हंस फाउंडेशन संस्था द्वारा हर महीने दो बार दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने संस्था द्वारा दी जा रही निशुल्क सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए लोगों से परिचर्चा की। इस बीच दूसरी साइट के कैंप के लिए नए स्थान के बारे भी चर्चा की। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रधान सांबा जिंदो देवी, उपप्रधान संजय गुलेरिया,कौना की वार्ड सदस्य नीतू व मोनू देवी भी मौजूद रहे। हल्दरा आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से आंगनबाड़ी वर्कर रेनू रानी, रजनी व हेल्पर सिमरो दवी भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधान व उपप्रधान ने द हंस फाउंडेशन संस्था की एसपीओ बनिता चौहान का सांबा पंचायत में स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए आभार जताया। (अनंत ज्ञान)

# नगर निकायों को प्लास्टिक अपशिष्ट के निस्तारण पर मिलेंगे क्रेडिट प्वाइंट : जोशी

## राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव बोले, सभी नगर निकाय ईपीआर पोर्टल पर पंजीकरण करवाना करें सुनिश्चित

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



शहरी निकायों के अधिकारियों की कार्यशाला को संबोधित करते अनिल जोशी

राज्य के सभी शहरी निकायों में बेहतर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) पोर्टल तैयार किया गया है तथा इसमें सभी नगर निकायों सहित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रोसेसर (पीडब्ल्यूपी), प्रोड्यूसर, इंपोटर, ब्रांड ओनर (पीआईबीओ), को पंजीकरण करवाना होगा इससे नगर निकायों को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के निस्तारण के लिए क्रेडिट प्वाइंट भी मिलेंगे। यह जानकारी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव अनिल जोशी ने शुक्रवार को डीआरडीए के सभागार में शहरी निकायों के अधिकारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए दी। कार्यशाला में नगर निगम आयुक्त जफर इकबाल, एडीसी सौरभ जस्सल, भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

सदस्य सचिव अनिल जोशी ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्धारित ईपीआर दिशानिर्देशों के अनुसार यूएलबी और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रोसेसर की विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी और कर्तव्यों की अवधारणा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माननीय हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने 2018 के सीपीडब्ल्यू संख्या 2369 के मामले में विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) के प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता पर ध्यान दिया है और इसकी प्रगति की सख्ती से निगरानी कर रहा है। ईपीआर दिशानिर्देश के कार्यान्वयन के तहत आने वाले अन्य मुद्दों पर प्रकाश डाला गया।

जफर इकवाल, आईएएस, नगर आयुक्त, एमसी धर्मशाला ने यूएलबी में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और कहा कि प्लास्टिक को केवल पंजीकृत पीडब्ल्यूपी तक ही पहुंचाया जाएगा और अन्य यूएलबी से भी ऐसा करने का अनुरोध किया। अतिरिक्त उपायुक्त, कांगड़ा सौरभ जस्सल ने ब्लॉक विकास अधिकारियों (बीडीओ) को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों में उचित संचालन स्थापित करने और बनाए रखने का निर्देश दिया।

इसके बाद, वेस्ट वॉरियर्स गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधियों ने कचरा संग्रहण, कचरा प्रबंधन को लेकर अपने अनुभव साझा किए और प्लास्टिक ईपीआर मॉडल में ग्रामीण क्षेत्र के एकीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

क्षेत्रीय अधिकारी, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वरुण गुप्ता ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कार्यशाला के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला कांगड़ा, हमीरपुर और चंबा के शहरी स्थानीय निकायों के सचिव, कांगड़ा के खंड विकास अधिकारी और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करणकर्ता उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### पहाड़ी गांधी बाबा काशी राम की जयंती मनाई

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विकास खंड रैत की ग्राम पंचायत नेरटी में राज मंदिर के प्रांगण में महान स्वतंत्रता सेनानी पहाड़ी गांधी बाबा काशी राम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विजयशील शिक्षा संस्कृति एवं पर्यावरण संस्थान, कांगड़ा लोक साहित्य परिषद और जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में एसडीएम शाहपुर करतार चंद पहुंचे। उन्होंने लोक कलाकारों से आग्रह किया कि वे अपनी प्राचीन लोक संस्कृति को संजोकर रखें, हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। प्रदेश की समृद्ध संस्कृति देश में ही नहीं, विदेश में भी धूम मचा रही है। लोक कलाकारों को मंच मिलना चाहिए, क्योंकि यही उनका व्यवसाय है। इस समारोह के अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी अमित गुलेरी ने की। इस अवसर पर त्रिगर्त वसुंधरा रंगमंच धर्मशाला के कलाकारों ने पहाड़ी गांधी बाबा काशीराम पर नाटक प्रस्तुत करके दर्शकों को भाव विभोर किया।

# किसी भी आपदा से निपटने के लिए सचेत एवं तैयार रहें सभी विभाग : संजय चौहान

## ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन ने केदारा में सुनीं लोगों की समस्याएं

**राकेश डोगरा, डरोह**



शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने डरोह से तीन किलोमीटर दूर केदारा में एक आम जलास में जनता की समस्याएं सुनीं। इसमें पेयजल, सिंचाई जल, विद्युत की समस्याएं व सड़क की समस्याएं प्रमुख थीं। जो भी संभव हो पाया समस्याओं को तुरंत संबंधित विभागों के अधिकारियों से निपटा दिया गया और जो काफी देर से लंबित उन्हें तुरंत सुलझाने के निर्देश भी दे दिए गए।

संजय चौहान ने बरसात के मौसम में सभी विभागों के कर्मियों से आग्रह किया कि वे आपदा से निपटने के लिए सचेत एवं तैयार रहें, ताकि कोई भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। उन्होंने कहा कि उन्हें अनुभव है कि बरसात का समय कर्मियों के लिए भी कठिन होता है, लेकिन अपने अनुभव और कार्य कुशलता से वे मुश्किल समय को प्रबंधन के द्वारा आसान कर देते हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में गग्गल में हुई दुर्घटना में मृतक युवक के परिजनों से दुख साझा करते उनके घर गए। उन्होंने घटना की पूर्ण जानकारी प्राप्त की तथा असंतुष्ट परिवार के अनुरोध पर पुलिस अधीक्षक से इस घटना की दोबारा संपूर्ण व निष्पक्ष जांच करने की मांग की। उन्होंने आगे कहा कि उनकी मृतक के परिजनों के साथ पूरी सहानुभूति है और जो भी सत्य होगा, वह सामने लाकर मृतक और परिजनों को न्याय दिलवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# समेला में स्लीपरों से लदे ट्रक ने तोड़ी रेलवे विभाग की हाइट गेज रेलिंग

## सड़क के दोनों ओर लगा रहा लंबा जाम, फोरलेन कंपनी ने रोड से हटाई रेलिंग

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



ट्रक के कारण टूटी हुई रेलवे विभाग की हाइट गेज रेलिंग।

समेला में रेलवे विभाग द्वारा लगाए लोहे की हाइट गेज रेलिंग को लकडी के स्लीपरों से लदे एक ट्रक ने तोड़ दिया है। जानकारी के अनुसार लकड़ी के स्लीपर अधिक ऊंचाई तक ट्रक में भरे पड़े थे, जिस कारण यह हादसा पेश आया। यह ट्रक कांगड़ा की ओर आ रहा था।

समेला क्रॉस करते ही ड्राइवर को हाइट का अंदाजा न लगने से ट्रक के ऊपर लोड हुए स्लीपर अलर्ट हाइट गेज रेलिंग से टकरा गया और अलर्ट हाइट गैज रेलिंग टूट गया। ट्रक वहीं पर फंस गया और सड़क के दोनों ओर लंबा जाम गया। इससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पोकलेन की सहायता से हाइट गेज रेलिंग को सड़क के एक और किया और जाम खुलवाया। जानकारी देते हुए ट्रैफिक इंचार्ज भगत राम ने बताया कि (एचपी12 के- 8096) जो कि लकड़ियों के स्लीपरों से भरा था। ट्रक ड्राइवर हाइट को न माप सका और हाइट गेज रेलिंग से टकरा गया और हाइट गेज रेलिंग टूट गई।

मौके पर पहुंचकर फोरलेन निर्माण कंपनी की पोकलेन मशीन द्वारा टूटे हुई हाइट गेज रेलिंग को एक तरफ किया गया और जाम खुलवाया गया। (अनंत ज्ञान)

# सब जेल पठानकोट में कैदियों का जांचा स्वास्थ्य, दवाइयां दीं



मेडिकल कैंप के दौरान जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी के चेयरमैन एवं अन्य।

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

### जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी ने लगाया फ्री मेडिकल कैंप

जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी पठानकोट की तरफ से अथॉरिटी के चेयरमैन कम डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज जितेंद्र पाल सिंह खुरमी की अध्यक्षता में सब जेल पठानकोट में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर सिविल अस्पताल पठानकोट के माहीर डॉक्टर द्वारा कैदियों का चेकअप कर उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गईं। इस अवसर पर डॉक्टर रोहित भारद्वाज मेडिसिन स्पेशलिस्ट, डॉ. ओंकार सिंह चमड़ी रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर विशाल कोहली हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. नेहा गुप्ता आई सर्जन, डॉक्टर सत्यार्थ जांगली मनोरोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों का चेकअप किया गया। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज जितेंद्र पाल सिंह खुरमी ने कहा कि जिस प्रकार कैदियों को मुफ्त कानूनी सेवा अधिकार है, ठीक उसी प्रकार उन्हें मुफ्त में स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अधिकार है, जिसके चलते समय पर सब जेल पठानकोट में मेडिकल कैंप आयोजित किए जाते हैं, ताकि कैदी भी स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकें। इस अवसर पर सचिव कम सीजेएम रूपेंद्र सिंह, ठाकुर जीवन सिंह जेल इंचार्ज, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### अपना कांगड़ा टैलेंट महासंग्राम का ऑडिशन कल

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** अपना कांगड़ा टैलेंट महासंग्राम के अंतर्गत होने वाले ऑडिशन पूरे हिमाचल में हो रहे हैं। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए रविवार 14 जुलाई को नगरोटा बगवां के रेनबो इंटरनेशनल स्कूल में ऑडिशन हुआ होना तय हुआ है।



जानकारी अपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष सुमीत गुप्ता ने देते हुए उन सभी उन्होंने युवा कलाकारों से अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाएं। प्रतिभागी टैलेंट का महासंग्राम में अपनी छुपी हुई कला को दिखा सकते हैं, जिसमें डांसिंग, सिंगिंग, एक्टिंग, मॉडलिंग, पेंटिंग, योग और सभी प्रकार की गतिविधियों में कला को दिखाया जा सकता है। प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले सितंबर माह में आयोजित किया जाएगा तथा अधिक जानकारी के लिए 97364 54656 पर संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# भदरोया गगवाल में ग्रामीणों ने बिजली बोर्ड के खिलाफ लगाए मुर्दाबाद के नारे

## कहा, 24 घंटे में मात्र 5-6 घंटे ही आती है बिजली, हो रही परेशानी

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते ग्रामीण।

विद्युत विभाग सब-डिवीजन डमटाल के अंतर्गत गांव भदरोया गगवाल व आसपास में 100 से ज्यादा घरों में बिजली की समस्या होने के चलते शुक्रवार को गांववालों ने इकट्ठे होकर हिमाचल सरकार तथा विद्युत विभाग सब-डिवीजन डमटाल के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए तथा उनसे मांग की कि ट्रांसफार्मर का लोड ज्यादा होने के चलते उनके घरों में बिजली करीब 24 घंटे में मात्र 5-6 घंटे ही आ पाती है। अब धान की बिजाई का मौसम है, बिजली बंद होने के चलते उनके धान सूखने की कगार पर हैं।

उन्होंने विभाग को इस संबंधी कई बार लिखित रूप से सूचित भी किया है, परंतु विभाग है कि गांववालों की बात सुनता ही नहीं।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि यह ट्रांसफार्मर काफी पुराना है तथा अब यहां पर काफी होटल खुलने की वजह से इनका लोड बहुत ज्यादा बढ़ाने के चलते बिजली सप्लाई लगातार ठप हो जाती है। उनके घरों के कई बार बिजली उपकरण भी जल चुके हैं। इस संबंध में जब एक्सईएन विद्युत विभाग इंदौरा एस सन्याल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनके ध्यान में यह मामला आया है। उन्होंने इसका समाधान करने के लिए अपने कर्मचारियों निर्देश दे दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### 25 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेजे जबरन वसूली के आरोपी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला के दो निजी स्कूलों के संचालकों से जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को 3 दिन के पुलिस रिमांड के बाद शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने उन्हें 25 जुलाई तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपियों की तरफ से कोर्ट में दी गई जमानत अर्जी पर दोनों पक्षों की बहस कोर्ट ने सुनी तथा अब कोर्ट जमानत याचिका पर सोमवार को निर्णय सुनाएगा। उधर, दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की एएसपी विजिलेंस बद्रीनाथ ने पुष्टि की है।




**समस्या** कैहरना से कोटला पुलिस चौकी तक सड़क पर जगह-जगह पड़ गए गड्ढे

# कीचड़ से सनी सड़कें हादसों को दे रहीं न्योता

**अनिल छांगू, जवाली**



कीचड़ से सनी सड़क

पठानकोट-मंडी फोरलेन सड़क परियोजना के द्वारा सड़क निर्माण के चलते 32 मील से भेड़ खड्ड तक टनल एक और टनल दो के क्षेत्र में कोटला से सड़क बाईपास होने के कारण सारी हेवी मशीनरी तथा बड़े टिप्पर, ट्रक लोडर कोटला से होकर गुजरते हैं। इस कारण कैहरना से कोटला पुलिस चौकी तक सड़क पर गड्ढे नहीं गड्ढों पर सड़क बन गई है।

कोटला बाजार के बीचों बीच सड़क पर पड़े गहरे गड्ढों को कंपनी द्वारा कच्ची मिट्टी से भर देने से समस्या और ज्यादा बढ़ गई है। बरसात की भारी बारिश के चलते कोटला बाजार में राहगीरों तथा रोजमर्रा का सामान लेने वाले खरीददार न तो सड़क पर चल सकते हैं और न ही सड़क क्रॉस कर सकते हैं। सड़क पर चलते राहगीरों, आईटीआई के प्रशिक्षु बच्चे तथा अन्य के कपड़े कीचड़ के छिटों से बदरंग हो जाते हैंऔर सबको भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या बारे लोगों ने हर स्तर पर अपनी फरियाद सुनाई, मगर किसी के कान पर जूं तक न रेंगी। हालात यह है कि हल्की सी बारिश से भी गड्ढों व कीचड़ से सनी सड़कें हादसों को तो न्योता दे रही है। लेकिन आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। लोग अब किसी से फरियाद करना या शिकायत करना भी वेईमानी समझते हैं। क्योंकि कहीं कोई सुनाई होती तो नहीं है। सिर्फ प्रशासन की तरफ से एसडीएम अखबारी बयान जारी कर देते हैं कि फोरलेन कंपनी को जन सुविधा हल करने के लिए आदेश दे दिया है वह सिर्फ जुबानी जमा खर्च ही रह जाता है। धरातल पर सब चौपट । लोगों ने जिलाधीश कांगड़ा से मांग उठाई है कि कैहरना से पुलिस चौकी कोटला तक फोरलेन कंपनी से व्यापक जनहित में तुरंत सड़क पर तारकोल बिछाने के आदेश दिए जाएं। इस बारे में एनएचएआई के डीएम तुषार सिंह ने कहा कि सड़क पर पड़े गड्ढे जब सूख जाएंगे तो उन्हें तारकोल से भर दिया जाएगा। इस बारे में एसडीएम जवाली विचित्र सिंह ठाकुर ने कहा कि आदेश जारी कर दिए हैं। जनहित का कार्य तुरंत निपटाया जाए, जिससे स्थानीय जनता को कोई परेशानी न हो। (अनंत ज्ञान)

# एयरपोर्ट के विस्तार का मामला लटकने से इलाकावासी परेशान

**अनंत ज्ञान, गगल**

### सरकार पर लगाया गुमराह करने का आरोप

गगल हवाई अड्डा विस्तार को लेकर पिछले कई वर्षों से क्षेत्र के लोग इसी असमंजस में हैं कि यह विस्तार होगा या नहीं और अगर नहीं होगा तो इसके लिए सरकार बार-बार लोगों को बेवकूफ क्यों बना रही है। गगल के समाजसेवी ओम प्रकाश और डॉक्टर प्रीतम चौधरी ने कहा कि दस जुलाई को देहरा में उपचुनाव हुए इससे पहले वर्तमान सरकार ने वोटों की खातिर कई घोषणाएं भी कर डालीं, लेकिन जैसे ही मतदान कंप्लीट हुआ तो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गगल एयरपोर्ट के मामले को 3 महीने के लिए और आगे लटका दिया और एयरपोर्ट विस्तार की जद में आई हुई जनता फिर से परेशान कर दी। ज्यादातर लोगों का कहना है कि अगर ऐसा ही मजाक करना है तो एयरपोर्ट का पंगा ले भी क्यों लिया था। न तो हम घर बना सकते हैं और न ही नया कोई कारोबार शुरू कर सकते।

इस बारे एयरपोर्ट विस्तार के विरोध में बनाई गई संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने कहा कि सरकार को सब कुछ पता है कि एयरपोर्ट का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन फिर भी सरकार लोगों को गुमराह कर रही है कि जुलाई महीने में नोटिफिकेशन करके लोगों को खातों में पैसे डाल दिए जाएंगे। इसी एयरपोर्ट के चक्कर में फोरलेन का भी पेंच फंसा हुआ है। जनता बार-बार बड़े अधिकारियों से पूछ रही है कि फोरलेन की स्थिति भी सरकार स्पष्ट करे, लेकिन सरकार है कि इस मामले में भी लोगों को मूर्ख ही बना रही है। आखिर सरकार इस एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाकर क्या दिखाना चाहती है।

## न्यूज ब्रीफ

### विनोद शर्मा ने बिजली सब्सिडी बंद करने पर घेरी सरकार



**सालबिया शर्मा, गरली।** जिला भाजपा प्रवक्ता एवं ब्लॉक भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवां-परागपुर विनोद शर्मा ने बिजली सब्सिडी बंद करने पर प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू सरकार को आड़े हाथों लिया है। विनोद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 300 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा किया था, लेकिन 300 यूनिट बिजली फ्री मिलना तो दूर 125 यूनिट भी खत्म कर दी, जो कि हिमाचल की आम लोगों के साथ सरासर अन्याय है। विनोद शर्मा ने कहा कि अब प्रदेश कांग्रेस सरकार ने यह कह कर अपना पल्लू झाड़ लिया कि अब केवल एक परिवर को ही एक बिजली मीटर पर सब्सिडी की सुवधा मिलेगी तो कांग्रेस सरकार ने इससे आम परिवारों के बीच झगड़ा पैदा करवाने का काम किया है। (अनंत ज्ञान)

### मेडिसिन विशेषज्ञ के छुट्टी पर जाने से मरीज परेशान

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में एकमात्र मेडिसिन विशेषज्ञ चिकित्सक न मिलने से मरीज परेशान हैं। पिछले कुछ महीनों से एक मेडिसिन रोग विशेषज्ञ डॉ. कविता ठाकुर के सहारे क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में मरीजों को उपचार मिल रहा था। अब वह 20 जुलाई तक छुट्टी पर हैं, इससे यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों का मर्ज बढ़ रहा है। यहां दो पदों में एक पद खाली है और जो एकमात्र मेडिसिन रोग विशेषज्ञ यहां सेवारत है, उनके छुट्टी पर होने से मरीज मायूस होकर घर लौट रहे हैं। धर्मशाला अस्पताल में यूं तो मेडिसिन ओपीडी में टांडा मेडिकल कॉलेज से आए पीजी मेडिसिन के चिकित्सक ओपीडी को देख रहे हैं, परंतु केवल विशेषज्ञ से उपचार की उम्मीद लेकर आए कई मरीजों को घर वापस लौटना पड़ रहा है। वहीं, कई मरीजों को टांडा जाने के लिए कहा जा रहा है। अस्पताल में कई लोग मेडिकल भी बनवाने आए थे, उनको भी लंबे समय तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल में मेडिसिन ओपीडी रोजाना 100 से अधिक जाती है, परंतु विशेषज्ञ न होने के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वीरवार को भी अस्पताल में करीब 90 से 100 मरीज मेडिसिन की ओपीडी में जांच के लिए आए।

### महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत होने से हड़कंप

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** थाना इंदौरा के अंतर्गत गांव सुरड़वा में एक महिला की संधिग्ध हालात में मौत होने से इलाके में हड़कंप मच गया है। इस बारे जानकारी देते हुए एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया की थाना इंदौरा में सूचना मिली थी कि एक महिला का शव संदिग्ध हालत में फंदे पर प्राप्त हुआ है, जिसके चलते तुरंत कार्रवाई करते हुए एएसआई पुष्पेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया इस मौके पर मृतका महिला की माता हसन बेगम ने अपने बयान में बताया कि उसकी बेटी की शादी अमिया दीन के साथ हुई थी जिसकी उम्र 39 साल थी। वह उसे लगातार परेशान करता था, जिसके चलते उसके परिवार वालों ने उसकी हत्या कर दी है। इसके चलते पुलिस द्वारा उक्त महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए नूरपुर अस्पताल में भेज दिया गया है व आगामी कार्रवाई की जा रही है। उक्त पति पर कार्रवाई करते हुए 108 भारतीय न्याय संहिता कानून के तहत इस पर मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा मृतक महिला के पति को पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया है तथा आगामी जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** थाना इंदौरा के अंतर्गत नेशनल हाईवे पठानकोट जालंधर मार्ग पर 2 दिन पहले रात के करीब 10 बजे जब बिल्लू दीन उम्र 22 साल पुत्र कासिम दीन निवासी कुदसा तहसील इंदौरा ट्रैक्टर पर मिलवा से मानसर की तरफ जा रहा था। पीछे से नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिसके चलते ट्रैक्टर के पलट जाने से बिल्लू दीन गंभीर तौर पर घायल हो गया जिसे तुरंत मुकेरिया पंजाब भेजा गया किन्तु उसकी गंभीर हालत को देखते हु जालंधर रेफर कर दिया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम करवा के पुलिस ने शुक्रवार शाम को शव परिजनों के हवाले कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# पौंग बांध में 5 साल में 40 प्रतिशत बढ़ा मछली उत्पादन

## मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल ने कहा, प्रभावी कदमों से ही संभव हो पाई यह बढ़ोतरी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश के 5 मुख्य बांधों पौंग बांध, गोविंद सागर झील, कौल बांध, चमेरा बांध तथा रणजीत सागर बांध में से पौंग बांध में मछली उत्पादन में अच्छी वृद्धि सामने आई है। प्रदेश के प्रमुख पांच जलाशयों में से मछली उत्पादन में सबसे ज्यादा योगदान पोंग तथा गोविंद सागर बांध का रहता है। वहीं, गोविंद सागर झील के अलावा पौंग ऐसा बांध है जहां पर महाशीर तथा सिंघाड़ा जैसी मछली की प्रजातियों का उत्पादन काफी होता है तथा यहां की मछली की पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर में भी काफी मांग रहती है।



विवेक चंदेल
निदेशक, मत्स्य विभाग

मत्स्य विभाग की ओर से इन बांधों में हर साल सितंबर माह में मछली का बीज डाला जाता है। पौंग बांध में विभाग इस साल करीब 65 लाख बीज डालेगा। इसको लेकर प्रपोजल भेजा जा चुका है। इससे पूर्व मछलियों के प्रजनन सीजन के चलते 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट बंद है। पिछले 5 साल के आंकड़ों पर गौर करें तो पोंग बांध में मछली उत्पादन में 100 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक साल 2019-20 में 8.24 लाख बीज पौंग बांध में डाला गया तथा 240.18 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हुआ। 2020-21 में 12.99 लाख बीज डाला गया तथा 210.6 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हुआ, यानी उत्पादन में कमी आई।



पौंग झील

साल 2021- 22 में 16.15 लाख बीज डाला गया तथा इस साल 253.9 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हुआ। 2022-23 में 83 लाख बीज डाला गया तथा 313.5 मीट्रिक टन मछली उत्पादन हुआ। 2023-24 में 75 लाख बीज डाला गया तथा 329.58 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हुआ। बताते चलें कि मत्स्य विभाग की ओर से मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध के दौरान फ्लाइंग स्क्वाड बना कर शिकार पर नजर रखी जाती है। इसके अलावा अवैध शिकार पर नजर रखने के लिए करीब 17 कैंप पौंग बांध क्षेत्र में लगाए गए हैं।

पौंग बांध में मछली उत्पादन में हुई वृद्धि के आंकड़ों की पुष्टि करते हुए मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल ने बताया की विभाग द्वारा समय-समय पर प्रभावी कदम उठाए जाने के चलते मछली उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है तथा इसके लिए विभाग के कर्मचारी तथा अधिकारी मुस्तैद रहते हैं, ताकि मछली उत्पादन में वृद्धि हो सके। (अनंत ज्ञान)

# बैजनाथ में पेयजल-सिंचाई सुविधा देना है प्राथमिकता : किशोरी लाल

## सीपीएस ने लोगों को समर्पित की 130 लाख रुपए की पानी की परियोजनाएं

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल ने शुक्रवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत अवैरी तथा खडानाल में 1 करोड़ 30 लाख की पानी की योजनाओं को लोगों को समर्पित किया। उन्होंने पंचायत खड़ानाल में 1 करोड़ 20 लाख की लागत से बनाई गई बहाव सिंचाई योजना जडुल कुहल तथा अवैरी में 10 लाख की लागत से लगाए विद्युतीकृत नलकूप का लोकार्पण किया।

उन्होंने बताया कि बहाव सिंचाई योजना से पंचायत हरेड, खडानाल और जवार नवोदय विद्यालय के आसपास की लगभग 1840 कनाल भूमि में बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से क्षेत्र के लगभग



2500 किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि जलशक्ति विभाग को इलाके की सभी कूहलों को भी सुचारु रूप से चलाने के आदेश दिये गए हैं, ताकि किसानों को सिंचाई के लिये समय पर पानी उपलब्ध हो सके।

सीपीएस ने कहा कि हर घर को शुद्ध पेयजल तथा खेत खलिहान तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकताओं में है ताकि प्रदेश का किसान आर्थिक रूप में सुदृढ़ तथा स्वावलंबी बने। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान उन्होंने देखा के बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के बड़े हिस्से में पेयजल की समस्या से लोग जूझ रहे थे। विधायक निर्वाचित होने पर उन्होंने पेयजल आपूर्ति में सुधार करने को प्राथमिकता पर लिया है। वर्तमान कार्यकाल में बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में पानी की कमी को दूर कर लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

किशोरी लाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अवैरी में विद्युतीकृत नलकूप लगने से अवैरी के 400 परिवार को इसका लाभ होगा तथा लोगों को घरद्वार शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि बैजनाथ क्षेत्र पेयजल की कमी वाले क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के सुधार के लिये विभाग को निर्देश दिये गये हैं और नई पेयजल योजनाओं की डीपीआर तैयार करने को कहा गया है। इसके उपरांत सीपीएस ने खड़ानाल और अवैरी पंचायत में लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकतर समस्याओ मोके पर निपटारा किया। (अनंत ज्ञान)

# नकाबपोश चोरों ने एटीएम से कैश निकालने का किया प्रयास

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा शहर के बीचों बीच भीड़-भाड़ वाले मुख्य नेहरू चौक में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के लगे एटीएम से चोरी के असफल प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। इस एटीएम में आधुनिक तकनीक ( सेंसर) लगे हुए थे। जिसे चोरों को पकड़े जाने का आभास हो गया और वे मौके से भाग गए।

जानकारी के अनुसार उक्त घटना वीरवार रात करीब 2:30 बजे की है। जैसे ही चोरों ने एटीएम मशीन से छेड़छाड़ की तो इस बाबत बैंक के कर्मियों को अलर्ट आ गया कि नेहरू चौक पर लगी बैंक की एटीएम मशीन से कोई छेड़छाड़ कर रहा है, जिस पर करवाई करते हुऐ बैंक कर्मियों ने इसकी सूचना पुलिस कर्मियों को दी और खुद भी मौके पर पहुंच कर सारी स्थिति का जायजा लिया।

वहीं, सुबह बैंक वपुलिस कर्मियों ने आसपास के दुकानदारों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। वहीं इस बाबत बात करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर सिद्धार्थ ने बताया की देर




**बैंक कर्मियों और पुलिस ने खंगाली सीसीटीवी कैमरों की फुटेज**

रात 2:30 बजे नेहरू चौक पर लगे बैंक के एटीएम से कुछ नकाबपोश चोरों द्वारा एटीएम मशीन से छेड़छाड़ की उन्होंने बताया की घटना की सारी जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

इस संदर्भ में बात करने पर जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर योगेश ठाकुर ने कहा की इस घटना की जांच की जा रही है सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है उसके बाद ही पता लगाया जाएगा की सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के इस एटीएम से छेड़छाड़ को किसने अंजाम दिया। (अनंत ज्ञान)

# बरसात में किसी भी आपदा से निपटने को नूरपुर प्रशासन तैयार

## एसडीएम बोले, इस बार नेशनल हाईवे है सबसे बड़ी चुनौती

**संजीव महाजन, नूरपुर**

प्रदेश में मानसून का आगमन हो चुका है तथा शुरुआती बरसात के साथ ही प्रशासन तथा सरकार किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए तैयार हैं। इस बारे एसडीएम नूरपुर ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में नूरपुर प्रशासन किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर है।

उन्होंने कहा कि इस बार हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती नेशनल हाईवे है। मगर प्रशासन लगातार एनएचएआई तथा विभाग से



लगातार संपर्क में है और किसी भी प्रकार की समस्या से निपटने के लिए तैयार है। कस्बा जसूर के साथ लगती खड्डों में रह रहे प्रवासियों के विषय में उपमंडलाधिकारी ने कहा कि वहां से झोंपड़ियां हटाने संबंधी आदेश जारी कर दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। बावजूद इसके सप्ताह के अंत तक यह भी सुनिश्चित कर लिया जाएगा कि कोई भी व्यक्ति वहां पर ना रहे। एसडीएम ने बताया कि बरसात के दौरान किसी भी वाहन को खड्ड में घुसकर खनन करने की अनुमति नहीं रहेगी। इससे संबंधित निर्देश भी विभाग को जारी कर दिए गए हैं।

जनता से अपील करते हुए एसडीएम गुरसिमर सिंह ने कहा कि पहाड़ों में भारी बारिश होने के चलते नदी नालों में भी अचानक पानी भर जाता है, इसलिए नदी नालों से दूरी बनाकर रखें। (अनंत ज्ञान)

# विनय कुमार ने सीएम और केवल सिंह पठानिया का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उप सचेतक व विधायक केवल सिंह पठानिया का सलाहकार नियुक्त किए जाने पर विनय कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु तथा केवल सिंह पठानिया का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जो दायित्व दे कर प्रदेश सरकार ने उन पर भरोसा जताया है, उसके लिए वह मुख्यमंत्री सहित पूरी सरकार के आभारी हैं। विनय ने विश्वास दिलाया है कि वह मुख्यमंत्री, सरकार व शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि विनय कुमार करीब दो दशकों से केवल सिंह पठानिया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं तथा इनकी गिनती केवल सिंह पठानिया के प्रमुख सिपहसालारों व रणनीतिकारों में की जाती है। पठानिया जब वीरभद्र सरकार के दौरान वन निगम के उपाध्यक्ष थे, विनय वर्ष 2013 से 2017 तक उनके निजी सचिव के रूप में कार्य कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### कई जिम्मेदारियां निभा चुके हैं विनय कुमार



**प्रदेश** पवार लिफ्टिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष होने के साथ विनय कुमार शाहपुर आईटीआई की आईएमसी के सदस्य भी हैं। वह शाहपुर ब्लॉक कांग्रेस सोशल मीडिया अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस इंटक अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदस्य व सत्यमेव युवा क्लब द्रमण का अध्यक्ष रहने के अतिरिक्त अनेक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं। 10 बार रक्तदान कर चुके विनय कुमार का नाम बढ़ते नशा की रोकथाम हेतु कार्य करने वालों में भी शामिल है। समाज सेवा के शेत्र में सराहनीय भूमिका निभाने वाले विनय कुमार का कोविड-19 के दौरान भी अहम रोल रहा है।

# सतर्कता और सावधानी से ही बच सकते हैं साइबर ठगों से : गुरसिमर

**संजीव महाजन, नूरपुर**

साइबर क्राइम तथा ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों से बचने के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा उपमंडल स्तर पर डिजिटल साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को एसडीएम आईएएस गुरसिमर सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय नगर परिषद हॉल में साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय लोग,पेंशनर्स संघ के सदस्य, आंगनबाड़ी व आशा वर्कर्स,ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि, स्कूल टीचर्स आदि ने भाग लिया।

एसपी कार्यालय के प्रतिनिधियों ने साइबर क्राइम के विभिन विषयों पर जानकारी देते हुए कहा कि आज के टेक्नोलॉजी के दौर में अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आम आदमी का रुझान ऑनलाइन प्रक्रिया की तरफ बढ़ा है। जिससे लोगों को घर बैठे काफी सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं लेकिन इसके साथ ही बाहरी राज्यों से ठगी के धंधे से जुड़े लोग साइबर

**नगर परिषद नूरपुर के हॉल में हुआ साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम**

धोखाधड़ी को भी अनेक माध्यमों से अंजाम दे रहे हैं। ज्यादातर पढ़े लिखे लोग अधिक पैसा कमाने तथा लॉटरी जैसे प्रलोभनों में आकर ठगी का शिकार बन रहे हैं और अपने जीवन की जोड़ी हुई पूंजी को गंवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आजकल मोबाइल पर अनेक प्रकार के प्रलोभन भरे तथा झूठे मैसेज आते हैं, जिनको क्लिक करते ही आपका सारा डाटा साइबर अपराधियों के पास चला जाता है और आप ठगी का शिकार बन जाते हैं।

पुलिस प्रतिनिधियों ने लोगों से किसी भी अंजान व्यक्ति या फ़ोन पर मांगी गई किसी भी प्रकार की सूचना या अपना ओटीपी शेयर न करने और न ही अपना आधार नंबर, ईमेल आईडी, सत्यापन कोड व अन्य निजी जानकारी साझा न करने की अपील की है। फेक न्यूज पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि व्हाट्सएप और कुछ दूसरी सोशल मैसेजिंग टूल्स के जरिए देश भर में फर्जी न्यूज पनप रहे हैं जिनका शिकार निर्दोष लोग बनते जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे किसी भी न्यूज की सत्यता जाने बिना इसे अपने ग्रुप में अन्य लोगो को शेयर करने से बचें। न्यूज सत्यापन के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर सकते है। जिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेक न्यूज हो उसी प्लेटफॉर्म पर उसकी रिपोर्ट की जा सकती है। इसके अलावा तथ्य जांच साइट का उपयोग कर भी किसी खबर के सही या गलत का पता लगाया जा सकता है।

जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभागियों को साइबर धोखाधड़ी के अन्य नवीनतम तरीकों और उन से खुद को बचाने के लिए जागरूक किया गया।उन्होंने बताया कि किसी भी साइबर/वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार होने पर मामले की रिपोर्ट एसपी कार्यालय के कंट्रोल रूम नंबर 01893-299400 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# कॉलेज स्टूडेंट्स को सड़क पार करना हुआ मुश्किल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

भले ही फोरलेन सडकों के निर्माण कार्य अभी चल रहे हों, लेकिन इसका लाभ होने के साथ-साथ संबंधित क्षेत्र के लोगों को परेशान भी होना पड़ रहा है। कांगड़ा के तकीपुर में फोरलेन बनने के बाद अब यहां कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को परेशान होना पड़ रहा है। सड़क के दूसरे छोर पर बस बच्चों को उतार कर चली जाती है। ऐसे में उन्हें सड़क पार करना मुश्किल हो जाता है। इसी तरह यहां पर स्वास्थ्य संस्थानों में जाने वाले मरीजों को भी हर दिन परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके लिए उपायुक्त हेमराज बैरवा और कांगड़ा के एसडीएम को भी ज्ञापन दिया गया है।

# जमीन खिसकने से राजिंदर कुमार के मकान को खतरा

**अजय पाल, पंचरुखी**

शुक्रबार को हुई भारी बारिश के कारण पंचरुखी क्षेत्र में सड़कों में पानी आ जाने से वाहनों की आवजाही कुछ समय के लिए बंद रही। पंचरुखी-तिनबड़ सड़क मार्ग अगोजर के पास पुली के क्षतिग्रस्त होने के कारण पहले से ही सभी वाहनों के लिए बंद किया हुआ है। सभी वाहन वैकल्पिक मार्ग से जा रहे हैं लेकिन तंग सड़क के कारण इस मार्ग पर हमेशा जाम लग रहा है। पंचरुखी के धार क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से खजूरनु गांव में राजिंदर कुमार का मकान भी खतरे की जद्द में आ गया है।

कुछ दिन पहले हुई बारिश से राजिंदर कुमार के घर के निचली तरफ ल्हासा गिरने से आंगन में भी दरारें आ गई थीं। जमीन और न खिसके इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने ड्रम लगाकर रोक लगाई थी, लेकिन शुक्रवार को हुई भारी



बारिश से दोबारा घर के नीचे से जमीन खिसकने के कारण घर को और भी ज्यादा खतरा बन गया है। राजिंदर कुमार ने लोक विभाग से जल्द से जल्द यहां पर पक्का डंगा लगाने की मांग की है।

वहीं, लोक निर्माण विभाग अनुभाग पंचरुखी के कनिष्ठ अभियंता अंकुश ने कहा कि इस डंगे का एस्टिमेट बनाकर भेज दिया है। जैसे ही बारिश कम होगी इसको लगा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**देहरा उपचुनाव** | राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में बने काउंटिंग सेंटर में सुरक्षा चाक चौबंद, डीसी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

# आज सुबह 8 बजे शुरू हो जाएगी मतों की गणना

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा विधानसभा उपचुनाव को लेकर काउंटिंग का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 13 जुलाई शनिवार सुबह 8 बजे राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में बने काउंटिंग सेंटर में मतगणना का कार्य शुरु हो जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने आज शुक्रवार को ढलियारा कॉलेज में स्थापित स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर यहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि देहरा विधानसभा उपचुनाव के वोटों की गिनती के लिए कुल 20 टेबल स्थापित किए जाएंगे। इनमें ईवीएम के लिए 10 टेबल, डाक मतपत्रों के लिए 5, वहीं 5 टेबलों में ईटीपीबीएस (सर्विस वोटर्स) के वोटों की गिनती की जाएगी। मतगणना केंद्र पर 13 जुलाई सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती आरंभ होगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गणना की जाएगी तथा इस प्रक्रिया के आरंभ होने के आधे घंटे बाद ईवीएम के वोटों की गिनती शुरू की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि सर्विस वोटर्स के डाक मतपत्र 13 जुलाई सुबह 8 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। प्रशासन ने डाक विभाग को निर्देश दे दिए हैं कि डाक मतपत्र प्राप्त होते ही उन्हें तुरंत रिटर्निंग अधिकारी तक पहुंचाया जाए।



### मतगणना स्थल पर अधिकृत लोगों को ही मिलेगा प्रवेश

**जिला** निर्वाचन अधिकारी मतगणना स्थल पर सिर्फ अधिकृत पास धारी व्यक्ति ही प्रवेश पा सकेगें। इसके लिए निर्वाचन आयोग और रिटर्निंग अधिकारी द्वारा ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों को पास जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना केंद्र पर मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी, पार्टी के उम्मीदवार, एजेंट, आदि मतगणना हॉल में अपने साथ मोबाइल व अन्य अनाधिकृत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ नहीं ले जा सकेंगे।

### 10 राउंड में होगी मतगणना

**डीसी** ने बताया कि वोटों की गिनती दस राउंड में की जाएगी तथा दसवें राउंड के बाद अंतिम परिणाम घोषित किया जाएगा।

### सुरक्षा में तैनात रहेंगे 100 जवान

**उपायुक्त** ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना केंद्र और उनके आस-पास सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया गया है। मतगणना केंद्र और उसके आस-पास 100 से अधिक पुलिस जवान तैनात रहेंगे। इसके अलावा मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मतगणना केंद्र के 100 मीटर की परिधि में केवल पैदल आवाजाही की ही अनुमति होगी। मतगणना केंद्रों के 100 मीटर घेरे के अंदर वाहन की एंट्री प्रतिबंधित रहेगी।

### निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का करें पालन

**निर्वाचन** अधिकारी ने कहा कि मतगणना कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए मतगणना करने की हिदायत दी गई है। उन्होंने कहा कि 13 जुलाई को सुबह कड़ी सुरक्षा निगरानी में ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम से निकालकर बूथ वाईज मतगणना अधिकारियों के टेबल पर पहुंचाई जाएंगी। मतगणना अधिकारी ईवीएम को एजेंटों की उपस्थिति में सबसे पहले कंट्रोल यूनिट सील को चौक कराएंगे। बाद में रिजल्ट का बटन दबाकर उम्मीदवार के नाम सहित मशीन में दर्शाए जाने वाले मतों का रिजल्ट दिखाएंगे।

# बाल स्कूल हमीरपुर में आज होगी मतगणना : अमरजीत

## कहा-दोपहर तक घोषित हो जाएगा परिणाम, अंतिम रिहर्सल में निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनाव के मतदान के बाद मतगणना को लेकर शुक्रवार को बाल स्कूल हमीरपुर में मतगणना में लगाए गए अधिकारी, कर्मचारियों की अंतिम रिहर्सल करवाई गई।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव की मतगणना के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह 8 बजे ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के हॉल नंबर 308 में मतगणना आरंभ होगी और दोपहर तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। इनके अलावा पोस्टल बैलेट्स और सर्विस वोटर्स के मत पत्रों की गिनती के लिए अलग टेबल लगाए गए हैं।





मतगणना प्रक्रिया की जानकारी देते एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी। (दाएं) बाल स्कूल जहां पर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा।

**अंतिम पूर्वाभ्यास आयोजित :** मतगणना केंद्र पर तैनात होने वाले मतगणना सुपरवाइजरों और मतगणना सहायकों के लिए शुक्रवार को ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के परिसर में अंतिम पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने मतगणना सुपरवाइजरों और मतगणना सहायकों को मतगणना प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पूर्वाभ्यास के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार सुभाष कुमार, ईवीएम मास्टर ट्रेनर विजय चैहान और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

**52073 मतदाताओं ने ईवीएम के माध्यम से किया है मतदान :** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कुल 76,892 सामान्य मतदाताओं में से 52,073 ने ईवीएम के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। घर से ही मतदान करने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों तथा दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या 654 है। इनके अलावा चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों और सर्विस मतदाताओं ने भी पोस्टल बैलेट्स के माध्यम से मतदान किया है। (अनंत ज्ञान)

### पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस के पहरे में होगी मतगणना

बाल स्कूल हमीरपुर में विधानसभा उपचुनाव के स्ट्रांग रूम बनाया गया है। यहां पर आज मतों की गणना की जाएगी जिसके पुलिस प्रशासन ने पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस के जवान तैनात किए हैं।

### बाल स्कूल खेल मैदान की तरफ लगाए लाउड स्पीकर

मतगणना के परिणाम को जानने के लिए प्रशासन द्वारा बाल स्कूल हमीरपुर के खेल मैदान में लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। वहां पर चुनाव परिणामों की जानकारी ले सकते हैं। इसके लिए बाल स्कूल में पुलिस बल भी तैनात किया गया है, ताकि वहां पर किसी प्रकार की हुड़दंग न हो।

# बड़सर में प्रवासी युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

▶ **पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की छानबीन**

बड़सर में एक प्रवासी युवक ने फंदा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान अभिलाष पुत्र सुशील कुमार गली नंबर 10 मधुबन बिहार सहारनपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

25 वर्षीय युवक टेंट हाऊस का काम करता था और बड़सर में किराए के कमरे में रह रहा था। रात को खाना खाने के बाद वह कमरे में चला गया। काम करने वाले अन्य युवक के साथ उसने खाना खाया। सुबह जब टेंट हाउस का मालिक पहुंचा तब पता चला कि युवक ने आत्महत्या कर ली है।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल हमीरपुर भेज दिया है। इसकी सूचना परिजनों को दे दी गई है। बड़सर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत हैंगिंग का मामला दर्ज कर दिया है। डीएसपी बड़सर सचिन हरिमठ ने बताया कि पुलिस गहनता से इस मामले की छानबीन कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### मुख्यमंत्री ने रवि कौंडल के निधन पर शोक जताया

**शशि सोनल, नादौन।** नादौन शहर के वार्ड नंबर एक कोट के रवि कौंडल के दुर्घटना में हुए निधन पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी, पूर्व अध्यक्ष रीना देवी, वार्ड मैंबर सुमन कुमारी, कमल कम्मी, संतोष संधू आदि ने शोक प्रकट करते हुए भगवान से प्रार्थना की है कि शोक संलिप्त परिवार को इस सदमें को सहन करने की क्षमता दें।

# चार महीनों से लगी है आचार संहिता विकास कार्य करवाने में बजट बना अड़ंगा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

▶ **15 जुलाई के बाद आचार संहिता समाप्त होने के बाद शुरू होंगे विकास कार्य**

लोकसभा आम चुनावों में लगभग तीन महीने तक आदर्श आचार संहिता के कारण कई विकास कार्य लटक गए थे। लोकसभा आम चुनावों के परिणाम 7 जून को घोषित किए गए थे। इसके दो दिन बाद आचार संहिता हटा दी गई थी, लेकिन उसके कुछ दिन बाद हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव की घोषणा कर दी गई, जिसके चलते फिर से जिला में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई।

इस दौरान कई विकास कार्य हैं, जिन्हें बजट जारी किया जाना है, लेकिन जब तक आचार संहिता समाप्त नहीं हो जाती, तब तक न तो नए कार्य शुरू किए जा सकते हैं और न ही बजट स्वीकृति के लिए भेजा जा सकता है। विधानसभा उपचुनाव की मतगणना शनिवार को पूरी हो जाएगी। इसके बाद 15 जुलाई को आचार संहिता भी समाप्त हो जाएगी।

बता दें कि नए विकास कार्यों को शुरू करने के लिए बजट अड़ंगा बना हुआ है। जब तक बजट स्वीकृत नहीं होता, कार्य शुरू नहीं किया जा सकता। इसके अलावा कई सरकारी विभागों में विभिन्न पद खाली पड़े हुए हैं, जिन्हें भरने के लिए भी आचार संहिता समाप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि सरकार शीघ्र जेबीटी और टीजीटी के पदों को भरने की तैयारी में है। हालांकि जेबीटी के पदों को भरने का मामला कोर्ट में चला हुआ है, लेकिन कोर्ट से जेबीटी के पदों को भरने के आदेश प्रदेश सरकार को दिए गए हैं। अब शीघ्र ही जेबीटी के पदों को भरने के लिए तिथियां घोषित की जाएंगी।

नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के कारण किसी भी नए कार्य के लिए बजट स्वीकृत नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद बजट स्वीकृत होने के बाद ही नए कार्य शुरू किए जा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

# बरसात में सब्जियों की कीमतें बढ़ने से बिगड़ा रसोई का बजट

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

बरसात शुरू होने के बाद सब्जियों की कीमतें भी बढ़ने लगी हैं। बरसात में सब्जियों का उत्पादन तो होता है, लेकिन इतना अधिक नहीं होता। बरसात में टमाटर की फसल को भी काफी फर्क पड़ जाता है। हाल ही में टमाटर 20 रुपए के हिसाब से बिक रहा था, लेकिन कुछ दिनों में इसकी कीमत 80 रुपए तक पहुंच गई है।

वर्तमान में टमाटर 60 रुपए किलोग्राम तो मटर 120 रुपए किलोग्राम हो गया है। सब्जियों की बढ़ती कीमत ने उपभोक्ताओं की रसोई का बजट भी बिगाड़ दिया है। फ्रांसबीन और शिमला मिर्च ने भी 120 का आंकड़ा छू लिया है। पहले यह 80-100 रुपए प्रति किलो बिक रहे थे। ऐसे में अब गरीब व मध्यम वर्ग इन सब्जियों को खरीदने में गुरेज करने लगा है। हालांकि गरीब व मध्यम वर्ग की रसोई को भिंडी ने संभाल रखा है। इसके अलावा घिया, डानी, करेला, अरबी, कटहल, बैंगन भी 60 रुपए किलोग्राम तथा भिंडी 40 रुपए किलोग्राम बिक रही है। पहले भिंडी के दाम 50 रुपए से 60 रुपए किलोग्राम थे। आलू पहले 25 से 30 रुपए प्रति किलो अब 40 रुपए प्रति किलो के भाव से बिक रहा है।



बरसात के कारण सब्जियां आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं।

वहीं, एपीएम सी सेक्रेटरी अरुण शर्मा ने बताया कि पहले सब्जियां पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि से मंडी में आती थीं। बरसात और गर्मी के चलते वहां से सब्जियों का आना बंद हो गया है।अब सब्जियां अपर हिमाचल से मंडी में पहुंच रही हैं जो कि महंगे दामों में पहुंचती हैं। उन्होंने बताया कि जुलाई और अगस्त महीने में हर साल सब्जियों के दाम ज्यादा रहते हैं। (अनंत ज्ञान)

### सब्जियों के ये हैं बढ़े हुए दाम

वर्तमान में मटर 120 रुपए किलोग्राम, फ्रांसबीन 120 रुपए किलोग्राम, लहसुन, 320 किलोग्राम, नींबू 100 रुपए किलोग्राम, शिमलामिर्च 120 रुपए, टमाटर 60 रुपए, फूलगोभी 90 रुपए किलोग्राम बिक रही है। भिंडी के दाम इन दिनों 40 रुपए किलोग्राम है। घिया हमीरपुर शहर में 60 रुपए, खीरा 50 रुपए, जबकि देसी खीरा 60 रुपए, अरबी 60 रुपए, आलू 40 रुपए किलोग्राम की दर से बिक रहा है। प्याज के दामों में तगड़ा इजाफा देखने को मिल रहा है। शहर में प्याज 50 रुपए किलोग्राम भाव बिक रहा है, जबकि डानी 60 रुपए प्रति किलो, करेला 60 रुपए प्रति किलो, कटहल 80 रुपए प्रति किलो, बैंगन 60 रुपए और अदरक 320 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है।

# जनसंख्या को रोकने के लिए करने होंगे प्रयास : डॉ. अत्री

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

स्वास्थ्य विभाग हमीरपुर द्वारा टिक्कर में विश्व जनसंख्या दिवस जागरूकता श्रृंखला के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि यह दिवस हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों का ध्यान बढ़ती हुई आबादी की तरफ लाना है, क्योंकि भारत की आबादी दिन व दिन बढ़ती जा रही है।

पूरे विश्व में भारत की जनसंख्या पहले स्थान पर है, जो लगभग 142 करोड़ के आसपास पहुंच चुकी है। इस पर नियंत्रण पाने के लिए हमें विभिन्न कार्यक्रम, सेमिनार और चर्चाएं आयोजित की जानी चाहिएं ताकि कुछ उपाय अपनाकर जनसंख्या को बढ़ने से रोका जा सके। इस अवसर पर बीसीसी समन्वयक सलोचना ने बताया कि विश्व जनसंख्या पखवाड़ा चार चरणों में मनाया जाता है।

इसका तीसरा चरण 11 जुलाई से 24 जुलाई तक चलेगा और इसमें जो सेवा प्रदाता हैं, उन्हें प्रेरित करके सम्मान देना है। इस अवसर पर सीएचओ नीलम कुमारी, आशा कार्यकर्ता सुनीता, पिंकी, अनीता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना कुमारी, गीता कुमारी भी मौजूद रहे।

# मनमुटाव को दूर करने के लिए टैक्सी ऑपरेटर्स का सम्मेलन 18 को



मैत्री सम्मेलन से पहले बैठक में भाग लते टैक्सी एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**कमलेश वर्मा, मनाली**

समर सीजन में हुए आपसी मतभेद व मनमुटाव को दूर करने को हिमाचल प्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों के टैक्सी ऑपरेटर्स मनाली में मैत्री सम्मेलन का आयोजन करने जा रहे हैं। यह आयोजन 18 जुलाई को मनाली के 15 मील में बने देवलोक में होगा। इस आयोजन में हिमाचल के अलावा पंजाब व चंडीगढ़ के टैक्सी ऑपरेटर भी मौजूद रहेंगे।

गौर हो कि समर सीजन में बाहरी राज्यों के टैक्सी ऑपरेटरों के साथ स्थानीय टैक्सी ऑपरेटरों के मतभेद हो गए थे। मनाली में हुई मारपीट की घटना के बाद पंजाब में भी इसी तरह की घटना सामने आई थी। इन मतभेदों के चलते पर्यटन पर विपरीत असर पड़ा है। 15 जुलाई तक चलने वाला पर्यटन कारोबार एक जुलाई को ही सिमट कर रह गया, जिससे कारोबारियों को भारी नुकसान हुआ है। आने वाले समय में इस तरह की घटनाएं न हों और पड़ोसी राज्यों के टैक्सी ऑपरेटर आपस में पहले की तरह मिल-जुलकर काम करें।

इस आयोजन से पहले मनाली में बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में पंजाब व चंडीगढ़ के टैक्सी एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित पर्यटन से जुड़े सभी मनाली के एसोसिएशन टैक्सी यूनियन मनाली, होटल एसोसिएशन मनाली, व्यापार मंडल मनाली, लग्जरी कोच यूनियन मनाली, मनाली वोल्वो लग्जरी कोच एसोसिएशन ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# 15 से 31 तक बंद रहेगी बदारन, गारली-गाहलियां जोल-हरसौर सड़क

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य के चलते बदारन-गारली-हरसौर वाया गाहलियां जोल सड़क पर वाहनों की आवाजाही 15 से 31 जुलाई तक बंद की जा रही है।

इस संबंध में मोटर वाहन अधिनियम के तहत आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि बदारन-गारली-हरसौर वाया गाहलियां जोल सड़क के एक हिस्से के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर यातायात 15 से 31 जुलाई तक बंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बड़सर-.शाहतलाई सड़क या मैहरे-गारली-बिझड़ी सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

# प्रवासी परिवारों में मारपीट, मामला दर्ज

**शशि सोनल, नादौन।** पुलिस थाना नादौन के जलाड़ी के हरमंदिर गांव में किराए के मकान में रहने वाले शालू पुत्र गिल्ला राम गांव व डाकघर नाभा जिला पटियाला ने मंगल सिंह पर मारपीट का आरोप लगाया है।

शालू ने पुलिस को की शिकायत में कहा है कि मंगल सिंह पुत्र मंजू जो नाभा जिला पटियाला का रहने वाला है, उसने उससे मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। उधर, मंगल सिंह पुत्र मंजू जो किराए पर रहता है, उसने पुलिस को की शिकायत में शालू पुत्र गिलाराम पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने क्रास केस दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# साई विजन पाठशाला भरेड़ी में भागवत कथा 14 से 20 तक

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

उपमंडल भोरंज के साई विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में 14 से 20 जुलाई तक भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें परम पूज्य संत श्री चोलाधारी नाथ महाराज जी कुल ओंकारेश्वर शिव शक्ति नागा पांडव स्थान जमानाबाद कांगड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

भागवत कथा में कथा प्रवक्ता परम पूजनीय पं. मुकेश शर्मा (सोनू) कथा सुनाएंगे। कथा के आयोजकों ने अपील की कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में उपस्थिति होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

कलश यात्रा एवं पुराण पूजन 14 जुलाई को सुबह 9:15 बजे, संध्या तर्पण पूजा एवं मूल पाठ (पारायण) प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक, कथा प्रवचन प्रतिदिन दोपहर एक से 4 बजे तक, भंडारा प्रतिदिन कथा श्रवण करने वालों के लिए सायं 4.30 बजे, भजन कीर्तन प्रतिदिन सायं 8 से 10 बजे तक, 20 जुलाई को हवन यज्ञ, पूर्णाहुति एवं भंडारा 3 बजे किया जाएगा।

# दुर्घटना में मारे गए रवि का अंतिम संस्कार

**शशि सोनल, नादौन।** नादौन के भरमोटी में वीरवार को टैंपो व बाइक दुर्घटना में घायल दो युवकों में से नादौन के रवि कौंडल ने मेडिकल कॉलेज टांडा में दम तोड़ दिया है। शुक्रवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

सैकड़ों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। काबिलेगौर है कि वीरवार शाम को भरमोटी में हुई इस दुर्घटना में मानपुल का सूजल व नादौन के कोट का रवि कौंडल घायल हो गया था। रवि को गंभीर चोटें आई थीं। नादौन अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रवि को मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया था।

# हमीरपुर पहुंचे यूरिया खाद के 3760 बैग

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिले में यूरिया खाद के 3760 बैग की खेप हिमफैड के गोदाम में पहुंच गई है। किसानों को यूरिया खाद को 45 किलो का बैग 267 रुपए में मुहैया करवाया जाएगा। किसानों को खाद पर सबसिडी मुहैया करवाई जा रही है। हिमफैड सोसायटियों को डिमांड के मुताबिक खाद मुहैया करवाने में लगा हुआ है, ताकि किसानों को घर द्वार के नजदीक सस्ते दामों पर खाद मिल सके।

बता दें कि हमीरपुर जिले में 35 हजार हेक्टेयर भूमि में करीब साढ़े 76 हजार किसान खेतीबाड़ी का काम करते हैं। हमीरपुर जिला के किसान मक्की बिजाई के उपरांत अब यूरिया खाद को लेकर ब्लॉकों व सोसायटियों में पता करने में लगे हुए थे, ताकि समय पर खाद खरीदकर रखी जा सके।



जिला हमीरपुर में पहुंची 3760 वैग यूरिया की खेप।

हिमफैड के गोदाम में यूरिया खाद के 3760 बैग की खेप पहुंच गई है। किसानों को यूरिया खाद का 45 किलो का बैग 267 रुपए में मुहैया करवाया जाएगा। हिमफैड सोसायटियों को डिमांड के मुताबिक खाद की खेप भेजने में लगा हुआ है, ताकि प्रत्येक किसान को घर-द्वार के नजदीक खाद का बैग खरीदने को मिल सके।

ऐसे में खाद के इंतजार में बैठे किसानों के लिए राहत की खबर है। जल्द ही किसानों को उनकी सोसायटियों में खाद की खेप पहुंचने वाली है, क्योंकि मक्की फसल में यूरिया खाद का ज्यादा प्रयोग होता है। किसान मक्की फसल में यूरिया खाद को दो बार डालता है।

### 267 रुपए में मिल रहा 45 किलो का बैग

हिमफैड के एरिया मैनेजर अनूप कुमार का कहना है कि हिमफैड में यूरिया खाद के 3760 बैग पहुंच गए हैं। किसानों को खाद का 45 किलो बैग 267 रुपए में मुहैया करवाया जाएगा। हिमफैड गोदाम से सोसाइटियों को खाद की खेप भेजनी शुरू कर दी गई है, ताकि किसानों को घर-द्वार के नजदीक खाद खरीदने को मिल सके।

# करियर प्वाइंट विवि में परीक्षा परिणाम में लड़कियों का दबदबा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

▶ **साइंस विभाग व लॉ विभाग का हुआ है घोषित रिजल्ट**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के बेसिक एंड अप्लाइड साइंस विभाग व लॉ विभाग के जैसे फिजिकस केमिस्ट्री, मेथ, बॉटनी, ज्यूलॉजी व बीएएलएलबी व एलएलबी के छात्रों की 28 जून तक सफलता पूर्वक समेस्टर परीक्षाएं आयोजित की गई थीं जिसका 10 जुलाई को मात्र 12 दिन के भीतर ही रिजल्ट घोषित कर दिया गया है।

इसके लिए छात्र विश्वविद्यालय के सभी विभागों के व्हाटसऐप ग्रुप व वेबसाइट में जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। इन समेस्टर परीक्षाओं में साइंस के विभिन्न विभागों में 417 विद्यार्थी में बैठे थे तथा इन विभागों के रिजल्ट के पहले तीन स्थानों पर 106 छात्र रहे जिसमें से 90 स्थानों पर लड़कियों का दबदबा रहा।

समेस्टर परीक्षाओं में सफलता के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने वरियता प्राप्त छात्रों व उनके अभिभावकों को बधाई तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

**गंदगी** | **जल शक्ति विभाग की लापरवाही से दूषित हो रही पेयजल योजनाएं**

# 6 महीनों से सड़क पर सीवरेज से हर कोई हो रहा परेशान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

शहर की पीडब्ल्यूडी कॉलोनी इलाके में सड़क पर पिछले तकरीबन 6 महीने से सीवरेज ओवरफ्लो होकर गंदगी फैला रही है, लेकिन जल शक्ति विभाग के कारकारिंदे बेवजह की लापरवाही पर उतारु हैं।

हर दूसरे तीसरे रोज विभाग के कर्मचारी इस सीवरेज की लिकेज को दुरुस्त करने के लिए काम पर लौटते तो हैं, लेकिन व्यवस्था बेहतर नहीं हो पाती। हालात यह है कि अब पिछले 15 दिनों से यह सीवरेज सुबह और शाम मेन होल के ढक्कन को उखाड़ कर भी सड़क पर बिखर जाती है, मगर कोई भी विभाग का कर्मचारी और अधिकारी 'उफ' नहीं करता।



नगर परिषद की पार्किंग के बाहर गेट पर रोजाना यही नजारा देखा जा सकता है।

यहां सीवरेज का एक हिस्सा मकम्मल तौर पर जाम हो चुका है और अब उसकी सीवरेज दाएं-बाएं भी निकलना शुरू हो चुकी है। इससे एक पुलिया को भी खतरा पैदा हो चुका है, जो कि इस कारण जर्जर होने लगी है लेकिन न तो पीडब्ल्यूडी, जल शक्ति विभाग से कुछ करवा पा रहा है और न ही जल शक्ति विभाग खुद ठोस काम करने की जहमत उठा रहा है। इसका खामियाजा राहगीर उठा रहे हैं, जिन्हें सड़क से होकर बदबू भरे वातावरण में आना-जाना पड़ रहा है।

### नई लाइन डालने से ही हल होगी समस्या

हमीरपुर नगर परिषद के ईओ अजमेर ठाकुर का कहना है कि इस बाबत विभाग को बता दिया गया है। जब तक इस लाइन की ब्लॉकेज को उखाड़ कर नई लाइन नहीं डाली जाती, यह समस्या ऐसे ही रहेगी। लेकिन काम कब होगा, इसका पता तो संबंधित विभाग को ही होगा।

### अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री नहीं कर सकते अधिकारी

सीवरेज खुले में जब बह रही है, तो एक नाले के जरिए उस खड्ड में जाकर मिल रही है, जिसका पानी बड़ी आबादी के इलाके को सप्लाई होता है। पहले यह सीवरेज हथली खड्ड में मिलती है। इसके बाद कुनाह खड्ड में मिल जाती है, जिसमें एक दर्जन के करीब उठाऊ पेयजल योजनाएं हैं। क्या ऐसी स्थिति में ये योजनाएं प्रदूषण नहीं हो रहीं? लेकिन किसी को कोई चिंता ही नहीं है। यही तो सबसे बड़ी विडंबना है। मुख्यमंत्री के इस ग्रह जिला मुख्यालय पर यदि अफसरों का यह रवैया इस कदर हो जाएगा, तो फिर हालात बिगड़ने से कोई नहीं बचा सकता। केवल दफ्तर में बैठकर फाइलें देखकर ही ये अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री नहीं कर सकते।

### नई लाइन को डालने का किया जा रहा प्रयास

आईपीएच के वरिष्ठ अधिकारी से तो बात नहीं हो पाई, लेकिन स्थानीय जेई मुनीश शर्मा का कहना था कि इसके लिए लाइन के हिस्से को नए सिरे से डालने की स्वीकृति दी जा रही है। यह रोड के बीचों बीच है, इसलिए पीडब्ल्यूडी से आचार संहिता खत्म होते ही स्वीकृति ली जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### भरमौर के खड़ामुख में गाड़ी को लगी आग

**भरमौर।** भरमौर के खड़ामुख में सिविल सोसायटी की गाड़ी में अचानक आग लग गई। गनीमत यह रही की आग लगने के बाद गाड़ी के चालक को किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ। आग के लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं लग पाया है, लेकिन आग इतनी भयंकर लगी की गाड़ी का काफी हिस्सा जल चुका है। गनीमत यह रही कि जिस जगह गाड़ी को आग लगी वहां से महज कुछ मीटर की दूरी पर अग्निशमन विभाग की गाड़ियां खड़ी थी वह उनके कार्यालय नजदीक था। जिन्होंने आग लगते ही आग पर काबू पा लिया और बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार यह गाड़ी सिविल सप्लाई के समिति की बताई गई है। इस हादसे में जान मॉल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। बहरहाल स्थानीय लोगों व अग्निशमन विभाग के कर्मियों की चुस्ती फुर्ती के कारण बड़ा हादसा होने से टला। (अनंत ज्ञान)

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने लगाया रक्तदान शिविर



**एमएम डैनियल, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई चंबा द्वारा परिषद स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनेक युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक चंबा के प्रभारी ने कहा कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाज हित के कार्य करने चाहिए। वहीं अभाविप रक्तवीर अर्पित ने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों की जान बचा सकता है, इससे ज्यादा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। इस अवसर पर जिला संयोजक चंबा अरुण शर्मा, इकाई अध्यक्ष भवानी, इकाई मंत्री ललीत जिला मीडिया एवं सोशल मीडिया संयोजक हितेन रैना, इकाई उपाध्यक्ष अर्पित, इकाई सह सचिव सुरेश कुमार सहित समस्त विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता व अनेक युवा मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आईएचबीटी अधिकारियों के साथ की वर्चुअल बैठक

# किसानों और बागवानों की आर्थिकी होगी मजबूत

**एमएम डैनियल, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (आईएचबीटी) के हिमालयन जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर के निर्देशक सुदेश यादव और संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला चंबा में किसानों और बागवानों की आर्थिकी को मजबूत बनाने के लिए कृषि विविधता कार्यक्रम के तहत किए गए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करना था। (अनंत ज्ञान)



#### समझौता ज्ञापन का करें नवीनीकरण

**उपायुक्त** ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के अर्थशास्त्री को निर्देशित किया कि वे हिमालयन जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण करें। इस नवीनीकरण में किसानों और बागवानों की सुविधा के लिए अन्य फसलों और कृषि उपज को भी शामिल किया जाए। इससे जिले के किसानों को अधिक लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिकी में सुधार होगा।

#### कृषि विविधता कार्यक्रम का महत्व

**कृषि** विविधता कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक फसलों से हटकर नई और अधिक लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार लाने के लिए महत्वपूर्ण है। उपायुक्त ने इस दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की और आईएचबीटी के अधिकारियों से उम्मीद जताई कि वे इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नई तकनीकों और नवाचारों का समावेश करेंगे।

#### पालमपुर संस्थान का दौरा

**बैठक** में उपायुक्त ने ग्रामीण विकास, कृषि और उद्यान विभाग के अधिकारियों को जल्द ही पालमपुर संस्थान का दौरा करने का निर्देश दिया।

इस दौरे का उद्देश्य संस्थान द्वारा विकसित की गई नई तकनीकों और नवाचारों की जानकारी हासिल करना है। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ लगातार संवाद स्थापित रखा जाए ताकि नई तकनीकों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सके।

#### पौष्टिक उपज बढ़ाने की जरूरत

उपायुक्त ने संस्थान के निदेशक से जिले में फूड प्रोसेसिंग यूनिट से संबंधित तकनीकी विशेषज्ञता उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए पौष्टिक उपज को बढ़ाने और कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सेब की पैदावार को लेकर तकनीकी परामर्श उपलब्ध करवाने की भी बात कही।

#### योजनाओं के साथ कन्वर्जेंस

विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों में विभिन्न योजनाओं के साथ कन्वर्जेंस करें। इससे संसाधनों का प्रभावी उपयोग हो सकेगा और जिले के विकास में तेजी आएगी।

#### समस्याओं पर चर्चा

हिमालयन जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान के वैज्ञानिकों से कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों ने किसानों को पेश आ रही विभिन्न समस्याओं और उनके निदान को लेकर विस्तृत चर्चा की।

# कुगती में बस स्टैंड न होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर के कुगती में बस स्टैंड न होने को लेकर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि वहां पर बस स्टैंड में छोटी गाड़ियों की भरमार लगी रहती है। लिहाजा निगम की बसें से भी वहां खड़ी होने की जगह नहीं होने के चलते नहीं पहुंच पा रही हैं।

जानकारी के अनुसार हर रोज कार्तिक स्वामी कुगती मंदिर में दर्जनों श्रद्धालु माथा टेकने जा रहे हैं। लिहाजा व अपनी गाड़ियों को छोटे से बस स्टैंड में ही पार्क करके जा रहे हैं। पार्किंग की जगह बहुत ही कम होने के कारण यहां पर समस्या इतनी बढ़ गई है कि यहां आने वालें दूसरी बहनों को मुड़ने तक की जगह नहीं बच रही है। लिहाजा यहां आने वाली निगम की बसें कई किलोमीटर पीछे लाहल में ही रूक रही है। ऐसे में सवारियों को कई किलोमीटर पीछे से पैदल होकर कुगती गांव पहुंचना पड़ रहा है। स्थानीय लोग इस समस्या को लेकर काफी परेशान हो रहे हैं।

प्रधान ग्राम पंचायत कुगती अनु वाला ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर बस स्टैंड का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा है कि यहां पर हर वर्ष हजारों श्रद्धालु व पर्यटक आते हैं लेकिन पार्किंग की व्यवस्था न होने के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

पिछले कई दिनों से यहां पर पार्किंग वह बस स्टैंड न होने के चलते निगम की बसों को भी कई किलोमीटर पीछे ही रुकना पड़ रहा है। पार्किंग वापस स्टैंड की व्यवस्था न होने के चलते यहां पर आने वाले श्रद्धालु गाड़ियों को मनमाने तरीके से पार्क कर रहे हैं। जिसके कारण निगम की बसों को मुड़ने की जगह भी नहीं बच रही है।

अधिशासी अभियंता भरमौर मीत शर्मा ने कहा कि मामला उनके ध्यान में आया है। इस बारे में उन्हें एसडीएम भरमौर से भी निर्देश मिले हैं । यहां पर जल्द ही पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था कर दी जाएगी। इसके लिए साथ लगती खाली सड़क से स्लिप हटाकर छोटी गाड़ियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था शीघ्र कर दी जाएगी।

## चंबा-राडी रूट पर बस सेवा बंद होने से ग्रामीणों में रोष

**चंबा ।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर के राडी में एचआरटीसी की सेवा एक बार फिर से बंद होने से लोगों में काफी नाराजगी है। कुछ समय पहले निगम ने यहां पर एचआरटीसी की बस सेवा चलाई थी जिसे विभाग ने एका-एक बंद कर दिया है। विभाग द्वारा यहां पर निगम की बस को मन मर्जी तरीके से चलाया जा रहा है।

ऑल इंडिया राहुल गांधी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया है कि जब बस सेवा शुरू हुई थी तो यहां के लोगों का आजादी के सात दशकों का सपना पूरा होता दिख रहा था। लेकिन अब इस बस सेवा के बंद होने से यह सपना भी टूटता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा इस बस को अब कभी कबार ही भेजा जा रहा है। जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी श्रवन कुमार चमन शर्मा मदन शर्मा वह अमित शर्मा ने कहा है की विभाग को इस रूट पर बस चलानी ही नहीं थी तो कुछ दिन भेजा ही क्यों था। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू वह एचआरटीसी मिनिस्टर मुकेश अग्निहोत्री से अपील की है कि इस रूट पर चंबा से राडी बस सेवा को पुन: नियमित बहाल किया जाए ताकि यहां की गरीब जनता को इसका फायदा मिल सके। (अनंत ज्ञान)

# सरकार की भूमि योजना से जोड़े जाएंगे रेहड़ी-फड़ी धारक

**एमएम डैनियल, चंबा**

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को लेकर नगर परिषद चंबा परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नप चंबा अध्यक्ष नीलम नैय्यर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की प्रबंधक रुचि महाजन ने स्टाफ सहित उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर नगर परिषद चंबा अध्यक्ष नीलम नैय्यर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को आरंभ किया गया है। जिसमें रेहड़ी-फड़ी धारकों व उनके परिवार सदस्यों के 8 विशेष योजनाएं आरंभ की है। जिसमें इस वर्ग को आर्थिकी सहायता से जोड़ने तक प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में बैंक प्रबंधक को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, ताकि रेहड़ी फड़ी धारकों को हर तरह पूर्ण रूप से मार्गदर्शन प्राप्त हो सकें।

वहीं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की प्रबंधक रुचि महाजन ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से चंबा शहर के रेहडी फड़ी वर्ग और उनके परिवार को सरकार की विभिन्न आठ कल्याणकारी योजना से जोड़ा जाएगा। इनमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के अधिकारियों द्वारा पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान नगर परिषद चंबा की अध्यक्षों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

# होली-उतराला सड़क का कार्य शुरू न होने पर होगा प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

अगर पांच दिनों के भीतर होली-उतराला सड़क का कार्य शुरू नही हुआ तो होली उतराला सड़क संघर्ष समिति इस सड़क का निर्माण कर रही एमसीसी कंपनी के भरमौर की विभिन्न साइटों पर चल रहे सभी कार्य स्थलों पर धरना प्रदर्शन करेगी तथा सभी कार्यों को बंद करवा देगी। जिसके लिए कंपनी प्रबंधन तथा विभाग जिम्मेदार होंगे।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष गगन ठाकुर की अगुवाई में सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि लगभग सात महीने पहले बड़ी मुश्किल से इस सड़क के कार्य को शुरू करवाया गया था,जिसके लिए होली क्षेत्र के लोग प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री से भी मिले थे। उन्होंने कहा की काम उस समय तो शुरू हो गया मगर पता नही किन्ही कारणों से कार्य फिर बंद हो गया जो आज दिन तक बंद पड़ा हुआ है।

उन्होंने विभाग सहायक अभियंता होली को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि एम सी सी कंपनी को पांच दिनों के भीतर कार्य शुरू करने के आदेश जारी करें अन्यथा एमसीसी कंपनी के भरमौर मंडल में चल रहे सभी कार्यों की साइटों पर धरना प्रदर्शन करते हुए सभी कार्य बंद करवा दिए जाएंगे, जिसके लिए कंपनी खुद जिम्मेदार होगी।

हालांकि इस संदर्भ में एमसीसी कंपनी के महाप्रबंधक का कहना है कि कंपनी ने इस लगभग दो किलोमीटर सड़क का बहुत सा कार्य कर रखा है मगर उसकी पेमेंट न होने के कारण काम बंद किया हुआ है, जैसे ही पेमेंट हो जाती है, कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा ।



ज्ञापन सौंपने के बाद होली उतराला संघर्ष समिति सदस्य।

## अध्यापकों को डेपुटेशन पर भेजने के मामले की सरकार करे जांच : रजनी



**अनंत ज्ञान, पांगी।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अति दुर्गम क्षेत्र पांगी में शिक्षा बदहाल होती जा रही है। यहां पर बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों की भारी कमी चल रही है। यहां पर शिक्षकों को डेपुटेशन के आधार पर दूसरे स्कूलों पर भेजने पर भी लोगों ने कड़ा एतराज जताया है और विभाग की इस मनमानी की सरकार से जांच करने की मांग की है। सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेचूनाला के अधीन राजकीय माध्यमिक विद्यालय चस्क, राजकीय माध्यमिक विद्यालय उदीन में पिछले चार पांच वर्षों से टीजीटी नान मेडिकल का पद खाली चला है।

मात्र माध्यमिक विद्यालय शुण में टीजीटी नान मेडिकल का पद भरा है, लेकिन वहां के अध्यापक को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेचूनाला में डेपुटेशन पर भेजने से अभिभावकों में नाराजगी है। स्थानीय निवासी एवं हिमाचल आदिवासी कांग्रेस की सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर रजनी पठानिया ने डेपुटेशन पर हैरानी जताते हुए कहा है कि यहां पर मनमानी तरीके से अध्यापकों को डेपुटेशन पर भेजा जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर प्रार्थना की है कि इस प्रकार की प्रतिनियुक्तियों की जांच हो ।

# नशे की रोकथाम के लिए करें ड्रग फ्री हिमाचल ऐप का इस्तेमाल : मनीष

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



हिमाचल प्रदेश में नशा तेज़ी से बढ़ता जा रहा है। आए दिन प्रदेश में किसी न किसी युवा की नशे की वजह से मृत्यु की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। प्रदेश में नशे को रोकने के लिए सरकार के साथ साथ प्रदेश की पुलिस व गैर सरकारी संस्थाएं सदैव संघर्षरत रही हैं लेकिन हालात बेकाबू से होते जा रहे हैं।

प्रदेश में नशे के राक्षस को खत्म करने हेतु सभी राजनैतिक दल व प्रदेश की समस्त जनता अब एकजुट होकर लड़ती नजर आ रही है। हाल ही में नशे के खिलाफ एक प्रयास के तहत प्रदेश पुलिस ने ड्रग फ्री हिमाचल नाम का एक ऐप लॉन्च किया था। आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने हिमाचल प्रदेश की आवाम से इस ऐप को इस्तेमाल कर नशे की रोकथाम हेतु पुलिस प्रशासन की मदद करने की अपील की है। इस ऐप के ज़रिये कोई भी प्रदेश वासी अपने आस पास हो रहे नशे के व्यापार अथवा नशे के उपभोग की जानकारी प्रदेश पुलिस तक आसानी से पहुंचा सकता है। प्रदेश की जनता से अपील करते हुए मनीष सरीन ने कहा की प्रदेश को नशे की आग से बचाने के लिए सबको एकजुट होकर अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी का निर्वहन करना होगा।

## बारातियों से भरी गाड़ी हुई दुर्घटनाग्रस्त

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के बन्नी रोड पर तुंदाह के चुलाड के पास बारातियों की एक टाटा सुमो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। जानकारी के अनुसार यह गाड़ी बारातियों को लेकर भरमौर से तुंदाह की तरफ जा रही थी। लेकिन चलाड़ के पास यह गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी जिसमें चालक को मामूली चोटे आई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचकर और तुरंत चालक को बाहर निकाल कर प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। गनीमत यह रही कि जिस वक्त यह हादसा हुआ उसे वक्त सभी बाराती गाड़ी से उतर गए थे। यह हादसा शुक्रवार सुबह का बताया जा रहा है।

# 12 साल से किराये की इमारत में चल रही अग्निशमन चौकी बनीखेत

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

एक दशक से ज्यादा का समय हो जाने के बाद भी अग्निशमन चौकी बनीखेत अपनी सेवाएं देती आ रही है किंतु इतना अधिक समय हो जाने के बावजूद भी चौकी के पास न तो खुद के आवास हैं और न कार्यालय, मौजूदा समय में किराए की इमारत में चल रही अग्निशमन विभाग की चौकी बनीखेत जिसमें कई मूलभूत सुविधाओं की कमी भी है।

इतना समय बीत जाने के बाद भी अग्निशमन चौकी किराए की इमारत से चल रही है। इस बारे में जिला परिषद पवन टंडन ने पुरजोर आवाज उठाते हुए कहा है कि सरकार को चाहिए कि जल्द ही आवंटित की गई भूमि पर जल्द ही भवन का निर्माण शुरू करवाया जाए ताकि अग्निशमन चौकी के समक्ष आ रही समस्याओं से निजात मिल सके। बीडीसी सदस्य ने कहा कि अग्निशमन चौकी बनीखेत का इसके आसपास के क्षेत्र के लिए बड़ा ही महत्व है क्योंकि आगजनी की घटना हो जाने पर या आपातकालीन स्थिति में तुरंत अपनी सेवाएं प्रदान करती आ रही है। विधायक डीएस ठाकुर ने बताया कि अग्निशमन चौकी के लिए जगह सुनिश्चित की जा चुकी है तथा इस जगह हेतु लगभग सभी औपचारिकताएं भी पूरी हो चुकी हैं। भवन निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को भी उचित दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं ।

# चंबा और कांगड़ा के शिल्पकार सम्मानित

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा शिल्प परिषद द्वारा मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चंबा सदर के विधायक नीरज नैयर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं परिषद अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. विजय शर्मा ने परिषद सदस्यों सहित उपस्थिति दर्ज करवाई।

परिषद अध्यक्ष डॉ. विजय शर्मा ने सर्वप्रथम मुख्यातिथि को सम्मानित करने की रस्म निर्वाह करते हुए कहा कि चंबा शिल्प परिषद में चंबा और कांगड़ा के शिल्पी शामिल है। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा बीते कई वर्षों से शिल्पियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष तीन शिल्पकारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है, लेकिन किसी कारणवश गुजरात के रहने वाले एक शिल्पी समय रहते नहीं पहुंच पाए हैं। वहीं जिला कांगड़ा के चित्रकार दीपक भंडारी व चंबा जिला के मंगला पंचायत वासी चंबा रूमाल शिल्पकार भावना कुमारी को सम्मानित किया जा रहा है।



मुख्य अतिथि के कार्यक्रमों द्वारा सम्मानित किया गया आपको बता देंगे दीपक भंडारी कांगड़ा जिला के रहने वाले हैं उन्हें चित्रकला के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है वहीं भावना कुमारी चंबा शहर के साथ लगते मंगला गांव की रहने वाली है जिन्हें चंबा रुमाल के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है।

उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की जमकर सहाना हमने कहा कि चंबा जिला विभिन्न तरह के पारंपरिक शुभकामनाओं के लिए समिति विरासत रही है।

सदर विधायक नीरज नैयर ने कहा कि यह बेहद हर्ष का विषय है कि चंबा शिल्प परिषद द्वारा चंबा व कांगड़ा के कलाकारों की प्रतिभाओं को न केवल तराशा जा रहा है। बल्कि उन्हें सम्मानित कर उनमें कला के प्रति ऊर्जा को भी संचालित किया जा रहा है। जिसके परिषद के समस्त पदाधिकारी व सदस्य बधाई के पात्र हैं।(अनंत ज्ञान)

| सूडोकु 00124 | | | | | | | | ★★★★ मध्यम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 00123 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## चुराह महोत्सव का कुलदीप की सांस्कृतिक संध्या के साथ समापन

**अनंत ज्ञान, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भंजराडू चुराह महोत्सव का समापन हो गया। इस महोत्सव में विशाल दंगल और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिसमें दर्शकों ने भारी मात्रा में भाग लिया।

तीन दिवसीय इस महोत्सव में दंगल मेले में अनेक राज्यों से बड़े बड़े पहलवान मेले में शरीक हुए हैं। इस महोत्सव में देश के अलग-अलग भागों से नामी वह मशहूर पहलवानों ने भाग लिया। इस बार दंगल मेले में अढ़ाई लाख रुपय का विजेता पहलवान को इनाम रखा गया था जिसमें प्रीतपाल पहलवान ने पहली माली पर कब्जा किया और दूसरे नंबर की माली पर शिवा महाराष्ट्र ने कब्जा किया।

वहीं रात्रि के समय कुलदीप शर्मा के गानों पर चुराह की जनता ने ठुमके लगाए।

# देवी रूप सैनी दूसरी बार बने सोसायटी डडौर के प्रधान

**आदर्श यादव, नेरचौक**

बल्ह उपमंडल के तहत डडौर स्थित दी बल्ह वैली नॉन एग्रीकल्चर अकृषि ऋण व बचत सहकारी सभा सीमित कमेटी के पांच वर्ष के बाद चुनाव सहकारी सभा के निरीक्षक संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किए गए।

इस चुनाव में सर्वसम्मति से प्रधान देवी रूप सैनी, उपप्रधान नंद लाल वर्मा को चुना गया, जबकि कोषाध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा को बनाया गया, वहीं लेखराज चौधरी, विपिन आर्य, नीरज कुमार व लेखराज सैनी का चयन कार्यकारी सदस्य के रूप में किया गया।




नवगठित कार्यकारिणी के सदस्य सामूहिक चित्र में।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

13 जुलाई, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** सप्तमीः (3:07) : **नक्षत्र :** हस्त (7:15), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** शिव (पूर्ण रात्रि) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:54), **राहुकाल** (8:59 -10:43 ।

### विशेष दिन

- 14 जुलाई 2024 : दुर्गाष्टमी कल।
- 13 जुलाई 2024 : चौमासी अष्टान्हिका विधान आज से प्रारम्भ।

**मेषः** लंबे समय से अटके रोजगार से संबंधित कार्य पूरे होंगे। नौकरी में कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। आलस्य, प्रमाद से बचें।

**वृषभः** अनजाने में हुई गलती से दुखी होंगे। कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिल सकती है। समय मध्यम रहेगा। परिस्थिति में पहले से सुधार होगा।

**मिथुनः** कारोबार विस्तार के लिए समय उपयुक्त है। जिस काम को हाथ में लेंगे, उसमें सफलता जरुर मिलेगी। भावनात्मक स्तर पर निर्णय लेने पड़ सकते हैं।

**कर्कः** तकनीकी खराबी के कारण आप के कार्य लंबित होंगे। लापरवाही से कार्यक्षेत्र में समस्या उत्पन्न हो सकती है। व्यस्तता के कारण निजी जीवन में उथल-पुथल संभव है।

**सिंहः** पिता के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। पुराने रोगों से परेशान रहेंगे। प्रभावशाली व्यक्तियों से लाभ मिलेगा। संपर्क क्षेत्र का विस्तार होगा।

**कन्याः** परिवार में शुभ प्रसंग के अवसर आयेंगे। परिजनों के सहयोग से ही कार्य होगा। भाग्य साथ देगा और आप की समस्या का समाधान होगा।

**तुलाः** कई दिनों से अधूरे काम आज पूरे होंगे। धन की स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ प्रसंग होंगे तथा स्वास्थ्य में सुधार होगा। चित्त प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिकः** मनमर्जी के कारण नुकसान होने की संभावना है। अपने व्यवहार में नर्मी लायें। यात्रा के योग है। नकारात्मकता हावी होने से निर्णय लेने में विलंब होगा।

**धनु :** किसी की भी निंदा न करें। अपनों से व्यवहार कमजोर होगा। दोस्तों के साथ मनोरंजन में समय व्यतित होगा। नई योजनाओं का शुभारंभ होगा।

**मकरः** साझेदारी में धन का निवेश लाभकारी रहेगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति करेंगे। स्थानादि परिवर्तन के योग बनेंगे। स्त्री पक्ष से विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कुंभः** कारोबार में समय व परिस्थिति में सुधार होगा। कम समय में काम को पूरा करेंगे। शुभ समाचार प्राप्त होगा। लेखा-जोखा के कार्य में विशेष सावधानी बरतें।

**मीनः** तेल तिलहन में धन निवेश करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपका समय शुभ व अनुकूल होगा। घर में शुभ व मांगलिक कार्यों की योजना बनेगी।

# गोपालपुर में महिलाओं ने जानीं सरकारी योजनाएं

**रितेश, सरकाघाट**

विकास खंड अधिकारी गोपालपुर विवेक पॉल की अध्यक्षता में शुक्रवार को सरकाघाट के बचत भवन में कृषक उत्पादक संगठन पर एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें गोपालपुर विकास खंड की विभिन्न पंचायतों से स्वयं सहायता समूह, कृषि सखी, पशु सखी, बैंक सखियों सहित अन्य महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

शिविर के दौरान खंड विकास अधिकारी ने कहा कि किसानों के लिए उनकी उपज के सही दाम पाने और आय बढ़ाने में कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़ना बड़े मुनाफे का सौदा है। इस योजना में कृषक उत्पादक संगठनों के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और उनका सामाजिक व आर्थिक उत्थान करना है तथा सरकाघाट के सभी किसानों से कृषक उत्पादक संगठन बनाने व उनसे जुड़ने का आग्रह किया है। विवेक पॉल ने कहा कि सरकाघाट में कृषि के क्षेत्र में काम की अपार संभावनाएं हैं। कृषक सब्जियां, मोटे अनाज, आलू व हल्दी का उत्पादन कर सकता हैं। किसान अपने क्षेत्र में पहले से बने छोटे समूहों को संगठित कर या नया कृषक उत्पादक संगठन बना सकते हैं और वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं।



शिविर के दौरान महिलाओं को जानकारी देते हुए गणमान्य।

#### महिला किसान उत्पादक संगठन का गठन

**शिविर** में महिला किसान उत्पादकों द्वारा सरकाघाट फार्म प्रोड्यूसर कंपनी का गठन भी किया गया। मिशन के अंतर्गत गोपालपुर में ब्लॉक स्तर पर सरकाघाट फार्म प्रोड्यूसर कंपनी के नाम से उत्पादक संगठन का गठन कंपनी अधिनियम के अंतर्गत किया गया है। जिसमें कृषि संबंधी उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरगांव**
**विकास खंड सदर मंडी , जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भरगांव विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 22.07.2024 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 23.07.2024 को अपराहन 12 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

**सामग्री का विवरणः-** 1. रेत (कांसा क्युरी)-प्रति क्युविक मीटर, 2. रेत (क्रशर) -प्रति क्युविक मीटर, 3. बजरी (20 एमएम कांसा क्युरी)-प्रति क्युविक मीटर, 4. बजरी (10,20,40 एमएम क्रशर) -प्रति क्युविक मीटर, 5. सोलिंग/बोल्डर पत्थर -प्रति क्युविक मीटर, 6. पत्थर (कट स्टोन) -प्रति क्युविक मीटर, 7. ईंट- प्रति ईंट/प्रति हजार, 8. जेसीबी कार्य ढुलाई व ब्रेकर- प्रति घंटा, 9. शटरिंग लकड़ी, स्टील इत्यादि- प्रति वर्ग मीटर, 10. सीमेंट किराया एचपीएससीएससी डिपो-प्रति बैग।

**शर्तेः-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 2. दरें अंकों और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता की व विभाग से हस्ताक्षरित एम-फार्म जमा करवाने होंगे, एम-फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी रॉयल्टी 60 रूपए प्रति टन के हिसाब से काटी जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेशिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निविदादाता प्रति सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाड़ी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 8. निविदादाता को 20000/- रू धरोहर राशि साथ में जमा करवानी होगी।

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत भरगांव**
**विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

एक देश की महानता, बलिदान और प्रेम, उस देश के आदर्शों पर निहित करता है। –सरोजनी नायडू

संपादकीय

# अग्निवीरों की सेवा को मान्यता

अग्निपथ योजना के तहत जब से अग्निवीरों की भर्ती शुरू हुई है, तब से यह भर्ती प्रक्रिया विवादों में रही है। भर्ती शुरू होने से पहले ही देश के कई राज्यों में बड़े स्तर पर विरोध-प्रदर्शन हुए थे और लोग अब तक इस भर्ती प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के जहन में कई सवाल और भ्रम थे। सबसे बड़ा सवाल यही था कि अग्निपथ योजना में चार साल पूरे होने पर सेवा समाप्ति के बाद अग्निवीरों को क्या मिलेगा? उन्हें कितनी तरह की सुविधाएं मिलेंगी और भविष्य कैसा होगा? इस पर केंद्र सरकार ने जवाब दिया था कि राज्य सरकारें सामने आई हैं और कई प्राइवेट संस्थान भी अग्निवीरों को कई तरह की सुविधाएं देने के लिए तैयार हैं।

रक्षा और गृह मंत्रालय की नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही थी, जो अब सार्थक होती दिख रही है। रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले इंडियन कोस्ट गार्ड और डिफेंस सिविलियन पोस्ट और डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग की 16 कंपनियों में भी नियुक्तियों में अग्निवीरों को आरक्षण मिलेगा। निश्चित रूप से केंद्र सरकार ने जो वादे किए थे, वे अब पूरे हो जाएंगे। इससे पहले हाल ही में राहुल गांधी ने लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर कर्तव्य के दौरान मरने वाले अग्निवीरों के परिवारों को दिए जाने वाले मुआवजे के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया था। राहुल ने दावा किया था कि राजनाथ सिंह ने झूठ कहा कि शहीद अग्निवीरों के परिवारों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा मिलता है। भारतीय सेना ने बाद में स्पष्ट किया था कि अग्निवीर अजय कुमार के परिवार को 98.39 लाख रुपए मिले थे और शेष राशि का भुगतान अंतिम खाता निपटान के बाद किया जाएगा।

इसके बाद यह मामला काफी हद तक शांत हो गया था और अब केंद्र सरकार पूर्व अग्निवीरों को भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने जा रही है। पूर्व अग्निवीर उन्हें कहा जा रहा है, जिन्होंने अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है और रोजगार के अवसर तलाश रहे हैं। इस फैसले के बाद से सेना अब अधिक प्रतिभाशाली युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए आकर्षित कर सकती है। पूर्व अग्निवीरों के लिए नौकरियां आरक्षित करके सरकार ने एक किस्म से यह सुनिश्चित कर लिया है कि उनकी सैन्य सेवा के दौरान हासिल किए गए कौशल और प्रशिक्षण का उपयोग नागरिक क्षेत्र में किया जाए। यह कदम प्रशिक्षित और अनुशासित व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्रदान करके देश की वृद्धि में योगदान देकर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकता है। यह पूर्व अग्निवीरों को नागरिक जीवन में एकीकृत करने और समाज की भलाई के लिए उनके कौशल और अनुभव का लाभ उठाने में भी मदद करेगा या यूं कहें कि इस आरक्षण नीति का उद्देश्य अग्निवीरों की सेवा को मान्यता देना और पुरस्कृत करना है, साथ ही देश की प्रगति के लिए उनकी क्षमता का दोहन करना है तो अतिश्योक्ति नहीं होगी।

राहुल गांधी की ओर से उठाए गए मसले के बाद अब केंद्र सरकार विपक्ष की चिंताओं से बखूबी निपट सकती है। अग्निवीरों और उनके परिवारों को दिए गए मुआवजे और लाभों की स्पष्ट जानकारी प्रदान कर केंद्र सरकार ने विपक्ष को चारों खाने चित कर दिया है। नौकरी की सुरक्षा और करियर की प्रगति पर अग्निवीर योजना के प्रभाव के बारे में चिंताओं का निवारण कर सरकार ने फिलहाल यह मसला शांत कर दिया है। विपक्षी नेताओं की चिंताओं के समाधान के लिए उनसे बातचीत करना बेहद जरूरी है। केंद्र सरकार को निकट भविष्य में इस मसले पर विपक्ष से बात करनी चाहिए ताकि उनकी शंकाओं पर पूर्ण विराम लग सके।

केंद्र सरकार को अब कौशल विकास और रोजगार के अवसरों जैसी योजना के लाभों पर प्रकाश डालना चाहिए। इससे अग्निपथ योजना के बारे में आम जनमानस में भी गहरा विश्वास पैदा होगा और वे खुशी-खुशी अपने लाडलों को देशसेवा में भेजने के लिए तैयार होंगे। बहरहाल, अर्धसैनिक बलों में पूर्व अग्निवीरों को दोबारा भर्ती में दस प्रतिशत के आरक्षण का रास्ता साफ हो चुका है। उम्मीद की जानी चाहिए कि वादे के मुताबिक पूर्व अग्निवारों को शारीरिक जांच में आयु सीमा में छूट के अलावा अन्य रियायतें भी मिलेंगी और उनके दोबारा रोजगार में कोई व्यवधान पैदा नहीं होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री

**बीना राय** हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री थी। उनका वास्तविक नाम कृष्णा सरीन था। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में जन्मी बीना राय के पिता रेलवे में अधिकारी थे। उनके घर में सभी को फिल्में देखने का शौक था। बीना जी की पसंदीदा हिरोइन खुर्शीद थीं। पचास के दशक की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से वह एक थीं। 'गौहर', 'शोले', 'मीनार', 'इंसानियत', 'मदभरे नैन', 'मैरीन ड्राइव', 'सरदार', 'चंद्रकांता', 'हमारा वतन', 'दुर्गेशनंदिनी', 'बंदी', 'हिल स्टेशन', 'मेरा सलाम', 'तलाश', 'घूंघट', 'वल्लाह क्या बात है', 'ताजमहल' और 'दादी मां' जैसी कुल 28 फिल्मों में उन्होंने अशोक कुमार, दिलीप कुमार, देव आनंद, भारत भूषण, किशोर कुमार, प्रदीप कुमार और शम्मी कपूर जैसे अपने समय के सभी जाने माने नायकों के साथ अभिनय किया। उन्होंने सन 1951 में प्रदर्शित फिल्म 'काली घटा' से अपना फिल्मी करियर शुरू किया था। विवाह के बाद बीना राय ने पति के साथ मिलकर 'पीएन फिल्म्स' के बैनर में 'शगूफा' (1953), 'गोलकुंडा का कैदी' (1954) और 'समुंदर' (1957) जैसी फिल्मों का निर्माण किया, साथ ही पति-पत्नी की इस जोड़ी ने इन फिल्मों में अभिनय भी किया। 1968 में बनी 'अपना घर अपनी कहानी' बीना राय की अंतिम प्रदर्शित फिल्म थी, जिसके बाद फिल्मोद्योग से नाता तोड़कर वह पूरी तरह घर-गृहस्थी में रम गईं। फिल्म 'घूंघट' (1960) के लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार हासिल किया था। ■



**बीना राय**
**जन्म :** 13 जुलाई, 1932
**मृत्यु :** 6 दिसंबर, 2009

## अपनी बात

**फास्ट** फूड डायबिटिज, हृदय रोग, पेट की समस्या, ब्लड प्रेशर, थकान, अनिद्र, कमजोरी इत्यादि और भी कई बीमारियों का कारण बनता है। ऐसे में आप फास्ट फूड के ज्यादा इस्तेमाल से कई तरह की गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं। सप्ताह में एक बार फास्ट फूड खाने से किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए, जब तक कि वे उस एक समय के अलावा संपूर्ण खाद्य पदार्थों से भरपूर संतुलित आहार लेते हैं। जितना संभव हो सके, फास्ट फूड को सीमित करना चाहिए। जंक फूड से हृदय संबंधी बीमारियां, कैंसर, समय से पहले अधिक आयु का लगना, उच्च रक्तचाप, हड्डियों की समस्याएं, मधुमेह (डायबिटिज), मानसिक रोग, पाचन तंत्र की समस्याएं, लीवर संबंधित समस्याएं, ब्रेस्ट कैंसर आदि बहुत सी बीमारियां होती हैं। व्यक्ति को अच्छा स्वास्थ्यवर्धक भोजन करना चाहिए, लेकिन आज के बच्चे और युवा अच्छे भोजन को अहमियत नहीं दे रहे हैं, जो उनके भविष्य के लिए सही नहीं है।

**–सोनिका अवस्थी, नगरोटा बगवां**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# तार्किक पाठ्यक्रम समय की मांग

एनसीईआरटी कक्षा छह से दस तक की इतिहास, समाज शास्त्र और राजनीति विज्ञान की पाठ्य पुस्तकों में बदलाव कर रहा है। एक मजबूत शिक्षा प्रणाली में शिक्षण सामग्री का संशोधन पाठ्यक्रम के लिए समान होना चाहिए, लेकिन भारत में स्कूली पाठ्यक्रम हमेशा नवीनतम शोध के साथ तालमेल बनाए रखते हैं। पक्षपातपूर्ण या संकीर्ण दृष्टिकोण से बचने के लिए स्वतंत्रता के बाद से, हमारी स्कूली पाठ्य पुस्तकें अक्सर कला, साहित्य, दर्शन, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास में भारत की प्रगति को मान्यता देने से बचती हैं। पहले की पाठ्य पुस्तकें भारतीय इतिहास के बारे में एक ऐसा दृष्टिकोण बनाती हैं, जो विश्व की सभ्यता पर भारत के गहन प्रभाव को दबा देती हैं।

इसके परिणामस्वरूप हमारी राष्ट्रीय पहचान और ऐतिहासिक कथा के बारे में एक विषम धारणा बनती है। स्कूली विद्यार्थियों को कम उम्र में ऐतिहासिक घटनाओं और संघर्षों की आक्रामकता के संपर्क में लाना उन्हें संकट में डाल सकता है। स्कूली पाठ्यक्रम में शिक्षा के अनुचित चरणों में ऐतिहासिक संघर्षों का परिचय, बच्चों के दिमाग में व्यापक ऐतिहासिक संदर्भ की कमी की धारणा को अमर कर सकता है। एक संतुलित कथा बच्चों के दिमाग में दुश्मनी और पूर्वाग्रह पैदा करने के जोखिम को कम करती है। एकतरफा ऐतिहासिक तथ्य स्कूली बच्चों के बीच सामाजिक सामंजस्य और आपसी सम्मान में बाधा डालेंगे। सार्थक पाठ्य पुस्तक संशोधनों का विरोध एक पुरानी संकीर्ण वैचारिक विचार प्रक्रिया को दर्शाता है, जो भविष्य में ऐतिहासिक शिकायतों और शत्रुता को शाश्वत बनाता है। एक संतुलित, विश्वसनीय और भरोसेमंद ऐतिहासिक कथा, संघर्ष समाधान और आपसी सम्मान के सकारात्मक उदाहरणों को रेखांकित करती है। यह छात्रों को अपने जीवन में सकारात्मक उदाहरणों और सिद्धांतों को लागू करने के लिए प्रेरित करती है। स्कूली छात्रों को एक संतुलित इतिहास पढ़ाना जो संघर्ष-आधारित कथाओं को कम करता है, उन्हें भारत की विरासत के बारे में बेहतर जानकारी के साथ जिम्मेदार और सहानुभूतिपूर्ण नागरिक बनने में सक्षम बनाता है। ऐसी पाठ्य पुस्तकें बच्चों में संज्ञानात्मक और भावनात्मक आधार बनाती हैं, जो भविष्य के आलोचनात्मक विश्लेषण के लिए आवश्यक है।



**लेखिका : प्रियंका सौरभ**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

संतुलित कथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्कूली पाठ्य पुस्तकों को संशोधित करने का कोई भी प्रयास अंत नहीं बल्कि एक शुरुआत है। छात्रों को ऐसी संतुलित पाठ्य पुस्तकों से जो आधार मिलता है, वह उन्हें बाद के वर्षों में एक गहरी ऐतिहासिक समझ बनाने में मदद करेगा। स्कूली पाठ्य पुस्तकों को छात्रों की उभरती जरूरतों को पूरा करने में उत्तरदायी होने के लिए बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने की जरूरत है। पाठ्य पुस्तकों में क्या पढ़ाया जाए और क्या न पढ़ाया जाए, इसकी चर्चा लगातार होती रही है, क्योंकि स्कूल की पाठ्य पुस्तकें ही वह माध्यम हैं, जिनके द्वारा सुविधाजनक विमर्श को आगे बढ़ाया जा सकता है। विवाद तब होता है, जब एक विमर्श आपके लिए सुविधाजनक होता है और दूसरे वर्ग के लिए असुविधाजनक। वर्तमान में इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में किए गए कुछ बदलावों से संबंधित विवाद को भी उसी संदर्भ में देखना चाहिए, जब एक वर्ग का सुविधाजनक दृष्टिकोण दूसरे वर्ग के विमर्श के अनुरूप नहीं होता है। देखा जाए तो इस प्रकार का विवाद पहली बार नहीं हुआ है। भारत के शैक्षणिक इतिहास में इस प्रकार के विवाद पहले भी होते रहे हैं। विश्व भर की शिक्षा व्यवस्थाएं अपने-अपने देश के पाठ्यक्रम को समझ और तार्किक दृष्टिकोण पर आधारित बनाना चाह रही हैं, वहीं हमारे देश में विवाद इस बात पर हो रहा है कि किस पक्ष का तथ्य सही है? यहां असुविधाजनक तथ्य को वृत्तांत की सहायता से सदैव छुपाने का प्रयास रहता है। इतिहास को न केवल तथ्यों से समझा जा सकता है और न केवल वृत्तांतों से, इसलिए यह आवश्यक है कि दोनों का उचित मात्रा में समावेश हो, मगर हमारे देश में इतिहास लेखन की शैली में तथ्य और वृत्तांत का विभाजन काफी बारीक है। इस विषय के पुनरावलोकन की आवश्यकता है। जहां पूरे विश्व की शैक्षणिक व्यवस्थाएं अपने स्वरूप को बदल रही हैं और छात्रों को तथ्यों से भरने के बजाय उन्हें इतिहास आधारित दृष्टिकोण से युक्त करने पर जोर दे रही हैं, जिससे छात्रों में इतिहास के प्रति एक वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण विकसित हो सके। आज के तकनीकी दौर में इतिहास बोध होने पर छात्र स्वयं ही ऐतिहासिक तथ्यों की पड़ताल कर सकता है।

किसी देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक है कि वह अपने छात्रों को तथ्य आधारित, वस्तुनिष्ठ पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराए, क्योंकि यही छात्र भविष्य के विमर्श को न केवल आगे बढ़ाते हैं, अपितु नए विमर्श की शुरुआत भी करते हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि इतिहास में एकपक्षीय दृष्टिकोण से आगे बढ़कर चिंतन और तार्किक पाठ्यक्रम का विकास किया जाए। एनसीईआरटी से अपेक्षा है कि वह वर्तमान विवाद से अप्रभावित रहते हुए छात्रों के ऐतिहासिक दृष्टिकोण के विकास से संबंधित पाठ्यक्रम का विकास करेगी, न कि तथ्यों के चयन में छात्रों को उलझाएगी। पाठ्य पुस्तकें किसी देश की सरकार द्वारा दिया गया आधिकारिक कथन होती हैं। इस रूप में ये वैचारिक या सैद्धांतिक परियोजना होती है। इतिहास और राजनीति विज्ञान की पाठ्य पुस्तकों का पुनरीक्षण वैसे भी अधिक संवेदनशील होता है। ये विषम समकालीन प्रासंगिकता के मुद्दों पर विचार करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करते हैं। उन्हें सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं को इतिहास के पलड़े पर तौलकर, इतिहास और वर्तमान के बीच तार्किक सामंजस्य बनाना सिखाते हैं। इन पुस्तकों के माध्यम से विद्यार्थी देश-विदेश के सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर अपने विचार बनाने का प्रयत्न करता है।

एनसीईआरटी की मूल पुस्तकों को इसी विचार के साथ रूप दिया गया था। कुल मिलाकर पाठ्य पुस्तकों से हटाई जाने वाली सामग्री, भारत के भूतकाल और वर्तमान की नकारात्मक धारणा पर आधारित है। यह मानसिकता कमजोर है, और केवल कुछ को हटाकर अपने इतिहास को बदलने का प्रयास करती है। इनके लिए भारतीय इतिहास के रचनात्मक, समावेशी, तार्किक, सुसंगत और विद्यार्थी अनुकूल संस्करण को लाना असंभव था, क्योंकि रचना में एक सकारात्मक गुण है, जिसे राजनीतिक ताकतें अक्सर कम आंकती हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# बरसाती आपदा से निपटने के लिए सामंजस्य जरूरी

आपसी सहयोग और एकजुटता किसी भी आपदा या संकट से उभरने का सबसे तीव्रगामी उपाय होता है। अभी बरसात का शुरुआती दौर है। हमें इस समय आने वाली आपदा से निपटने के लिए मजबूती के साथ आसपास के प्रभावित परिवारों को सतर्कता एवं इंसानियत के रूप में मदद करने के लिए प्रयासरत रहना होगा, क्योंकि अभी मानसून का प्रारंभ है। इस बार पिछली साल की अपेक्षा डेढ़ गुना अधिक बारिश होगी। यह अनुमान मौसम विभाग का है। इस चेतावनी को हमें हल्के में नहीं लेना चाहिए।



**लेखक : ठाकुर तारा**
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

पिछले जख्मों से सीख लेते हुए इस बार सभी आपदा के अभिकरणों और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, जिला प्रशासन, होमगार्ड, अग्निशमन विभाग एवं आपदा मित्रों के साथ-साथ सभी राजनीतिक दलों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस देवभूमि में आने वाले महासंकट के समय मानवता की सुरक्षा के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। मेघ गर्जना के साथ बादल फटना, वर्षा के जल का रौद्र रूप होकर बाढ़ आना, भू-स्खलन, नदी नालों में जलस्तर का भराव आदि बहुत ही घातक होता है। समय-समय पर प्रशासन नदी-नालों से दूर रहने की अपीलीय चेतावनियां जारी करता रहता है। हम सभी को इसके प्रोटोकॉल का सख्ती से अनुसरण करना चाहिए।

सहयोगात्मक दृष्टिकोण के मद्देनजर आपदा के अगले दो महीनों के लिए सभी ग्राम वासियों, आम नागरिकों को निपटने के लिए कमर कसनी होगी। दरार वाले मकानों को जिला प्रशासन के तुरंत संज्ञान में लाकर वहां से पलायन करना ही समय रहते अपनी ओर से परिवार की जानमाल की सुरक्षा की कड़ी हो सकती है। हम सभी को ईश्वरीय शक्ति में विश्वास रखते हुए फिर भी खुद से अपनी सुरक्षा और परिवार की सुरक्षा के लिए प्रयासरत रहना होगा, ताकि हम पिछली बार की आपदा से सीख लेकर इस बार तैयारी के साथ सामंजस्यपूर्ण एवं सहयोग सहित सुरक्षित रह सकें।

आपदा के न्यूनीकरण के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात संभावित खतरों वाले स्थान, भू-स्खलन वाली जगहों के आसपास से अपने और अपने परिवार सहित वहां से अलग हो जाना। यह चरण आपदा से बचाव का सबसे कारगर एवं सटीक तरीका है। इस युक्ति को अपनाकर हम सभी व्यक्तिगत रूप से इन जोखिमों को घातक बनने से पहले ही कम से कम मानवीय जानमाल की क्षति को कम कर सकते हैं। आपदा सड़कों, राष्ट्रीय राजमार्गों, घरों, सार्वजनिक स्थलों, खेतीबाड़ी, बागानों इत्यादि को बहुत ही नुकसान पहुंचाती है, जिस वजह से हिमाचल की आर्थिक स्थिति बहुत ही निम्न स्तर में चली जाती है। जनजीवन को पुनः पटरी में लाने के लिए समय और धन की बर्बादी होती है। इन नुकसानों को ध्यान में रखते हुए अगले दो महीने में सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है, तभी हम इस प्राकृतिक आपदा से निपट पाने के मनोबल को मजबूत रख पाएंगे। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

दोहे



**बुरा हाथरस में हुआ**
शिव सन्याल
जवाली, कांगड़ा

*जगह जगह हैं सज गए,*
*बाबाओं के दरबार।*
*ढोंगी बैठे लोभ के,*
*टपक रही है लार।।*
*ढोंगी बाबे लूटते,*
*लोगों का विश्वास।*
*फंस के उनके जाल में,*
*बन जाते हैं दास।*
*बुरा हाथरस में हुआ,*
*छीन ले गया जान।*
*लोग मरे बेमौत हैं,*
*भाग गया शैतान।।*
*पैरों नीचे रौंद के,*
*चला अंध गुबार।*
*लूट सत्संग ले गया,*
*कितने ही परिवार।।*
*लोगों के विश्वास से,*
*खेले ऐसी खेल।*
*सजा मिले हर हाल से,*
*जीवन भर की जेल।।*

# हिंदुत्व, भारतीय राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक पहचान

हिंदुत्व ऐसी अवधारणा है, जो भारतीय समाज और राजनीति में गहरी जड़ें जमाए हुए है। यह शब्द केवल एक धार्मिक विचारधारा का प्रतिनिधित्व नहीं करता, बल्कि एक जीवन दर्शन, सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय चेतना का भी प्रतीक है। हिंदुत्व को समझने के लिए, जैसा कि कहा गया है, व्यक्ति को सर्वप्रथम 'स्व' को जागृत करना होगा। हिंदुत्व की अवधारणा को समझने के लिए हमें इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक आयामों का गहन अध्ययन करना होगा। यह विचारधारा भारतीय उपमहाद्वीप के प्राचीन ज्ञान और परंपराओं से उत्पन्न हुई है, लेकिन समय के साथ इसने कई परिवर्तन और विकास देखे हैं।

आधुनिक संदर्भ में, हिंदुत्वने एक राजनीतिक और सामाजिक आंदोलन का रूप ले लिया है, जो भारतीय राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक पहचान के विचारों को आगे बढ़ाता है। हिंदुत्व की अवधारणा को समझने के लिए हमें सबसे पहले इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समझना होगा। हिंदुत्व शब्द का प्रयोग 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में शुरू हुआ, लेकिन इसकी जड़ें भारतीय उपमहाद्वीप के प्राचीन इतिहास में गहरी हैं। यह शब्द 'हिंदू' और 'तत्व' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है हिंदू होने का सार या हिंदू विचारधारा का मूल तत्व। हालांकि, यह केवल धार्मिक प्रथाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक सांस्कृतिक और दार्शनिक दृष्टिकोण है, जो जीवन के सभी पहलुओं को समाहित करता है।



**लेखक : डॉ. प्रशांत बड़थ्वाल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हिंदुत्व की अवधारणा को समझने के लिए व्यक्ति को अपने आंतरिक 'स्व' को जागृत करना आवश्यक है। यह आत्म जागरण की प्रक्रिया है जो व्यक्ति को अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानने में मदद करती है। हिंदू दर्शन में यह माना जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति में एक दिव्य चेतना निहित है, जिसे आत्मा कहा जाता है। इस आत्मा की पहचान और इसके साथ तादात्म्य स्थापित करना ही हिंदुत्व का मूल लक्ष्य है। हिंदुत्व में आत्म जागरण की प्रक्रिया कई चरणों से गुजरती है। सबसे पहले, व्यक्ति को अपने वर्तमान स्थिति के प्रति जागरूक होना पड़ता है। यह जागरूकता न केवल बाहरी परिस्थितियों के प्रति होती है, बल्कि अपने आंतरिक विचारों, भावनाओं और प्रवृत्तियों के प्रति भी होती है। इस जागरूकता के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में मौजूद असंतुलन और अशांति के कारणों को समझ सकता है। दूसरा चरण है स्वयं के प्रति ईमानदार होना। हिंदुत्व में यह माना जाता है कि सत्य की खोज ही मोक्ष या आत्मज्ञान का मार्ग है, इसलिए व्यक्ति को अपनी कमजोरियों, भयों और अहंकार को स्वीकार करना सीखना चाहिए।

यह स्वीकृति ही आगे के विकास का आधार बनती है। तीसरा चरण है आत्मसुधार की प्रक्रिया। एक बार जब व्यक्ति अपनी वर्तमान स्थिति को स्वीकार कर लेता है, तो वह उन क्षेत्रों पर काम कर सकता है, जहां सुधार की आवश्यकता है। यह सुधार शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक सभी स्तरों पर होना चाहिए। हिंदुत्व में योग, ध्यान और विभिन्न साधनाओं का महत्व इसी कारण से है, क्योंकि ये प्रथाएं व्यक्ति को समग्र विकास में सहायता करती हैं। चौथा चरण है सेवा और त्याग का मार्ग। हिंदुत्व में यह माना जाता है कि वास्तविक आत्मज्ञान तभी संभव है, जब व्यक्ति अपने अहंकार से ऊपर उठकर दूसरों की सेवा में लग जाए।

यह सेवा भौतिक रूप में हो सकती है, जैसे गरीबों की मदद करना या आध्यात्मिक रूप में, जैसे दूसरों को ज्ञान देना। त्याग का अर्थ है, अपने स्वार्थ को छोड़कर बृहत्तर हित के लिए कार्य करना। पांचवां और अंतिम चरण है आत्म साक्षात्कार या मोक्ष की प्राप्ति। यह वह अवस्था है जहां व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप को पहचान लेता है और उसके साथ एकाकार हो जाता है। हिंदुत्व में यही जीवन का परम लक्ष्य माना जाता है। हिंदुत्व को समझने के लिए व्यक्ति को इन सभी चरणों से गुजरना पड़ता है। यह एक लंबी और चुनौतीपूर्ण यात्रा हो सकती है, लेकिन यह एक ऐसी यात्रा है, जो व्यक्ति को अपने सच्चे स्वरूप तक ले जाती है। हिंदुत्व की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है 'वसुधैव कुटुंबकम्' अर्थात 'पूरा विश्व एक परिवार है'। यह विचार व्यक्ति को अपने संकीर्ण दृष्टिकोण से बाहर निकलकर एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करता है। जब व्यक्ति समझता है कि वह इस विशाल ब्रह्मांड का एक अभिन्न अंग है, तो उसके अंदर करुणा और प्रेम का भाव जागृत होता है। यह भाव न केवल अन्य मनुष्यों के प्रति होता है, बल्कि सभी जीवों और प्रकृति के प्रति भी होता है। हिंदुत्व में प्रकृति के साथ सामंजस्य का विशेष महत्व है। यह माना जाता है कि प्रकृति ईश्वर का ही एक रूप है और इसलिए इसका सम्मान और संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। यह दृष्टिकोण व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाता है और उसे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रेरित करता है।

हिंदुत्व में कर्म का सिद्धांत एक केंद्रीय स्थान रखता है। इस सिद्धांत के अनुसार हमारे प्रत्येक कार्य का एक परिणाम होता है और ये परिणाम न केवल इस जन्म में बल्कि आने वाले जन्मों में भी हमें प्रभावित करते हैं। यह सिद्धांत व्यक्ति को अपने कर्मों के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाता है। यह उसे यह समझने में मदद करता है कि उसके वर्तमान जीवन की परिस्थितियां उसके पूर्व कर्मों का परिणाम हैं और उसके वर्तमान कर्म उसके भविष्य को आकार देंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कभी तख्ती हुआ करती थी शिक्षा के तख्त तक पहुंचने की पहली सीढ़ी

हमारे समय में सभी जाति, आय व सामाजिक वर्गों के ज्यादातर बच्चे सरकारी स्कूलों में ही शिक्षा ग्रहण करते थे। सभी बच्चे पांच या छह वर्ष की आयु में पाठशाला में प्रवेश पाते थे। मजे की बात तो यह है कि इस उम्र में भी बच्चे मां-बाप को बहुत छोटे लगते थे। उस समय जीवन बहुत सरल हुआ करता था, तो स्वाभाविक ही है कि शिक्षा पद्धति भी बहुत सरल थी। प्रथम कक्षा में बच्चा जब प्रवेश पाता था, तो उसे एक कपड़े का बना हुआ झोला या बस्ता दे दिया जाता था। उसमें एक स्लेट, एक तख्ती और 2-3 कॉपियां डाल दी जाती थी। दिन में भूख लगने पर बच्चे रूमाल में बंधी हुई, घी चुपड़ी रोटी गुड़ के साथ खा लिया करते थे। नियमानुसार तो इसे आधी छुट्टी में खाना होता था, लेकिन बच्चे चुपके-चुपके बस्ते से पहले ही निकाल कर अर्ध-अवकाश होने तक इसे खत्म कर देते थे। यदा-कदा रोटी चोरी की घटनाएं भी पाठशाला में सुनने को मिल जाती थीं। आज मैं उस समय की शिक्षा प्रणाली के एक अचूक अस्त्र की बात करने जा रही हूं, जिसमें सुबह से लेकर शाम तक की सभी शैक्षणिक कार्य उसी में निपटा लिए जाते थे।

काली स्याही, जो कि टिक्किया या पुड़िया में मिलती थी, उसे पानी के साथ एक दवात में घोल लिया जाता था। लकड़ी या बांस की बनी हुई कलम से अक्षरों को बड़ी शिद्दत से तख्ती पर उकेरा जाता था। स्याही की चमक को बढ़ाने के लिए हम, उसमें अक्सर गुड़ और चीनी भी चुराकर मिला लिया करते थे। पट्टी धोने के लिए जब सारी कक्षा इकट्ठे निकलती थी, तो यह कार्यकलाप भी किसी खेल क्रिया से कम नहीं था। इसमें भी बच्चों का भरपूर मनोरंजन भी हो जाता था। बड़े प्यार से तख्ती को धोकर उसे मुल्तानी मिट्टी का लेप लगाते थे और हथेलियों से इसे बराबर करते थे। पट्टियों को सुखाने की प्रक्रिया भी बड़ी मजेदार हुआ करती थी। एक पंक्ति में सभी बच्चे हाथ को झुलाते हुए पट्टियां सुखाते थे और साथ में गाना गाते थे। 'सुक -सुक पट्टिए, ब्याह जो जाणा, ब्याह गया मुक्की, पट्टी गई सुक्की'।



**लेखिका : आशा देवी**
**जेबीटी टीचर**

बड़ी कक्षा के बच्चों की ड्यूटी अध्यापकों द्वारा छोटी कक्षाओं के बच्चों की तख्तियों को धोने के लिए या उनमें रेखाएं लगाने के लिए लगा दी जाती थीं। छोटे बच्चों की तख्तियों पर फीके अक्सर अध्यापक के द्वारा उकेर दिए जाते थे और उनके वर्ण अभ्यास की शुरुआत की जाती थी। आधी छुट्टी के बाद हर कक्षा को तख्ती में हिंदी का सुलेख लिखवाया जाता था। दूसरी तरफ पहाड़े या फिर गणित के सवाल करवाए जाते थे। चौथी कक्षा में पहुंचने पर जब अंग्रेजी विषय पाठ्यक्रम में शामिल होता था तो फोर लाइंस लगाकर अंग्रेजी का अभ्यास भी इसी तख्ती में करवा दिया जाता था।

बच्चों के आपसी लड़ाई-झगड़ों में तलवार की तरह लहराकर हथियार का काम भी यह कर जाती थी। किसी बच्चे की तख्ती को देखकर, उसकी लिखावट, बनावट, भाषाई शुद्धियों-अशुद्धियों को देखकर उसकी शैक्षणिक निपुणता का मूल्यांकन हर कोई कर लेता था। यहां तक कि परीक्षाएं भी तख्ती में करवा दी जाती थीं। मैं स्वयं सत्रह वर्ष प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका रही हूं। जाहिर है मेरा तो तख्ती से रिश्ता काफी लंबा रहा है। 2006 तक हम स्कूल में तख्ती का प्रयोग बच्चों से करवाते रहे हैं। तख्ती में रेखाएं खींचना, अक्षर उकेरना, सुलेख लिखवाना, कलम का टोका या नोक बनाना यह सब अपने शैक्षणिक कार्य का हिस्सा रहे हैं। समय परिवर्तन के साथ अभिभावकों को यह लगने लगा कि स्याही से उनके बच्चे के कपड़े और हाथ में काले हो जाते हैं, इसलिए उन्होंने अपने बच्चों के लिए कॉपियों का प्रयोग उचित समझा और धीरे-धीरे यह तख्तियां हमारे विद्यालयों से गायब ही हो गईं। यह तख्तियां शैक्षणिक संस्थानों से तो गायब हुई ही हैं, तख्ती हमारी स्मृतियों से भी विलुप्त होती जा रही है। आज नोटबुक पर लिख गलतियां इरेजर से मिटा दी जाती हैं, बच्चे के पास गलती करने का विकल्प एक हाथ में हमेशा मौजूद रहता है।

लाखों पेड़ों की लाशों के अवशेषों को बड़ी शालीनता से कागज का रूप देकर, कॉपी आपके सामने पेश कर दी जाती है। बच्चे लिखने मिटाने से शुरुआत कर अपनी शिक्षा की सीढ़ियां एक-एक करके पार करते जाते हैं, लेकिन शायद ही जुड़ पाते हैं मन से उन कागज के पन्नों से जितना हम अपनी लगन की स्याही को जिज्ञासा के पानी में घोलकर भाग्य की कलम से उकेरते थे। सरस्वती के शब्द अंश और लिख डालते थे, बड़ी शिद्दत से अपने सपनों को, तकदीर को उस लकड़ी के तख्त पर हर रोज सुंदर लिखावट में, कलम को स्याही में डुबोकर हर श्वास के साथ मेहनत का संकल्प लेते हुए। यह लकड़ी की तख्ती नहीं यह विद्या की देवी बन जाती थी, विद्या की मूर्त बन जाती थी। उससे पांव छू जाना भी महापाप माना जाता था। आज के समय पढ़ाई-लिखाई के लिए कितनी चीजें बन गई हैं, रंग-बिरंगी पेंसिलें,रंग-बिरंगे पेन, कई तरह के बैग और कॉपियां बाजार में उपलब्ध हैं, लेकिन आज की शिक्षा में अधिक से अधिक नंबर लाने की होड़ व अन्य कई तरह की प्रतियोगिताओं व स्पर्धाओं से बचपन किताब कॉपियों के बोझ तले मानो खो सा गया है। बचपन की स्वाभाविक रंगीनी व चंचलता को पढ़ाई का दबाव ले उड़ा है। ऐसे में दिल बस एक ही बात कहता है 'याद आया वह गुजरा हुआ जमाना, वह तख्ती, कलम, वह बस्ता पुराना।'

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**पुष्पराज, मंडी।** विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई थी। उसी दिन से विद्यार्थी परिषद छात्र हित समाजहित और राष्ट्र हित में काम करती आई है। ऐसे ही इस वर्ष भी विद्यार्थी परिषद द्वारा मंडी जिला के वल्लभ राजकीय महाविद्यालय इकाई द्वारा करिश्मा बीएड कॉलेज में संगोष्ठी तथा मिष्ठान वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि पूजा गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि विभाग संगठन मंत्री शशि शंकर रहे। विभाग संगठन मंत्री शशि शंकर ने कहा कि विद्यार्थी परिषद विद्यार्थी परिषद 9 जुलाई से सक्रियता से अनेक आयामों के माध्यम से प्रदेश भर में समाज एवं छात्रों के लिए काम करती आई है और करती रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### आज विभिन्न जगहों पर बिजली बंद रहेगी

**पुष्पराज, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू हुकम चंद ने बताया कि 13 जुलाई को बीर फीडर में पुरानी बिजली की तारों को बदलने और नये बिजली के पोल लगाने का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के दृष्टिगत 13 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खपरेहड़ा, भलेड़, तरनोह, घेरू, नेरन, थाम्बा तथा रोपड़ी आदि क्षेत्र में बिजली बाधित रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### आईटीआई मंडी में दाखिला प्रक्रिया शुरू

**पुष्पराज, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसमें 11 जुलाई से 22 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से फार्म भरे जा रहे है। आईटीआई मंडी में प्रबंधन द्वारा बच्चों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए गए है जिसमें संबंधित बच्चे अवकाश के दिन भी पंजीकरण के लिए आ सकते है। वहीं आईटीआई महिला मंडी की मुख्य शिल्प अध्यापिका ब्यासा ठाकुर ने बताया कि आनलाइन आवेदन के लिए बच्चों के पास वैलिड ईमेल आईडी, वर्किंग फोन नंबर और आवेदन शुल्क भरने के लिए एटीएम कार्ड भी लाना अनिवार्य रहेगा। बच्चे 31 जुलाई से 5 अगस्त तक दाखिला ले सकते है। (अनंत ज्ञान)

### आर्य समाज चोलथरा कमेटी के राजीव बने महामंत्री

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** आर्य समाज चोलथरा कमेटी का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधान दलीप सिंह ठाकुर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से वेद प्रकाश आर्य को प्रधान, अर्जुन सिंह उप प्रधान राजीव आर्य महामंत्री, श्रवण सिंह कोषाध्यक्ष, प्रकाश चंद सह सचिव, डीएवी प्रधानाचार्य संजीव ठाकुर मुख्य सलाहकार और वेद प्रकाश, पवन कुमार, दलीप ठाकुर, अंतिम, राहुल चौहान, विपिन सकलानी, विजय कुमार, सत्यप्रकाश आर्य, राकेश बन्याल, अनंत राम, विनोद कुमार कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किए गए। डीएवी ग्रेयोह के तत्वावधान में 16 अगस्त से वैदिक सप्ताह मनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### उपभोक्ता को वापस लौटाई एटीएम में फंसी धनराशि

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** हिप्र राज्य सहकारी बैंक की एटीएम मशीन में फंसी 4000 रुपए की धनराशि वीरवार को बैंक प्रबंधक रमेश जमवाल ने खाताधारक उपभोक्ता को सौंप दी। यह धनराशि साईं मार्केट निवासी पल्लवी को उस समय मिली थी जब वो 5 जुलाई को एटीएम से रुपए निकालने गई थी और वो धनराशि उन्हें मशीन में फंसी मिली जिसके उपरांत समाचार पत्रों में समाचार पढने के उपरांत पंजाब नैशनल बैंक जोगिंद्रनगर की उपभोक्ता आशा देवी निवासी मझारनू ने बैंक प्रबंधक से संपर्क किया व प्रबंधक ने उन्हें ये धनराशि सौंप दी। (अनंत ज्ञान)

### सुबह के समय चंडीगढ़ के लिए मांगी सीधी बस सेवा

**गुलेरिया, मंडी।** चंडीगढ़ में अध्ययनरत व अन्य कार्यों से बसों में सफर करने वाले यात्रियों ने सुबह के वक्त चंडीगढ़ के लिए फोरलेन पर सीधी बस सेवा की मांग की है। इनका कहना है कि आमतौर पर मंडी से जो सामान्य बसें चंडीगढ़ के लिए जाती हैं वह कुछ क्षेत्र में तो फोरलेन पर चलती हैं लेकिन वाया बिलासपुर जाकर देर कर देती हैं। हालांकि वोल्वो बसें फोरलेन से ही जाती है लेकिन इनका महंगा किराया आम नागरिक नहीं उठा सकते। ऐसे ही कुछ यात्रियों गोपाल सिंह, सुंदरलाल, प्रवीण कौर और हिमांशु आदि ने बताया कि सुबह मंडी से जो बस चले वह लगभग साढ़े नौ या दस बजे चंडीगढ़ पहुंचे तो इसमें आसानी हो सकती है। उन्होंने कहा कि शाम को भी ऐसे ही सीधी बस सेवा पांच छः बजे के आसपास चंडीगढ़ से मंडी के लिए चलनी चाहिए। मंडी स्थित हिमाचल पथ परिवहन के क्षेत्रीय कार्यालय से कहा गया कि परिवहन के राज्य कार्यालय शिमला द्वारा ही की जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### बैंक ऋण योजनाओं की महिलाओं को दी जानकारी



**अनिल शर्मा, मंडी।** राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) मंडी द्वारा नाबार्ड के सहयोग से बाड़ा व क्योलीधार पंचायत में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिए जा रहे टेलरिंग और बैग बनाने के निःशुल्क प्रशिक्षण का समापन नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक राकेश वर्मा द्वारा एनएसआईसी प्रबंधक लोकेश भाटिया की उपस्थिति किया गया। मुख्यातिथि राकेश वर्मा ने महिलाओं को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

### बस रुकने से अस्पताल जाने वाले यात्री परेशान, दोगुना किराया देकर ऑटो में जाने को मजबूर

# स्कूल बाजार में जाम हुआ आम

**पुष्पराज, मंडी**

करीब दो सप्ताह पूर्व मंडी शहर में सवारियों के बस से उतरने और बस लेने के लिए कुछ स्थानों में फेरबदल किया गया था। जिसके चलते जहां कोटली और रिवालसर की ओर से आने वाले लोगों को सकोढी पुल के समीप उतारा जाता था अब स्कूल बाजार में उतारा जा रहा है। जिसके चलते स्कूल बाजार में भारी जाम की स्थिति भी पैदा हो रही है।

साथ ही स्कूल बाजार में बहुत से लोग अपने वाहन पार्क कर देते है और दोनों तरफ बस रुकने के दौरान भारी जाम लग रहा है जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। आलम यह है कि जो लोग कोटली और रिवालसर की ओर से आते है और उन्हें जोनल अस्पताल की ओर जाना हो तो उन्हें भी स्कूल बाजार में उतर कर वहां से ही पैदल यात्रा या फिर आटो के माध्यम से जाना पड़ता है।

वहीं, इसके कारण बुजुर्ग और चलने में असमर्थ कुछ लोगों को इससे भारी समस्या से जूझना पड़ रहा हैं। वहीं जिनको रिवालसर या फिर कोटली की बस में सफर करना हो वो या तो बस स्टैंड से या फिर महामृत्युंजय चौक से या फिर स्कूल बाजार से बस पकड़ सकते है लेकिन यदि आप सकोढी पुल के पास खड़े है तो वहां से आपको बस में बैठने से मुश्किल हो सकती है या फिर दूसरी बस का इंतजार स्कूल बाजार में खड़े होकर करना पड़ेगा।

समस्या यह भी आ रही है कि बरसात के मौसम में गर्मी और बारिश की संभावना रहती है लेकिन स्कूल बाजार में लोगों को खड़े होने के लिए न तो रेन शैल्टर है और न ही धूप या बारिश से बचने के लिए छत जिसके कारण या तो सवारियों को तपती धूप में खड़े होकर इंतजार करना पड़ेगा या फिर बारिश में भीगते हुए। इस बदलाव से परेशान लोगों ने भी अपना दुखड़ा सुनाया।(अनंत ज्ञान)

#### समस्या को लिया जाएगा गंभीरता से : एडीसी

**वहीं** इस बारे में एडीसी मंडी रोहित राठौर ने बताया कि लोगों को आ रही समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा और उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




बस के रुकने पर लगा जाम और जान को जोखिम में डालकर सवार होते लोग।

#### क्या कहते है प्रभावित लोग

**अब है ज्यादा पैदल सफर**

**कोटली** के हेत राम का कहना है कि उन्हें शुक्रवार को अस्पताल जाना था। पहले अकोढ़ी पुल के बस से उतरते थे तो अस्पताल थोड़ा नजदीक पड़ता था लेकिन स्कूल बाजार में ही अब बस रूकती है जिससे जहां थोड़ा पैदल चलना पड़ता था वहीं अब डबल चलना पड़ेगा।

**ज्यादा आ रही परेशानी**

**कोठी** गैहरी के बुजुर्ग मंगत राम ने बताया कि बीमार होने के कारण चलने में भी परेशानी होती है। सकोढी पुल से अस्पताल तक पहले आटो वाले 20 रुपए में पहुंचा देते थे अब तो स्कूल बाजार से दोगुना पैसा लेते है और बस की तरह आटो का भी इंतजार करना पड़ता है।

**प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत**

**मंडी** के सोहन लाल ने बताया कि वे किसी काम से वेलफेयर दफ्तर गए थे और वापसी के लिए बस का इंतजार करना पड़ रहा है और उक्त स्थान पर बैठने और धूप और बारिश से बचाव के लिए भी कोई सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## मंडी अस्पताल की पुराने ओटी कांप्लेक्स में बने पार्किंग : अनिल

**अनिल शर्मा, मंडी**

सदर विधायक अनिल शर्मा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में पार्किंग की आ रही समस्या को लेकर एक पत्र दिया है। क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में इलाज करवाने वाले लोगों को यहां पार्किंग की बहुत समस्या आती है।

सदर विधायक ने स्वास्थ्य विभाग के सीमित क्षेत्र के भीतर एक बुनियादी ढांचा तैयार करने का प्रयास किया है। बुनियादी ढांचे का निर्माण करते समय, विभाग ने किसी भी ब्लॉक के भीतर पार्किंग उपलब्ध नहीं कराई। इससे यातायात की समस्या पैदा हो गई है, क्योंकि लोग अपने वाहन अस्पताल के बाहर सड़क पर पार्क कर देते हैं। एंबुलेंस को भी अस्पताल तक रास्ता तय करने में कठिनाई होती है। अस्पताल के बीचों बीच पुराने स्टोर्स और पुराने ऑपरेशन थियेटर को हटाकर वहां खाली पड़ी जगह में तीन मंजिला पार्किंग, उसके साथ-साथ नर्सिंग कॉलेज और नर्सिंग हॉस्टल बनाने की योजना है। अस्पताल के कर्मचारियों को भी आवास की आवश्यकता है और निकट भविष्य में इसके प्रावधान पर भी विचार किया जा रहा है। सदर विधायक अनिल शर्मा ने लोक निर्माण विभाग को अस्पताल के ओल्ड आपरेशन थियेटर परिसर में पार्किंग के लिए प्रारूप तैयार करने को कहा है। लोनिवि ने 18 करोड़ रुपए का एस्टीमेट तैयार किया है। (अनंत ज्ञान)



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से भेंट करते हुए सदर विधायक अनिल शर्मा।

### अधिष्ठाता देव बाला कामेश्वर भंगरोही की हुई प्रतिष्ठा

**सुनील शर्मा, गोहर।** गोहर उपमंडल के मौवीसेरी में मच्छरोट क्षेत्र के अधिष्ठाता देव बाला कामेश्वर भंगरोही के नव निर्मित भंडार (कोठी) की प्रतिष्ठा श्रद्धा के साथ विधिवत संपन्न हुई। इस मौके पर कई दशकों बाद देवता के रथ में दो सौ साल बाद चांदी के तीन नए मोहरे चढ़ाए गए।

देव भंगरोही के भंडार की प्रतिष्ठा में हजारों लोगों ने देवता का आशीर्वाद लिया। देव भंगरोही तीन हारी के देवता है। जिसमें जेठी हार मरछोट, मौवीसेरी और तरौर शामिल है। देवता के पुजारी श्याम चंद और उमेश शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को 20 क्विंटल चावल की धाम देवता के भक्तों को खिलाई गई। (अनंत ज्ञान)

### खाई में लुढ़का लकड़ी से लदा ट्रक

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** सुंदरनगर-करसोग सड़क मार्ग पर जाछ में लकड़ी से लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। जानकारी अनुसार एक ट्रक एचपी-007-ई-1921लकड़ी लोड कर छतरी टीपरा से सुंदरनगर के धनोटू के लिए जा रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर खाई में लुढ़क गया।

घटना के समय दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में दो लोग बैठे हुए थे जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं। घायलों की शिनाख्त ललीत कुमार पुत्र डूमेश्वर गांव टीपरा डाकघर छतरी व दूसरा व्यक्ति दीपराज पुत्र रतन लाल के तौर पर हुई है। पुलिस चौकी निहरी की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

## कोटली में तराशा बाल कलाकारों का हुनर

**भगत सिंह गुलरिया, मंडी**



कोटली उपमंडल मुख्यालय पर सामुदायिक भवन में शुक्रवार को आयोजित बाल रंगमंच कार्यशाला में बाल कलाकारों ने अपनी प्रतिभा के जलवे बिखेरे। हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान एवं रंगमंडल के तत्वावधान में भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी के सहयोग से सामुदायिक लोक कला संस्कृति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में कोटली व आसपास के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए।

यहां पिछले 21 दिनों से जारी बाल रंगमंच कार्यशाला में 40 बच्चों ने भाग लिया। संस्थान की संचालिका सीमा शर्मा के निर्देशन में इन नन्हे कलाकारों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्यातिथि के रूप में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की प्रो. वाइस चांसलर प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने सराहना की।

## अटल आदर्श विद्यालय को निजी हाथों में सौंपने पर विरोध

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



प्रदेश में बने अटल आदर्श विद्यालयों को सरकार पीपीपी मोड पर चलाना चाहती है और इसके लिए कवायद भी शुरू हो गई है। धर्मपुर में लोगों द्वारा इसका विरोध भी शुरू हो गया है।

धर्मपुर उपमंडल के ग्रयोह वार्ड से जिला परिषद सदस्य वंदना गुलेरिया ने कहा कि अटल आदर्श विद्यालय को बनाने के लिए लोगों ने अपनी मलकियत भूमि दान दी है और यहां के बच्चों को इसमें लाभ देने का प्रावधान रखा गया है, लेकिन अब सरकार इस विद्यालय को निजी हाथों में देना चाहती है, वह बिलकुल भी सहन नहीं किया जाएगा। इन्होंने कहा कि इस भवन को बनाने के लिए करीब 55 करोड़ रुपए पूर्व सरकार ने खर्च किए हैं और प्रदेश में केवल तीन या चार अटल आदर्श विद्यालय ही बने हैं, बाकी जगह जमीन नहीं मिली है।

धर्मपुर की जनता सरकार के इस फैसले को किसी भी हालत में सहन नहीं करेगी और अगर सरकार नहीं मानेगी तो लोग सड़कों में उतरने को मजबूर हो जाएंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

उन्होंने कहा कि इस पाठशाला को सरकार अपने आप चलाए और जो शर्तें इसमें बनने से पहले हुई है उनके अनुसार ही इस पाठशाला को चलाया जाए। इस पाठशाला का निजीकरण किसी भी हालत में सहन नहीं किया जाएगा।

धर्मपुर में अटल आदर्श विद्यालय को पूर्व मंत्री ने अपने प्रयासों से बनवाया है, लेकिन अब इसे पीपीपी मोड पर चलाना समझ से परे है। सरकार अपने इस फैसले को वापस ले और इसे सरकार स्वयं चलाए, ताकि यहां के बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

### सांसद मोबाइल शिविर में लोगों ने करवाया चेकअप

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

ग्राम पंचायत चोलथरा के परिसर में शुक्रवार को सांसद मोबाइल अस्पताल निशुल्क सेवा के सौजन्य से एक-दिवसीय निशुल्क जांच व निदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग साठ लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस शिविर में रोगियों का मोबाइल अस्पताल के डॉक्टर आकाश, स्टाफ नर्स रीना गुलेरिया तथा लैब तकनीशियन अजय कुमार द्वारा जांच की गई।

इस दौरान रोगियों के रक्त जांच भी की गई। इस शिविर के आयोजन के दौरान स्थानीय पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार, ग्राम पंचायत प्रधान मेहर चंद गारला, उप प्रधान विजय बनयाल तथा ग्राम पंचायत के सदस्यों सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।



शिविर में जांच करते हुए।

## समाज को जातियों में बांटने की लगी होड़ : जम्वाल

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

राजपूत व सामान्य वर्ग का समाज में विशेषकर युवाओं के हितों की अनदेखी को लेकर राजपूत महासभा द्वारा प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसके अंतर्गत सुंदरनगर के सलापड में क्षेत्रीय महिला मोर्चा की विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री केएस जम्वाल ने की। बैठक में जिला मंडी के उपप्रधान हेमसिंह ठाकुर व सुंदरनगर इकाई के शीर्ष पदाधिकारियों ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में क्षेत्र के महिला मंडल व अन्य मातृशक्ति सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और समाज के हितों की रक्षा के लिए प्रदेश स्तरीय जारी प्रयासों में प्रमुखता से हिस्सा लेने का निर्णय लिया।

केएस जम्वाल ने कहा कि आजकल सभी पार्टियों एवं सरकारों द्वारा समाज को जातियों में बांटने की एक होड़ सी लगी हुई है। हिंदू सनातन धर्म को निरंतर विघटन की ओर धकेलने का पुरजोर प्रयास हो रहा है। बैठक में सेवानिवृत्त जिला प्लानिंग अधिकारी केएस मिन्हास, बेली राम वर्मा, सुरेंद्र सिंह, नरोत्तम सिंह रावत, प्रेमलाल वर्मा, सुरेंद्र चंदेल, रक्षा देवी, पुष्पा ठाकुर, मंजू व गीता देवी सहित अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



बैठक के दौरान मौजूद महिला मोर्चा के सदस्य।

### बीबीएमबी ने बुलाई बड़ी बैठक

**पंडोह।** बीएसएल परियोजना पंडोह बांध से बरसात में बढ़ने वाले पानी को डैम के गेट खोल कर छोड़ना ही पड़ता है। जिससे कभी भी बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। लोग प्रभावित होते हैं। इसलिए पहली बार स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से 13 जुलाई को बीबीएमबी विश्राम गृह पंडोह जरल में प्रात: 11 बजे विशेष जागरूकता बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। जानकारी देते हुए वरिष्ठ कार्यकारी अभियंता पडोह ने बताया कि इस बैठक में लोगों के महत्वपूर्ण सुझाव पर गहनता से चर्चा की जाएगी।(अनंत ज्ञान)

## बाबा कांशी राम की जयंती पर नाटक किया पेश

**पुष्पराज, मंडी**

पहाड़ी गांधी बाबा कांशीराम की जयंती पर भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी द्वारा संस्कृति सदन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनाइटेड थिएटर सोसायटी एंड आर्ट विलेज संस्था द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। महान स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी लेखक बाबा कांशीराम, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में कूद कर आजादी की लड़ाई लड़ी, उनके जीवन के संघर्ष को इस नाटक में बहुत ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया और इस संवेदनशील प्रस्तुति को देखकर दर्शकों की आंखों में आंसू आ गए। भाषा एवं संस्कृति विभाग के निदेशक पंकज ललित इस अवसर पर कहा कि नाटक का मंचन इतना प्रभावशाली था कि कलाकारों ने बाबा कांशीराम के चरित्र चित्रण को जीवंत कर दिया। उन्होंने नाटक की निर्देशिका दक्षा शर्मा को सम्मानित किया। जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने सभी कलाकारों को इस मार्मिक मंचन के लिए बधाई दी और कहा कि इस नाटक को स्कूल के बच्चों को दिखाया जाएगा । (अनंत ज्ञान)



पहाड़ी गांधी बाबा कांशी राम की जयंती पर नाटक प्रस्तुत करते कलाकार।

### लडभड़ोल स्कूल के एनसीसी इकाई ने विश्व पेपर बैग दिवस मनाया

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लडभड़ोल की एनसीसी इकाई ने विश्व पेपर बैग दिवस बड़ी धूमधाम से बनाया। इस दौरान बच्चों ने पेंटिंग, नारा लेखन, और कागज के थैले बनाकर के इस देश को मनाया। सबसे पहले एनसीसी अधिकारी प्रताप सिंह ठाकुर ने बच्चों को इस दिवस के बारे में जानकारी दी।

अंत में एनसीसी कैडेट्स ने पूरे बाजार में रैली निकाली और लोगों को जागरूक किया कि आप भी प्लास्टिक का प्रयोग न करके कागज के थैलों का प्रयोग करें। (अनंत ज्ञान)




विश्व पेपर बैग दिवस के दौरान मौजूद बच्चे।

## एफपीओ उगाएगा जोगिंद्रनगर हर्बल गार्डन के औषधीय पौधे

**रितेश, सरकाघाट**



एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान और अन्य।

धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा ने इस सीजन में धर्मपुर खंड में कृषि और बागवानी के कार्य को सुदृढ़ करने के लिए गत चार महीने से किसानों को उन्नत किस्म के बीज सात जगहों किसान सुविधा केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य तेज किया है।

एफपीओ के अध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एफपीओ ने मोटे अनाज के साथ-साथ कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के सहयोग से सोयाबीन, धान और मक्की के 10 क्लस्टर स्थापित किए हैं और 20 क्विंटल हल्दी का उन्नत किस्म का बीज भी उपलब्ध करवाया है। पिछले एक सप्ताह से बरसात में लगने वाले पौधे बागवानी विभाग की नर्सरियों में तैयार किए गए दो हजार पौधे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं जिनमें पांच प्रकार के संतरे, नींबू, गलगल, आम, लीची और जामुन इत्यादि के पौधे किसानों को उपलब्ध करवाने का प्रबंध किया है।

इसी कड़ी में अब एफपीओ ने मेडिशनल प्लांट भी किसानों को उपलब्ध के लिए हर्बल गार्डन जोगिंद्रनगर का दौरा किया। एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान के नेतृव में शुक्रवार को तीन सदस्यीय टीम हर्बल गार्डन गयी थी। जिसमें हेम चंद और पृथि पाल सिंह शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

**आस्था**

### धूमधाम से मनाया शनि देव रौ का मेला, एक दर्जन देवी-देवताओं ने की मेले में शिरकत

# देव मिलन की रस्म रही मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र

**आदर्श यादव, नेरचौक**

नाचन विधानसभा क्षेत्र की सलवाहन पंचायत के रौ गांव में स्थित शनि देव का मेला बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मेले में क्षेत्र के करीब एक दर्जन देवी देवताओं ने शिरकत कर देव आस्था में विश्वास रखने वाले श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। मेले का मुख्य आकर्षण देव मिलन की रस्म रही जिसका मेले में आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लुफ्त उठाया।

देवी-देवताओं को चादर भेंट कर स्थानीय पंचायत प्रधान पंकज चौधरी व शनिदेव मंदिर कमेटी के प्रधान दिनेश कुमार ने विधिवत रूप से विदाई दी। मेले के दौरान कुश्ती प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई नामी पहलवानों ने भाग लिया।

कुश्ती का खिताब दियारगी के विजय पहलवान के नाम रहा। इस अवसर पर स्थानीय महिला मंडल ने मेले में पधारे सभी देवी-देवताओं का फूल मालाओं के साथ आरती उतार कर स्वागत किया।

स्थानीय पंचायत प्रधान पंकज चौधरी व शनि देव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने मेले में पधारे सभी देवी-देवताओं व उनके साथ आए हुए देवलुओं तथा देव आस्था में विश्वास रखने वाले सभी श्रद्धालुओं का मेले में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री देव माहूंनाग चुनाहन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रमेश यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मेले में पधारे सभी देवी देवताओं के देवलुओं को आयोजन समिति द्वारा धाम का भी आयोजन किया गया था। (अनंत ज्ञान)



सलवाहन पंचायत में शनि देव के मेले के दौरान देव मिलन की रस्म का दृश्य ।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

### सहयोग शिक्षक बनने का सुनहरा मौका

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** टिहरा मंडी पतंजलि परिवार के सौजन्य से सहयोग शिक्षक बनने का पतंजलि परिवार सरकाघाट की ओर से एक सुनहरा मौका 14 जुलाई से पांच दिवसीय शिविर सुबह 5 से 7 बजे तक खेल के मैदान या शिव मंदिर सरकाघाट के हाल में मौसम अनुसार शुरू किया जा रहा है। यह जानकारी बीएसटी के जिला प्रभारी हाकम चंद पठानिया ने दी।

इस दौरान योगियों को योग, प्राणायाम, योगिग जॉगिंग, जल नेति, सूत्रनेति, सूर्य प्राणायाम, वनस्पतियों व आहार, जहर मुक्त खेती तथा नशे की दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी मुहैया करवाई जाएगी। सहयोग शिक्षकों के लिए शिविर सरकाघाट, टिहरा, धर्मपुर, संधोल, मंडप बलद्वाड़ा सहित सभी उप तहसीलों में क्रमशः लगाए जाएंगे।

## मृतका निशा देवी के भाई ने निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर विवाहिता निशा देवी की मौत की जांच को लेकर निशा देवी के भाई देश राज ने थाना प्रभारी अश्विनी शर्मा को लिखे पत्र में मौत की निष्पक्ष जांच की मांग की है। देश राज ने पत्र में कहा है कि उसकी बहन को उसका ससुर प्रताप सिंह मारपीट करता था। जिन बातों का वह बयान नहीं कर सकते हैं। जिसकी शिकायत उसकी बहन ने उसके साथ की थी।

उसने पुलिस ने आग्रह किया है कि निशा देवी के मोबाइल को कब्जे में ले कर उसकी जांच करवायी जाये जिससे हो सकता है कि कई राज सामने आएं। देश राज ने पुलिस से यह भी आग्रह किया है कि उसकी बहन के बच्चों से भी पुलिस पूछताछ करे। गौर हो कि विवाहिता निशा देवी का शव पुलिस ने रसोई से फंदे से लटका बरामद किया था। शव का नेरचौक मेडिकल कालेज में पोस्टमार्टम करवाकर उसका गुरुवार शाम को अन्तिम संस्कार किया गया था। पुलिस ने मामले में मृतिका के ससुर प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)



मृतका निशा देवी का भाई देशराज।

# गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की गैंग की धमकी के बाद बढ़ाई जेल अधिकारी की सुरक्षा

## बनगढ़ जेल में कई विचाराधीन कुख्यात गैंगस्टर और अपराधी हैं बंद

**राजेश शर्मा, ऊना**

गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की गैंग द्वारा कथित तौर पर ऊना के एक जेल अधिकारी को दी गई धमकी के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस गैंग ने हाल ही में हिमाचल की बनगढ़ जेल में कार्यरत अधिकारी को धमकी मिलने के बाद पुलिस ने अलर्ट कर दिया है। जेल के बाहर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। धमकी किस वजह से दी गई है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बनगढ़ की इस जेल में कई विचाराधीन कुख्यात गैंगस्टर और अपराधी बंद हैं।


हिमाचल के प्रवेश द्वार मैहतपुर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है।

कनाडा में बैठे कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के ग्रुप की तरफ से ऊना की बनगढ़ जेल में तैनात वरिष्ठ अधिकारी को धमकी मिलने का मामला सामने आया है। इसके बाद पुलिस विभाग सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गई है और जेल के आसपास की सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। बनगढ़ जेल में विचाराधीन बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। धमकी क्यों और किस वजह से दी गई, इसके बारे में पुलिस प्रशासन ने कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की है, परंतु माना जा रहा है कि यह धमकी गैंगस्टर की तरफ से दहशत फैलाने के उद्देश्य से ही दी गई है।

ऊना की जेल में कई बंदी कुख्यात अपराधियों का आना जाना रहता है। यह इसलिए है कि कई मामले स्थानीय अदालतों में भी उनके विचाराधीन हैं। नेपाल, यूपी, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों से जुड़े अपराधी और विभिन्न गैंग से जुड़े लोगों पर ट्रायल पर चल रहे हैं। कहीं न कहीं लॉरेंस विश्नोई गैंग से भी गोल्डी बराड़ गैंग के संबंध रहे हैं। प्रसिद्ध पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला को भी इसी गैंग द्वारा मौत के घाट उतारने का आरोप लगा था। गोल्डी बराड़ के ग्रुप से जेल अधिकारी को धमकी मिलने का इनपुट पंजाब के डीजीपी से हिमाचल पुलिस को मिला है। इसके बाद पुलिस प्रशासन इस मामले की जांच में जुट गया है।

बताना जरूरी है कि हिमाचल और पंजाब की सीमा ऊना जिला से सटी हुई है। अक्सर कोई भी तस्कर और अन्य वारदातों को अंजाम देने वाले पड़ोसी सूबे के लोग इस जिले में पहुंचते रहे हैं। कई कुख्यात बदमाश और तस्कर पकड़े भी गए हैं, जिनके इस जिले की विभिन्न अदालतों में मामले विचाराधीन हैं। ऐसी स्थिति में पहले ही यह जिला सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संवेदनशील है और अब यहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जिले की सीमाओं पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# बंगाणा के डॉ. सतिंद्र ठाकुर एसबीओ से बने सहायक निदेशक, अब ज्यूरी में देंगे सेवाएं


डॉक्टर सतिंद्र ठाकुर को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. सतिंद्र ठाकुर को उपमंडल बंगाणा पशुपालन विभाग के समस्त स्टाफ ने शुक्रवार को विदाई पार्टी दी। ज्ञात रहे एसबीओ डॉ. सतिंद्र ठाकुर की पदोन्नति सहायक निदेशक के तौर पर हुई है, अब वह रामपुर के ज्यूरी में अपनी सेवाए देंगे।

डॉ. सतिंद्र ठाकुर बंगाणा उपमंडल में करीब छह वर्ष का पूर्ण कार्यकाल कर चुके हैं और उनकी बेहतर कार्यशैली और राज्य सरकार की हर योजना से जनता को जागरूक करके उपमंडल बंगाणा में एक बेहतर पहचान बना ली थी। वहीं, हिमाचल की छह कॉउ सेंचुरियों में से एक उपमंडल बंगाणा के थाना कला के थाना खास में बनी कॉउ सेंचुरी को चार वर्षो से बेहतर रूप से चला रहे थे। विदाई पार्टी के समय उन्होंने उपमंडल बंगाणा स्टाफ के बेहतर सहयोग के लिए आभार भी प्रकट किया।

डॉ. सतिंद्र ठाकुर ने कहा कि भले भी मेरा तबादला ज्यूरी में हुआ है, लेकिन मैं लगातार इस कॉउ सेंचुरी से जुड़ा रहूंगा और जब कभी कोई समस्या उत्पन्न हो तो मुझ से संपर्क करें। वहीं विदाई समारोह में स्टाफ द्वारा सहायक निदेशक डॉ. सतिंद्र ठाकुर को शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर डॉ. राजेश जंगा, डॉ. अभिनव सोनी, डॉ. अभिनव राणा, फार्मासिस्ट बलबीर सिंह, तिलक राणा, नरेश कुमार, केशवानंद शर्मा, नंद लाल शर्मा, भीम सिंह, विरेंद्र ठाकुर, सुरेश कुमार, राज कुमार, डिंपल ठाकुर, अजय शर्मा, अंकुश शर्मा के अलावा सभी सदस्य मौजूद रहे।

# तीन युवक चिट्टे के साथ काबू

**सन्नी पुरी, गगरेट।** क्षेत्र के इच्छाधारी मंदिर गगरेट के समीप स्थानीय पुलिस ने तीन युवकों को चिट्टे के साथ पकड़ा है। तीनों युवक पंजाब से बाइक पर सवार होकर चिट्टे की खेप के साथ गगरेट की ओर आ रहे थे। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बुधवार देर शाम पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तो इच्छाधारी मंदिर गगरेट के पास पंजाब की ओर से बाइक पर आ रहे तीन युवकों को चेकिंग के लिए रोका गया। पुलिस को देखकर युवक घबरा गए। इस पर पुलिस को शक हुआ, जब इनकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवकों के पास से 4.35 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपियों की पहचान विशाल शर्मा, अंकित शर्मा निवासी नादौन व रोहित कुमार निवासी ज्वालामुखी जिला कांगड़ा के रूप में हुई हैं। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने कहा कि मामले को छानबीन की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# डिफेंस अकादमी के भूतपूर्व प्रशिक्षु पवन को मिला मरणोपरांत कीर्ति चक्र

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश डिफेंस अकादमी ऊना के भूतपूर्व प्रशिक्षु शहीद पवन कुमार धंगल पुत्र शिशुपाल निवासी पिथवी (रामपुर), शिमला, हिमाचल प्रदेश को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से नवाजा गया है।



शहीद के माता व पिता ने दिल्ली में आयोजित अंलकरण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों यह सम्मान प्राप्त किया। यह अकादमी इस शहीद की शहादत को नमन करती है। विदित हो पवन कुमार धंगल सन 2014 में इसी अकादमी का छात्र था।

अकादमी प्रबंधन ने बताया कि अकादमी में प्रशिक्षण दौरान यह लडका बहुत ही होनहार, अनुशासित ढंग से रहने वाला, चरित्रवान एवं मृदुभाषी था। प्रशिक्षण उपरांत सन 2014 में भारतीय सेना में भर्ती हुआ था। सेना में अपनी ड्यूटी के साथ-साथ यह होनहार सैनिक सेना ऑफिसर बनने के लिए एसीसी की तैयारी भी कर रहा था, लेकिन भाग्य को कुछ ओर ही मंजूर था।

बीते वर्ष फरवरी 2023 में जम्मू-कश्मीर में आंतकी हमले में पवन कुमार धंगल शहीद हो गए थे। अकादमी के अध्यक्ष ब्रिगेडियर जागीर सिंह कंवर, उपाध्यक्ष चीफ इंजीनियर कर्ण सिंह, निर्देशक कर्नल धर्मपाल वशिष्ट, कर्नल कुलदीप सिंह, डॉक्टर अनुपमा मनकोटिया व प्रशासनिक अधिकारी कैप्टन विजय शंकर शर्मा ने कहा कि इस वीर सैनिक के खोने का गम हमेशा रहेगा, लेकिन उनका सर्वोच्च बलिदान वीर भूमि हिमाचल के प्रत्येक युवा का देश की रक्षा हेतू सदैव प्रेरित करता रहेगा। शहीद धंगल के आदम्य साहत एवं शहादत पर हम सभी को गर्व है। (अनंत ज्ञान)

# मानदेय जारी करने पर आभार जताया

**विवेक शर्मा, अंब।** उपमंडल अंब के नंबरदार जनकल्याण महासंघ ब्लॉक अंब के कार्यकारिणी के ब्लॉक प्रधान



दीपक शर्मा ने बताया कि बीते सोमवार को उन्होंने उपमंडल अधिकारी अंब को एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें अब ब्लॉक के नंबरदारों के मानदेय को जल्द से जल्द जारी करने का आग्रह किया था।

इस ज्ञापन के बाद उपमंडल अधिकारी अंब विवेक महाजन ने वीरवार को वर्ष 2022 तक का मानदेय 24 लाख रुपए सभी ब्लॉक अंब के नंबरदारों को दे दिया है। इस मानदेय को देने के लिए उपमंडल अधिकारी अंब एवं जिलाधीश ऊना का प्रधान दीपक शर्मा और समस्त नंबरदारों ने धन्यवाद किया। दीपक शर्मा ने उपमंडल अधिकारी अंब एवं नायब तहसीलदार अंब को स्वयं मिलकर धन्यवाद किया और नंबरदारों का वर्ष 2023-24 के मानदेय को भी जल्द जारी कर देने का भी आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

# ठोस व तरल कचरे के निष्पादन के लिए पंचायतों में बनेंगे सेग्रीगेशन शैड : जतिन


उपायुक्त के साथ ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी बैठक के दौरान।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला में ठोस व तरल कचरे को एकत्रित करने के लिए पंचायतों में सेग्रीगेशन शैडों का निर्माण किया जाएगा।

इन सेग्रीगेशन शैडों में ठोस व तरल कचरे को अलग-अलग एकत्रित करके इंडस्ट्रियल यूनिट में भेजा जाएगा ताकि प्लास्टिक अपशिष्ट को रिसाइकिल करने, खाद बनाने या उनका उचित तरीके से निष्पादन किया जा सके। यह जानकारी उपायुक्त जतिन लाल ने प्लास्टिक वेस्ट की समस्या से निपटने को लेकर आयोजित हुई बैठक में दी।

इसके अतिरिक्त बैठक में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के मुद्दों को लेकर विस्तापूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर अपना सामाजिक दायित्व निभाना चाहिए। पर्यावरण को बचाने के लिए संचालित की जा रही मुहिम के साथ सभी को भागीदार बनना चाहिए। न सिर्फ स्वयं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करें, बल्कि दूसरों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना चाहिए।

बैठक में उपनिदेशक डीआरडीए शैलाफी शर्मा, बीडीओ ऊना केएल वर्मा, बीडीओ अंब ओम डोगरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# एक ही रूट का अलग-अलग भाड़ा यात्रियों को कर रहा भ्रमित

**राजेश शर्मा, ऊना**



एक ही रूट पर दो अलग-अलग भाड़े।

हिमाचल के भीतर बसों में यात्रा करने वाले लोगों को यात्रा भाड़े को लेकर भ्रम पैदा हो रहा है। यह भ्रम निजी और परिवहन निगम की बसों में एक ही रूट के अलग-अलग भाड़े को लेकर है। अब सही भाड़ा क्या है, इसे लेकर अक्सर बसों में बहस भी ही रही है।

हाल ही में ऊना से तनोह स्टेशन में एक ही व्यक्ति ने एक ही दिन सफर किया, लेकिन भाड़े में अंतर ने विवाद पैदा कर दिया। यात्रा करने वाले विशाल ने बताया कि जब वह परिवहन निगम की बस से गए तो उनसे दो यात्रियों का भाड़ा 150 रुपए वसूला गया। जब उन्होंने उतना ही सफर उसी रूट पर निजी बस से किया तो उनसे 160 रुपए वसूल किए गए। यह समस्या कई अन्य रूटों पर भी है। अब समानता नहीं होने से यात्रियों में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है, ऐसे में मामला कई दफा परिचालकों के साथ बहस तक पहुंच रहा है। उधर, परिवहन निगम के कई बस रूटों जो अलग-अलग डिपो से संबंधित हैं, उनके भाड़े में भी अंतर है। निगम के कई डिपो में भाड़ा टिकट मशीनों में अलग-अलग फीड है। ऐसी ही स्थिति निजी बस कंपनी की है। कुछ ने भाड़ा अपने परिवहन विभाग के मुताबिक फीड किया है, लेकिन पहाड़ी और समतल के दो स्लैब होने से कई जगह अंतर है, ऐसे में भ्रम की स्थिति पैदा हुई है।

उधर, अड्डा प्रभारी ऊना रणजीत सिंह ने माना है कि भाड़े में अंतर का पता चला है। यह मामूली अंतर कुछ रूटों और डिपो की मशीनों में है। अब नया सॉफ्टवेयर और नई मशीनें आने वाली हैं, उनमें सब सही होगा। (अनंत ज्ञान)

# आरोपी ट्रक चालक न्यायिक हिरासत में भेजा

**अनंत ज्ञान, हरोली।** क्षेत्र के एक गांव में 15 साल के बालक के साथ पास के ही गांव के एक ट्रक ड्राइवर द्वारा दुष्कर्म के मामले में आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। तीन दिन का पुलिस रिमांड होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया था, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उधर, चालक के कृत्य के कारण बुरी तरह जख्मी बालक की हालत स्थिर बनी हुई है।

बता दें पीड़ित के परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार पास के ही गांव में रहने वाला एक ट्रक ड्राइवर उनके 15 वर्षीय बालक को घुमाने के बहाने अपने साथ ट्रक पर ले गया था। बीते रविवार को बालक जब अपने घर पहुंचा तो उसने जो खुलासे किए, उससे परिवार के होश उड़ गए। पीड़ित बालक ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक ने कई बार उसका शारीरिक उत्पीड़न किया और बालक के शरीर पर हर जगह बुरी तरह काटा था। (अनंत ज्ञान)

# कुटलैहड़ के घंडावाल से भाजपा ने शुरू किया 'एक पौधा मां के नाम अभियान'


कुटलैहड़ के घंडावाल में भाजपा द्वारा शुरू किए गए एक पौधा मां के नाम अभियान में शामिल विरेंद्र कंवर तथा अन्य।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कुटलैहड़ विस क्षेत्र की गोशाला घंडावल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व मंत्री एवं राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके अभियान की शुरुआत करके पौधरोपण किया।

वीरेंद्र कंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा सदैव देश का सामूहिक संकल्प बनकर जन सहभागिता के माध्यम से इतिहास रचती रही है। स्वच्छता अभियान से देश की तस्वीर बदलने से लेकर कोरोना को पराजित करने तक देश ने प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर विश्व के सामने अद्भुत मिसाल पेश की।

उन्होंने कहा कि निश्चित ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान भी देश में पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री के इस इस अभियान के तहत कुटलैहड़ विस क्षेत्र में अढ़ाई हजार पौधरोपण का संकल्प साकार करने का बीड़ा हमने उठा लिया है।

इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महामंत्री रमेश शर्मा, महामंत्री गुरनाम सिंह, मीडिया प्रभारी चरणजीत पुरेवाल, उपाध्यक्ष राम सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनिका कौशल, अल्पसंख्या मोर्चा के अध्यक्ष फरीद खान, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील शारदा के अलावा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# 'संविधान हत्या दिवस' मनाने वाला केंद्र का फैसला सही : अरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अरुण कौशल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 25 जून संविधान हत्या दिवस के तौर पर मनाने का फैसला सराहनीय है। 25 जून, 1975 को भारत की भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में लगाई थी इमरजेंसी, जिस दौरान मीडिया की आवाज को दबाया गया था और भारतीयों के सभी लोकतांत्रिक अधिकारों का गला घोंटकर देश के संविधान का अपमान किया गया था। विपक्ष के नेताओं को पकड़-पकड़कर जेल में डाला गया था।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता विदेशों मे जाकर मंचों पर बोलते हैं कि आज संविधान खतरे में हैं, वे ऐसा किस मुंह से ऐसा बोलते हैं, जो कि पूरे विश्व में भारत को बदनाम करने के लिए विपक्ष का संयोजित षड्यंत्र हैं। वह कैसे भूल गए कि कांग्रेस ने ही सन 1975 में आपातकाल लगाकर संविधान का गला घोंटकर हत्या की थी। राहुल गांधी द्वारा सांसद में संविधान की कॉपी लेकर चलना ड्रामेबाजी से ज्यादा कुछ नहीं हैं।

# विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

**विवेक शर्मा, अंब**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशालय महिला एवं बाल विकास हिमाचल प्रदेश के कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी अंब में सूचना व प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, हमीरपुर के सौजन्य से एक खंड स्तरीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊना नरेंद्र कुमार ने की।

बैंक से आए प्रतिनिधियों ने महिलाओं को बैंक से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक तरीके से बताया व उन्हें बैंक में जाकर इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य शिक्षक राजेश ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, हिमकेयर कार्ड व अन्य योजनाओं बारे विस्तार से बताया।


बाल विकास परियोजना अधिकारी अंब के साथ उपस्थित महिलाएं।

पर्यवेक्षक पवन ने सभी महिलाओं को 3 कानूनों में बदलावों उसके बारे विस्तारपूर्वक बताया व इन्हें ध्यान में रखने बारे कहा। पर्यवेक्षक अंब कुलविंद्र सिंह ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को विस्तारपूर्वक सभी को बताया व इस अभियान को सफल बनाने के लिए सबको साथ लेकर चलने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में बिलासपुर से आए कलाकारों की मंडली ने भी खूब समां बांधा व साथ ही साथ केंद्र सरकार की योजनाओं को अपने तरीके से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊना नरेंद्र कुमार ने सभी महिलाओं को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया व आगे भी समाज में जी जान से काम करने बारे प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी ऊना कुलदीप सिंह दयाल, संख्यायिकी सहायक संदीप चौहान, पर्यवेक्षक पवन कुमार, पर्यवेक्षक कुलविंद्र सिंह, पर्यवेक्षक कमलजीत, पर्यवेक्षक संतोष कुमारी, पर्यवेक्षक कुंता देवी, पर्यवेक्षक रंजना देवी, पर्यवेक्षक पूनम, पर्यवेक्षक सुषमा देवी, पर्यवेक्षक सोमा देवी व ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर मातुल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**तैयारी** बरसात में जल जनित-जीवाणु जनित रोगों से जनता की सुरक्षा के लिए मिलकर काम करें सभी विभाग: डीसी

# ग्राम सभा की बैठक में पंचायतों में जल जनित रोगों पर जरूर करें चर्चा

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने बरसात के मौसम में जल जनित-जीवाणु जनित रोगों तथा अन्य समस्याओं से जनता की सुरक्षा के लिए सभी विभागों से मिलकर काम करने को कहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की रोगों से सुरक्षा और बचाव को लेकर सभी अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें। इसे लेकर शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक लेते हुए उपायुक्त ने बेहतर अंतर विभागीय तालमेल पर जोर दिया तथा रोगों से जन सुरक्षा को लेकर आवश्यक एहतियाती कदम उठाने को कहा।


ऊना में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त जतिन लाल।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विभाग इस दिशा में किए अपने कार्यों की साप्ताहिक रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जतिन लाल ने बरसात में रोगों से बचाव के लिए जन जागरूकता पर बल दिया। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं तथा एएनएम के साथ साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन जागरूकता संदेश घर-घर पहुंचाने को कहा।

उन्होंने जिला वासियों से भी बरसात के मौसम में रोगों से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतने का आग्रह करते हुए स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूकता के जन अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक में एएसपी संजीव भाटिया, एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

**ग्राम सभा बैठकों के जरिए आगे बढ़ाएं जागरूकता अभियान :** उपायुक्त ने जिले की सभी पंचायतों में अगली ग्राम सभा बैठक में जल जनित और जीवाणु जनित रोगों से सुरक्षा और बचाव के विषय पर चर्चा करने को कहा। उन्होंने पंचायतीराज विभाग को इसे लेकर सभी प्रधानों को सूचित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित बनाने को कहा कि इन बैठकों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा और एएनएम उपस्थित रहें। लोगों को डायरिया, पीलिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस ए और ई जैसे जल जनित रोगों और स्क्रब टाइफस, डेंगू, मलेरिया जैसे जीवाणु जनित रोगों को लेकर जानकारी दें।

उन्हें इन रोगों से बचाव के एहतियाती उपायों, आवश्यक सावधानियों के बारे में बताने के अलावा रोगों के लक्षण, उनके चिकित्सा उपचार को लेकर बताएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सर्प दंश के मामलों में झाड़-फूंक में समय न गंवाने तथा तुरंत डॉक्टरी उपचार लेने को लेकर जागरूक करें। (अनंत ज्ञान)

### कूड़े-कचरे का करें सही प्रबंधन

जतिन लाल ने पंचायतों तथा शहरी निकायों में कूड़े-कचरे का सही प्रबंधन सुनिश्चित बनाने को कहा। नालियों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए, ताकि पानी रुकने और गंदगी के कारण मक्खी-मच्छर पनपने और रोग फैलने के खतरे को टाला जा सके। उन्होंने कहा कि समय से वहां फॉगिंग और स्प्रे कराएं। उन्होंने सभी स्कूलों में बच्चों तथा शिक्षकों को बरसात में रोगों से बचाव के उपाय बताने के साथ-साथ सही तरीके से हाथ धोने को लेकर भी शिक्षित करने को कहा। उन्होंने जल शक्ति विभाग को जल स्रोतों की सैंपलिंग के मामले बढ़ाने को कहा। इसके अलावा जल भंडारण टैंकों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को सड़कों के किनारे पानी निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा।

### साफ-सफाई रखें

वहीं, बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एस.के. वर्मा ने कहा कि बरसात के मौसम में रोगों से बचाव के लिए सभी को व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ पेयजल, स्वच्छ व ताजे भोज्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। एहतियात बरतते हुए बरसात के दौरान घर और आसपास साफ-सफाई रखें, घास-झाड़ियां न उगने दें। पानी जमा न होने दें। घर के अन्दर-बाहर और आसपास कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें। शरीर की स्वच्छता का ख्याल रखें। दूषित जल का सेवन ना करें। खेतों में काम करते समय अपने शरीर को विशेषकर हाथ-टांगे और पैर ढक कर रखें।

# लोअर पंजवार में 80 लोगों का स्वास्थ्य जांचा


लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे चिकित्सक

**मुकेश कुमार, हरोली**

सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम में शामिल प्रीति, मनीष, निहाल ने शुक्रवार को डॉ. प्रदीप भाटिया के नेतृत्व में गांव अप्पर दौलतपुर गांव लोअर पंजवार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें 80 लोगों की स्वास्थ जांच की गई। 30 लोगों के टेस्ट किए गए। इसमें उच्च रक्तचाप के 7, शुगर के 5, जोड़ों के दर्द के 19 लोग पाए गए।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच निशुल्क की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया। इस मौके पर आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और गांववासी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### किशोर अवस्था में होने वाली समस्याओं के बारे में बताया



**शीला कौल, बंजार।** बंजार उपमंडल के अंतर्गत पड़ने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुशैनी में द हंस फाउंडेशन की मेडिकल यूनिट ने जागरूक शिविर का आयोजन किया, जिसमें डॉक्टर निखिल ने छात्राओं को किशोर अवस्था में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किशोर अवस्था में क्या-क्या समस्या आती हैं और इसमें किस प्रकार की सावधानियां बरतनी चाहिए और उपचार संबंधी जानकारी साझा की। साथ ही सामाजिक सुरक्षा अधिकारी दिव्या कौशल ने गांव के लोगों को द हंस फाऊंडेशन से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में लोगों को बताया और उसके प्रति उन्हें जागरूक किया। फार्मासिस्ट सुरजीत लैब टेक्नीशियन अक्षय पायलट मनमोहन सिंह ने भी अपनी भागीदारी सुनीश्चित की। (अनंत ज्ञान)

### कई बीमारियों की चपेट में आ रहे सेब के बगीचे



**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** मौसम में आए बदलाव के चलते सेब के बगीचे कई बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। कुल्लू के आनी की जलोड़ी क्षेत्र की छह पंचायतों में खनाग, लझेरी, खुन्न, बटाला, कोहिला, कमांद में कई बगीचे इन दिनों अल्ट्रनेरिया बलाइट और बुलिएपिलएफिड की चपेट में आ गए हैं। बागवानी विभाग के विषय विशेषज्ञ आनी उत्तम पराशर ने संबंधित पंचायतों का दौरा किया और सेब बागवानों के बगीचों का भ्रमण किया। बागवानों की हर बात को सुना और कहा कि अल्ट्रनेरिया ब्लाइट रोग से एक साइड की पत्तियां सिकुड कर सूख जाती हैं, इसके साथ ही पत्तियों में धब्बे भी आ जाते हैं, जिसकी रोकथाम के लिए उन्होंने बागवानों को जिनब प्लस हैग्जाकैनाजोल की स्प्रे 600 ग्राम प्रति 200 लीटर पानी में करें। वहीं, बुलिएपिलएफिड की रोकथाम के लिए उन्होंने बागवानों को सलाह दी कि इसकी रोकथाम के लिए बागवान अभी स्प्रे का छिडकाव न करें। बुलिएपिलएफिड की रोकथाम के लिए सेब तुडान के तुरंत बाद क्लोरपाईरीफास की स्प्रे 400 एमएस प्रति दो सौ लीटर पानी से स्प्रे करें। उनके विभाग में इन बीमारियों से संबंधित दवाइयां अभी उपलब्ध हैं। बागवान दवाइयां अपने नजदीकी उद्यान प्रसार केंद्रों से प्राप्त कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### उमस बढ़ने से माइट की चपेट में सेब के कई बगीचे

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** मौसम के करवट बदलने के साथ ही क्षेत्र में उमस बढ़ने लगी है, जिस कारण सेब के कई बगीचे माइट की चपेट में आ गए हैं। माइट का संक्रमण बगीचों में बहुत तेजी से फैल रहा है। माइट किट पत्तों का रस चूसता है, जिस कारण पत्तों में क्लोरोफिल की कमी हो जाती है और पत्तों में हरापन कम होने लगता है। पत्तों में कमजोरी के चलते फलों की गुणवत्ता प्रभावित हो जाती है और सेब के आकार में वृद्धि नहीं हो पाती है। आजकल का मौसम माइट रोग के पनपने के लिए काफी अनुकूल है इसलिए सभी बागवानों को अपने बगीचों पर लगातार नजर बनाए रखने की आवश्यकता है। यह रोग काफी तेजी से फैलता है और एक ही दिन में पूरे बगीचे को अपनी चपेट में ले लेता है। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान मोहिंद्र उपाध्याय ने कहा कि बागवानों को बगीचे में नजर रखनी चाहिए और यदि माइट के लक्षण दिखते हैं, तो इसकी रोकथाम के लिए उद्यान विभाग द्वारा अनुमोदित की गई दवाइयों का प्रयोग करना चाहिए। आजकल सेब के पौधों पर कई प्रकार के किट और फफूंद हमला करते हैं, जिस कारण पौधों सहित फलों को नुकसान पहुंचता है। (अनंत ज्ञान)

### मक्की और धान की फसल का 15 तक करवाएं बीमा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला कृषि उपनिदेशक कुल्लू सुशील शर्मा ने कहा है कि खरीफ सीजन में मक्की और धान के बीमा करवाने के लिए विभाग ने 15 जुलाई अंतिम तिथि निर्धारित की है। इससे पहले जिले के किसान अपनी दोनों फसलों का बीमा करवा सकते हैं। कृषि विभाग ने खरीफ सीजन की फसलों के बीमा को लेकर तिथियां निर्धारित कर रखी हैं। इसके बावजूद किसान अभी अपनी फसलों का बीमा नहीं करवा पाए हैं। इससे जिले में बिजाई के लिए समय पर बारिश का न होना भी रहा है। वहीं, विभाग की ओर से किसानों को 15 जुलाई तक मक्की और धान की फसल का बीमा करवाने को कहा गया है। मक्की और धान की फसल पर बीमा राशि 60,000 रुपए प्रति हेक्टेयर होगी, जबकि इसके लिए बीमा राशि प्रति बीघा 96 रुपए रहेगी। कुल्लू में मक्की का उत्पादन 12000 हेक्टेयर और धान का उत्पादन 1000 हेक्टेयर में होता है। बीमा विपरीत मौसम के कारण खराब हुई फसलों के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान से किसानों को बचा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### सामाजिक परिवर्तन का ध्येय लेकर विचार-विमर्श में जुटे युवा

**कमलेश वर्मा, मनाली।** प्रदेशभर के एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवियों द्वारा गठित एनजीओ में युवाओं की शक्ति को रचनात्मक व सेवा क्षेत्र में लगाकर सामाजिक परिवर्तन का ध्येय लेकर कार्य में जुटे हैं। रक्तदान, पौधरोपण, श्रमदान, अंगदान हो या पुस्तकें दान करने की बात हो। हर क्षेत्र में यह संस्था सेवा कार्य में युवाओं को जोड़कर ऊर्जा को सही दिशा में लगाने में जुटी है। इसी कड़ी में आज से 14 जुलाई तक मंडी व कुल्लू जिले के स्वयंसेवी मनाली में संगम युवा जागरूकता कार्यक्रम व कार्यशाला में तीन दिन विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्थ करने के लिए जुट गए हैं। एनजीओ के प्रदेश मीडिया संयोजक ठाकुर दीक्षित धलारिया ने कहा कियुवा संस्था युवाओं के सर्वांगीण विकास में विश्वास रखकर उसे साकार करने के लिए प्रयासरत रहने वाली संस्था है, जिसके अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष सुमित के नेतृत्व में मनाली में युवाओं का संगम कार्यक्रम हो रहा है, जिसमें कुल्लू-मंडी जिला इकाईयों के विभिन्न क्षेत्रों से युवा अपने-अपने क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह संगम युवा जागरूकता कार्यक्रम व कार्यशाला 12 से 14 जुलाई तक मनाली में आयोजित हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

# बागीपुल की ईशानी है शिव भोले श्रीखंड महादेव की दीवानी

## छह बार नंगे पांव चलकर श्रीखंड के दर्शन कर चुकी है 27 वर्षीय इशानी, श्रीखंड में सर्द मौसम और प्रतिकूल वातावरण में रात भी गुजार चुकी है ईशानी

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

कुल्लू जिले के निरमंड उपमंडल के बागीपुल की 27 वर्षीय ईशानी भोले बाबा की ऐसी दीवानी है कि भोले बाबा के दर्शनों 18570 फुट की ऊंचाई पर बसे श्रीखंड महादेव खंड की यात्रा पर अपने घर से ही नंगे पांव निकल पड़ती हैं। ऐसा ईशानी एक बार नहीं, दो बार नहीं, बल्कि छह बार कर चुकी हैं।

18570 फुट की ऊंचाई पर बसे शिव भोले के दर्शनों को 35 किलोमीटर की श्रीखंड महादेव की यात्रा उत्तर भारत की सबसे कठिन मानी जाने वाली ऐसी यात्रा है, जिस पर जाने वालों या जाने की इच्छा रखने वाले बड़े-बड़े सूरमाओं के पसीने छूट जाते हैं, लेकिन 25 वर्ष की छोटी सी उम्र में छह बार श्रीखंड महादेव के इस वर्ष भी नंगे पांव दर्शन कर लौट आई बागीपुल की ईशानी इस यात्रा को कठिन नहीं मानती न ही उसे इस यात्रा में आज तक कोई मुश्किल आई। इस बार अपने चार अन्य साथियों आकाश, सन्नी, सौरभ, दीपक के साथ श्रीखंड महादेव के दर्शन कर लौटी ईशानी ने बताया कि श्रीखंड महादेव यात्रा सच्चे मन से जाने वालों के लिए बिलकुल आसान है। श्रीखंड की 18570 फुट की ऊंचाई और वहां की कठिनतम परिस्थितियों में भी जिंदा रहा जा सकता है, बशर्ते आप पिकनिक मनाने नहीं, बल्कि भोलेपन से केवल सच्ची श्रद्धा लिए पूरा ध्यान लगाकर वहां जाएं, न कि दिखावे को। (अनंत ज्ञान)



अपने साथियों संग श्रीखंड के दर्शन करती हुई ईशानी।

### 2017 में पहली बार नंगे पांव निकली थी यात्रा

ईशानी ने बताया कि वे 2017 में पहली बार यात्रा पर नंगे पांव निकली थी, जिसके बाद अब तक छह बार श्रीखंड गई और हर बार उन्होंने यात्रा नंगे पांव ही पूरी की। नंगे पांव यात्रा करने के पीछे कोई दिखावा नहीं है, बल्कि जिस तरह से हिंदू धर्म में तय है कि जब भी हम किसी देवी, देवता या भगवान के दर पर जाते हैं तो नंगे पांव ही जाते हैं। इसी आस्था और विश्वास से मैंने हर बार नंगे पांव यात्रा की। श्रीखंड यात्रा पर जाना मेरी कोई मन्नत नहीं है, बल्कि शिव भोले के प्रति एक ऐसा लगाव है, जैसा घर से दूर रहने पर घर आने के लिए दिल मे जुनून से पैदा होता है, वैसा ही मेरा श्रीखंड जाकर शिव के दर्शनों के लिए लगाव है।

### जीवन के सबसे बेहतरीन पलों में से एक

ईशानी ने बताया कि वे छह जुलाई को घर से नंगे पांव निकली थी और 10 जुलाई को घर लौट आई थी। उन्होंने इस दौरान कई घंटे नंगे पांव बर्फ पर भी बिताए। पार्वतीबाग बाग से श्रीखंड तक करीब 4 घंटों की सीधी चढ़ाई, फिर श्रीखंड में बिताए करीब दो घंटे और वापस पार्वतीबाग तक का बर्फ पर तय किया सफर उनके जीवन के सबसे बेहतरीन पलों में से एक है।





### यात्रियों को गुजरते देखा तभी से मन था श्रीखंड जाने का

ईशानी कहती है कि जब मैं बहुत छोटी थी, तो इस यात्रा पर हमारे घर के साथ से यात्रियों का गुजरना देखकर मन में विचार आता था कि मैं भी यात्रा पर जाऊंगी, लेकिन कभी मौका नहीं मिला। 2016 में मैंने जब अपने घर में कहा कि मैं श्रीखंड यात्रा पर जाना चाहती हूं और वह भी नंगे पांव, तो मुझे अनुमति नहीं मिली, जबकि 2017 में मैंने जिद्द पकड़ी और अकेले ही यात्रा पर निकल पड़ी और सकुशल लौटी।

### इस बार यात्रा के अनुभव और संदेश

नंगे पांव श्रीखंड यात्रा से सकुशल लौटी इशानी बताती हैं कि यात्रा के दौरान एक 67 वर्षीय बुजुर्ग महिला भी दर्शन करके लौटी हैं, जो हिम्मत देती हैं, जबकि अकसर देखा गया है कि नवविवाहित जोड़े अकसर शादी के तुरंत बाद हनीमून मनाने निकल पड़ते हैं, लेकिन एक ऐसा नवविवाहित जोड़ा उन्हें यात्रा के दौरान मिला, जिनका विवाह 7 जुलाई को हुआ था और वे नौ जुलाई को श्रीखंड की धार्मिक यात्रा पर निकल पड़े थे। यात्रा के दौरान लोगों द्वारा रास्ते में फैलाई जा रही गंदगी और युवाओं द्वारा भोले बाबा के प्रसाद के नाम पर किया जा रहा भांग का नशा चिंता का विषय है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि आप इस यात्रा में खाने-पीने का सिर्फ उतना ही सामान ले जाएं, जिसके रैपर्स आप वापस भी ला सकें, या फिर विभिन्न पड़ावों पर डस्टबीन में डाल सकें, जबकि युवाओं और अन्य लोगों से अपील है कि यात्रा के दौरान नशा न करें, यह न केवल आपको शारिरिक, बल्कि मानसिक रूप में भी नुकसान पहुंचा रहा है।

# टोइंग वाहन से व्यवस्थित होगी ट्रैफिक सुविधा : सुंदर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि मणिकर्ण व कसोल में लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ रही है। इस समस्या से निपटने के लिए बस स्टॉप मणिकर्ण व कसोली में छोटी व बड़ी गाड़ियों की व्यवस्थित ढंग से पार्किंग सुनिश्चित करने के लिए एक टोइंग वाहन की व्यवस्था की जाएगी।

यह बात उन्होंने कसोल में बैठक के दौरान कही। साडा कमेटी कसोल-मणिकर्ण की बैठक मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में वन विश्राम गृह कसोल में आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि नो पार्किंग जोन में लगने वाली सभी गाड़ियों को यहां से हटाया जाएगा, ताकि पर्यटन की दृष्टि से यातायात के नियमों का पालन सुनिश्चित करवाया जा सके। उन्होंने कसोल से लेकर मणिकर्ण की सड़क की निशानदेही कर राजस्व विभाग को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि निशान देही के बाद सड़क को दुरुस्त किया जा सके। सीपीएस ने वन विभाग को मणिकर्ण में पर्यटन विभाग की जमीन पर सफाई करवाकर पार्क निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां पर 12 फुट ऊंची मेश वायर लगाई जाएगी। यहां जल शक्ति विभाग की ओर से फ्लड मिटिगेशन का कार्य भी किया जाना है।

उन्होंने साडा बैरियर के साथ ही एक बड़ा कांप्लेक्स बनाने के लिए निर्देश दिए, जिसमें साडा का कार्यालय, वन विभाग का नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर तथा सबसे निचले तल पर पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने इसके साथ ही पुलिस थाना के निर्माण के लिए भी जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कसोल में सड़क पर मार्केट तथा पुल के पास मीडियल स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि पर्यटकों को मौसम में यातायात का सही तरह से प्रबंध सुनिश्चित करने में सुविधा रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने मणिकर्ण बस स्टैंड की एचआरटीसी की पार्किंग को साडा द्वारा नीलामी किए जाने के भी निर्देश दिए, ताकि इस पार्किंग स्थल का सही तरह से इस्तेमाल हो सके तथा यहां से सरकार को आमदनी सृजित हो। उन्होंने कहा कि कसोल में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। (अनंत ज्ञान)



कसोल-मणिकर्ण साडा कमेटी की बैठक के दौरान सीपीएस सुंदर ठाकुर व अन्य।

### अवैध भवन निर्माण वालों पर कसें शिकंजा

सीपीएस ने विद्युत व जलशक्ति विभाग को अवैध भवन निर्माण करने वालों के बिजली, पानी के कनेक्शन काटने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसें, ताकि नियमों की अवहेलना न हो।

### डोर-टू डोर गारबेज कलेक्शन योजना होगी शुरू

उन्होंने निर्देश दिए कि घर-घर कूड़ा एकत्रीकरण के कार्य के लिए टेंडर किए जाएं तथा भविष्य में घर से ही कूड़ा एकत्रित किया जाएगा। हर घर के लिए 200, दुकान के लिए 1000 तथा रेस्टोरेंट के लिए 3000 प्रति माह की दर से शुल्क लिया जाएगा, जिससे इस पर्यटन क्षेत्र को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने सीवरेज लाइन, ठोस कचरा प्रबंधन, साडा क्षेत्र में डस्टबिन व डंपर तथा मुख्य बाजार के सौंदर्यकरण के बारे में भी उचित दिशा-निर्देश दिए।

# लाहौल घाटी के लिंडूर गांव की समस्या को लेकर गंभीर हुई विधायक

**कमलेश वर्मा, केलांग**

लाहौल घाटी के लिंडूर गांव की समस्या को लेकर विधायक अनुराधा राणा गंभीर हो गई हैं। गत तीन सालों से जाहलमा नाले में बाढ़ आने से गंभीर समस्या पैदा हुई है।

गांव में जोशी मठ जैसे हालात बन चुके हैं। इस समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। तीन साल से लगातार यह समस्या ग्रामीणों को तंग कर रही है। पिछले साल अक्तूबर महीने में भी गांव के 14 में से 7 घरों में दरारें आई थीं। चार घरों को तुरंत असुरक्षित घोषित किया गया था। 10,800 फुट की ऊंचाई पर बसे इस गांव में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया और आईआईटी मंडी की टीम ने स्टडी की थी। रिपोर्ट सरकार और प्रशासन को सौंपी थी, जिसमें कहा था कि इस गांव को तुरंत रीलोकेट करने की जरूरत है। विधायक ने मुख्यमंत्री सूक्खू को वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया। लिंडूर गांव की वर्तमान स्थिति व जहालमा नाले से उत्पन्न त्रासदी बारे विस्तार से बातचीत हुई और सभी पक्षों को उनके समक्ष रखा, जिस पर मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही लिंडूर गावों वालों को स्प्रिंकलर पाइप देने का प्रावधान जिला प्रशासन व बागवानी विभाग से करवाने के निर्देश पूर्व में दिए थे। निर्देश का पालन करते हुए विभाग शनिवार को गांव में सब सामान पहुंचा रहा है। विधायक ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष लाहौल-स्पीति से संबंधित अन्य प्रमुख मुद्दों पर भी चर्चा की। (अनंत ज्ञान)



# प्रेम राज को भुंतर सुधार समिति ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

देश सेवा के साथ समाज सेवा का जज्बा रखने वाले कंपनी कमांडर प्रेम राज शर्मा को भुंतर सुधार समिति ने लाइफटाइम मेंबरशिप प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने बताया कि कंपनी कमांडर प्रेम राज शर्मा एक नेक दिल इंसान हैं और अच्छे कार्यों के चलते इन्हें राष्ट्रपति मेडल से भी सम्मानित किया गया है। प्रेम राज सालों से जरूरतमंद लोगों व असहाय परिवारों की हमेशा जरूरत पड़ने पर उनकी सहायता करते हैं। वहीं, समय-समय पर रक्तदान भी करते हैं और साथ ही सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर रक्तदान शिवर भी लगाते रहते हैं। सामाजिक सरोकार में सराहनीय भूमिका निभाने वाली संस्थाओं के साथ यह जुड़े हैं। यही कारण है कि इन्होंने समाज सेवा के मकसद से भुंतर सुधार समिति के आजीवन सदस्यता इन्होंने ग्रहण की है। ऐसे व्यक्तियों का सम्मान होना चाहिए, जो हमेशा दूसरों के हित के यह चिंता करते रहते हैं और हमेशा किसी की भी मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। (अनंत ज्ञान)



# रोहतांग सहित शिंकुला में गिरे बर्फ के फाहे

**कमलेश वर्मा, मनाली**

जिला कुल्लू सहित पर्यटन नगरी मनाली में मौसम ने फिर से करवट बदल ली है। बरसात के चलते शुक्रवार को कुल्लू व मनाली में दिन भर रुक-रुक कर बारिश हुई, जबकि रोहतांग, शिंकुला व बारालाचा दर्रे की चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे।

धुंध के बीच पर्यटकों ने रोहतांग दर्रे में बर्फ का आनंद उठाया। हालांकि पर्यटक बर्फ के फाहों से परिचित नहीं हुए, लेकिन उन्होंने दर्रे में बिछी बर्फ की सफेदी का आनंद लिया। बर्फ के फाहे ऊंची चोटियों तक ही सीमित रहे। बर्फबारी व बारिश से तापमान में भी गिरावट आ गई है। हालांकि मनाली से सरचू लेह व मनाली से शिंकुला कारगिल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारू है। शुक्रवार को रोहतांग दर्रे सहित धुंधी जोत, मकरबेद, शिकरबेद, हनुमान टिब्बा, इंद्र किला, चंद्रखणी, भृगु व दशौहर की पहाड़ियों सहित छोटा व बड़ा शिघरी ग्लेशियर, चंद्रताल की पहाड़ियों, लेडी ऑफ केलांग व नीलकंठ की पहाड़ियों में बर्फ के फाहे गिरे, जबकि मनाली में तेज व लाहौल में हल्की बारिश हुई। पर्यटन नगरी मनाली में हालांकि पर्यटक बहुत कम आ रहे हैं, लेकिन सप्ताहांत के चलते पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद है। जुलाई महीने में भी रोहतांग दर्रे में पर्यटकों को बर्फ का दीदार हो रहा है।

शुक्रवार को पेट्रोल इंजन 96, जबकि डीजल इंजन 119 पर्यटक वाहन परमिट प्राप्त कर रोहतांग पहुंचे। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ने कहा कि मनाली में हल्की बरसात हो रही है, लेकिन हालात सामान्य हैं। सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए बहाल हैं, जबकि सभी मार्ग भी बहाल हैं। सप्ताहांत के चलते पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)



# प्रदेश में बढ़ रहे गो तस्करी के मामलों पर प्रदेश सरकार चुप : गोविंद

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में गो तस्करी के मामलों में वृद्धि सरकार की नालायकी और प्रशासन के ढीलापन का परिणाम है। यह बात शुक्रवार को उन्होंने कुल्लू के अटल सदन में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने प्रदेश सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि सरकार इस गंभीर मुद्दे पर आंखें मूंदे बैठी है और तस्करों को खुली छूट दी गई है। आरोपियों पर चोरी, तस्करी और गोधन की हत्या के मामले दर्ज होने चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। मनाली क्षेत्र के चरागाह मढ़ी और रोहतांग से करीब 600 मवेशी लापता हो गए हैं। ये मवेशी कहां गए, इनका कोई पता नहीं है। पिछले माह से प्रदेश में मवेशियों की तस्करी के मामले बढ़ रहे हैं। लाहौल में अभी तक गो तस्करी के सात मामले सामने आ चुके हैं। यहां से करीब 50 मवेशियों को छुड़वाकर मनाली के गो सदन में लाया गया है। पिछले दिनों पंडोह में एक ट्रक पकड़ा गया है। मनाली-रोहतांग मार्ग के राहनीनाला में भी एक ट्रक पकड़ा। गोविंद ने कहा कि मवेशियों की तस्करी कौन कर रहा है और इन्हें कहां ले जाया जा रहा है, किसी को पता नहीं है। सरकार इस मामले में चुप बैठी है। वहीं, अब ताजा मामले में एक ट्रक लाहौल के दारचा तक पहुंच गया और सरकार सोई रही। हैरानी की बात है कि होशियारपुर से ट्रक दारचा पहुंच गया, लेकिन कहीं पर भी ट्रक की चैकिंग नहीं हुई। कैसे यह ट्रक गुलाबा में लगे नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के बैरियर से बिना अनुमति से आगे निकला। गुलाबा से आगे जाने के लिए ऑनलाइन के माध्यम से परमिशन लेनी पड़ती है। इस मामले को लेकर भाजपा बड़ा आंदोलन करेगी और इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष भी उठाया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित सूद, दानवेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष अरविंद चंदेल, भाजपा नेता आदित्य विक्रम सिंह सहित अन्य नेता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

### ट्रेवल एवं टूरिस्ट गाइड के प्रशिक्षण को 15 तक करें आवेदन

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू (आरसेटी) द्वारा युवाओं को ट्रेवल एवं टूरिस्ट गाइड का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क रहेगा। इच्छुक युवाओं को 15 जुलाई से पहले प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आरसेटी कार्यालय ब्यासा मोड कुल्लू में आवेदन करना होगा। यह बात आरसेटी के निदेशक चंद्र नारायण सिंह ने कही। आरसेटी युवाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सक्षम बनाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग के मानकों पर कार्य करने का प्रयास शुरू करे विभाग : अश्विनी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग से संबंधित जिला स्तरीय बैठक का आयोजन शुक्रवार को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में किया गया।

सभी उपमंडल अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग के सभी मानकों पर कार्य करने के लिए प्रयास शुरू करें तथा इसके पहले चरण में सभी संबंधित सरकारी इकाइयों एवं संस्थाओं को इस रेटिंग के लिए मानकों पर सही उतारने का प्रयास करें। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों को इससे संबंधित उपमंडल स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि इस संबंध में सभी हितधारकों को विशेष कर जिन विभागों के रेस्ट हाउस आदि जिले में संचालित होते हैं, उन्हें इसमें जोड़ने का प्रयास करें। इसके दूसरे चरण में सभी निजी होटल तथा अन्य इस तरह के प्रतिष्ठानों को मुहिम से जोड़ा जाना है। स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग का उद्देश्य है कि पर्यटन इकाइयों के संयुक्त प्रयासों के माध्यम से पर्यटन स्थलों की सौंदर्य अपील और स्वच्छता में सुधार करके उनकी प्रतिष्ठा में सुधार करना है। (अनंत ज्ञान)



स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग से संबंधित बैठक के दौरान एडीएम कुल्लू अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

**प्रतिबंध** 15 जुलाई से 15 सितंबर तक नहीं होंगी कोई भी साहसिक गतिविधियां, ब्यास नदी का जल स्तर उफान पर, विभाग ने लिया निर्णय

# दो माह तक राफ्टिंग व पैराग्लाइडिंग व अन्य साहसिक गतिविधियों पर प्रतिबंध

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

बरसात के मौसम को देखते हुए कुल्लू में रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग सहित अन्य सभी साहसिक गतिविधियों पर हर साल की तरह इस बार भी 15 जुलाई से 15 सितंबर तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिला पर्यटन अधिकारी सुनैना शर्मा ने बताया कि इस मौसम में ब्यास नदी का जलस्तर काफी बढ़ जाता है और इसमें रिवर राफ्टिंग, रिवर क्रॉसिंग सहित अन्य विभिन्न साहसिक गतिविधियां खतरे से खाली नहीं होती हैं। बरसात में कुल्लू घाटी में पैराग्लाइडिंग भी काफी खतरनाक हो सकती है, इसलिए हर वर्ष कुल्लू में 15 जुलाई से 15 सितंबर तक इन साहसिक गतिविधियों पर पूर्णतय: रोक लगा दी जाती है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी कुल्लू ने रिवर राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग ऑपरेटर्स सहित अन्य साहसिक गतिविधियां चलाने वालों से इन आदेशों की अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित करने और 15 जुलाई से 15 सितंबर तक इन साहसिक गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाने के निर्देश दिए हैं। इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो।

विभाग तथा तकनीकी कमेटी की ओर से समय-समय राफ्ट, पैराग्लाइडर की जांच व निरीक्षण करता है। साथ ही अन्य विभिन्न साहसिक गतिविधियां चलाने वालों पर भी पूरी नजर रखता है। 15 जुलाई से 15 सितंबर तक सभी साहसिक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा, ऐसे में अगर कोई भी सहासिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सुनैना शर्मा, जिला पर्यटन अधिकारी कुल्लू।**

### कहां-कहां होती हैं राफ्टिंग

जिला पर्यटन विभाग की ओर से राफ्टिंग के लिए तीन साइट चिन्हित की गई हैं। इनमें रायसन से बंदरोल चार किलोमीटर का ट्रैक, बबेली से वैष्णो माता मंदिर बाशिंग तक पांच किलोमीटर व पिरड़ी से झीड़ी तक 14 किलोमीटर का राफ्टिंग ट्रैक बनाया है। जिले में 500 के करीब पंजीकृत राफ्ट हैं, 450 लाइसेंस गाइड, झीड़ी से लेकर रायसन तक 140 एजेंसियां है। जिले में आठ से 10 हजार के करीब युवा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं।

### कितनी पैराग्लाइडिंग साइट

कुल्लू में वर्तमान समय में कुल नौ पैराग्लाइडिंग साइट हैं, जिनमें से गड़सा साइट जहां पहले से ही कोर्ट के आदेशानुसार बंद है। वहीं, इसके अलावा पीज से ढालपुर, नांगाबाग, डोभी में दो हैं, जिनमें एक सरकारी व दूसरी प्राइवेट है। इसके अलावा मझाच, कोठी, सोलंगनाला व गुलाबा सहित कुल नौ पैराग्लाइडिंग साइट हैं, जिनमें 600 के करीब पायलट, जबकि 65 के करीब ऑपरेटर्स जुड़े हैं। जिले में रिवर राफ्टिंग व पैराग्लाइडिंग सहित अन्य विभिद्य गतिविधियों में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 30 हजार से भी अधिक लोग जुड़े हुए हैं।

# 16 से 18 अगस्त तक त्रिलोकनाथ में मनाया जाएगा पोरी मेला : केशव राम

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति का राज्य स्तरीय पोरी मेला 16 से 18 अगस्त तक त्रिलोकनाथ में मनाया जाएगा।



तीनदिवसीय पोरी मेले के सफल आयोजन व आवश्यक प्रबंधों को लेकर एसडीएम एवं अध्यक्ष राज्यस्तरीय पोरी मेला समिति केशव राम की अध्यक्षता में उदयपुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उदयपुर उपमंडल के समस्त कार्यालयों के अधिकारी, संबंधित पंचायतों के प्रधान व उपप्रधान एवं कारदार श्री त्रिलोकीनाथ मंदिर मौजूद रहे। एसडीएम केशव राम ने बताया कि तीन दिवसीय राज्यस्तरीय पोरी मेले का आगाज शोभायात्रा से होगा। मेले के दौरान कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे व खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित कारवाई जाएंगी। एसडीएम केशव राम ने बताया कि इसके अतिरिक्त बेबी शो, हिमालयन क्वीन व हिमालयन प्रिंसेस प्रतियोगिता, डॉगशो, वॉलीबाल, कबड्डी, टेबल टेनिस व बैडमिंटन, मेराथन दौड़ (पुरुष, महिला एवं 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए) राज्य स्तरीय पोरी मेले के मुख्य आकर्षण रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### एबीवीपी ने सफाई कर चकाचक किया शांति संगम



**एसपी जैरथ, नाहन।** राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नाहन के ऐतिहासिक स्थल शांति संगम में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्लास्टिक और अन्य कचरे को एकत्रित कर ठिकाने लगाया। इस अभियान में दर्जनभर कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जिला संयोजक पारस ठाकुर ने बताया कि विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से ही छात्रहित व समाज हित में कार्य करती आ रही है। विद्यार्थी परिषद ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है, जिससे समाज हित के साथ युवाओं के अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना पैदा हो। नाहन इकाई अध्यक्ष दीक्षित पुंडीर ने बताया कि अभाविप के आयाम विकासार्थ विद्यार्थी के माध्यम से यह अभियान चलाया गया। उन्होंने आम जनमानस से आग्रह किया कि सभी सफाई का विशेष ध्यान रखें, ताकि शहर के भीतर गंदगी के कारण कोई रोग न फैले। (अनंत ज्ञान)

### तेजी से बढ़ रही जनसंख्या विकराल समस्या : डॉ. रजत




**एसपी जैरथ ,नाहन।** सिरमौर के सराहां तहसील की कोटला पंजोला पंचायत में स्वास्थ्य खंड पच्छाद की ओर से विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इस मौके पर कार्यवाहक बीएमओ डॉ. रजत कुमार ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पूरे विश्व में आबादी तेजी से बढ़ रही है। यह एक विकराल समस्या है। इसमें भारत भी पीछे नहीं है। इसके लिए सभी को मिलकर आवश्यक कदम उठाने होंगे। एमओ डॉ. प्रवेश चौधरी ने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर परिवार नियोजन के स्थायी और अस्थायी साधनों के बारे में बताया। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक नरवीर शर्मा ने विभाग की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों व खासकर दस्त नियंत्रण के बारे में जानकारी दी। प्रत्येक घर में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को डायरिया से बचाव के लिए ओआरएस और जिंक की गोलियां विभाग की ओर से वितरित की जा रही हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक नरेश परमार, रणजीत सिंह, भानू प्रभा, सृष्टि शर्मा, पंचायत के प्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### नालागढ़ कॉलेज में आज होगी उपचुनाव की मतगणना

**बीबीएन।** पुलिस जिला बद्दी नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव की मतगणना शनिवार 13 जुलाई को होगी। पुलिस व प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के इंतजामों को पुख्ता कर दिया है। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नालागढ़ में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया है। पुलिस कर्मियों के अलावा, क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्नत फेस रिकग्निशन ड्रोन भी संचालित किए जाएंगे। सुरक्षा उपायों में सहायता के लिए एक पेशेवर डॉग स्क्वायड भी तैनात किया गया है। नालागढ़ के विभिन्न हिस्सों में पुलिस के बंदोबस्त रणनीतिक रूप से तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी संभावित व्यवधान का प्रबंधन किया जा सके। जिला आयुक्त मनमोहन शर्मा और पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने सभी क्षेत्र वासियों से कानून का पालन करने और शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की सुरक्षा के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा स्थापित किया गया है। केवल अधिकृत व्यक्तियों और संबंधित अधिकारियों को ही मतगणना केंद्रों के अंदर जाने की अनुमति होगी। इन व्यक्तियों की उचित तलाशी, डीएमएफडी (मेटल और निषिद्ध उपकरणों का पता लगाना) और आईडी कार्ड की जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा।

### तीसरा सीईडीएसए डायरेक्ट सेलिंग कॉन्क्लेव आयोजित



**आर मोहन चौहान, सोलन।** सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर डायरेक्ट सेलिंग इन एकेडमिक्स (सीईडीएसए) ने शूलिनी यूनिवर्सिटी के सहयोग से तीसरे सीईडीएसए डायरेक्ट सेलिंग कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस आयोजन में देश भर के प्रमुख डायरेक्ट सेलिंग पेशेवरों ने भाग लिया, जिन्होंने पैनलिस्ट के रूप में योगदान दिया। कॉन्क्लेव की शुरुआत चांसलर प्रो. पीके खोसला के संबोधन से हुई, उन्होंने उपभोक्ताओं को व्यावसायिक अवसर के साथ सशक्त बनाने की अनूठी विशेषता पर प्रकाश डालते हुए प्रत्यक्ष बिक्री के सार पर जोर दिया। प्रो. खोसला ने भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान के महत्व पर भी अंतर्दृष्टि साझा की और कहा कि शिक्षण और सीखने से पहले गुणवत्ता और ज्ञान सृजन होना चाहिए। प्रो. आशीष खोसला, निदेशक इनोवेशन और मार्केटिंग ने एक आकर्षक भाषण दिया, अपनी जीवन कहानी साझा की और सीखने की मानसिकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने शूलिनी विश्वविद्यालय की स्थापना और शिक्षा में मात्रा से अधिक गुणवत्ता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता के बारे में उत्साहपूर्वक बात की। प्रो. आशीष खोसला ने वैश्विक मानकों को प्राप्त करने के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों को अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता का भी उल्लेख किया। (अनंत ज्ञान)

### मादक पदार्थों का सेवन न करने की अपील की



**आशीष, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घड़याच में कार्यकारी प्रधानाचार्य अमर सिंह वर्मा की अध्यक्षता में किशोर स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सामुदायिक अस्पताल अर्की से किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता सुरक्षा ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत छह घटकों जिनमें पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, गैर संचारी रोग, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, नशा निवारण, लिंग आधारित हिंसा विषयों के ऊपर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने अपने वक्तव्य में संतुलित भोजन करने व मादक पदार्थों का सेवन न करने की अपील की। इसके साथ चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें रमन ने प्रथम स्थान, कर्ण ने द्वितीय व तानिया और सुरेश ने तीसरा स्थान हासिल किया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इसके साथ आरबीएसके की टीम, जिसमें डॉक्टर संतोष, डॉक्टर प्रियंका, फीमेल हेल्थ वर्कर मीनाक्षी ने छठी से 12वीं कक्षा तक के 99 विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की। (अनंत ज्ञान)

# एमसी के जनरल हाउस में देरी से विकास कार्यों पर ब्रेक

## 40 महीने के कार्यकाल में मात्र 10 जनरल हाउस हुए, हर महीने हाउस होना जरूरी, हर पार्षद साधे हुए है चुप्पी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन प्रदेश की एक मात्र निकाय बन चुकी है, जहां नियम कायदा कानून की किसी को परवाह नहीं है। पिछले करीब साल के कार्यकाल में कोई भी ऐसा कार्य नहीं जो सही तरीके से सिरे चढ़ा हो। यही कारण है कि 40 महीने के कार्यकाल में मात्र 10 जनरल हाउस नहीं हो पाए।

एमसी एक्ट के मुताबिक नगर निगम में हर महीने जनरल हाउस होना चाहिए पर कभी आयुक्त की ट्रांसफर तो कभी मेयर की कुर्सी की खींचतान में जनरल हाउस लंबित होते रहे हैं। वित्तीय वर्ष में मात्र एक ही जनरल हाउस हो पाया है। चुनाव आचार संहिता के चलते पिछले करीब महीने से हाउस नहीं हुआ, लेकिन केंद्र में सरकार का गठन होने के बावजूद नगर निगम एक अदद जनरल हाउस का आयोजन नहीं कर पा रहा है। ऐसे में चुने हुए पार्षदों और नगर निगम से विकास कार्यों की उम्मीद नहीं की जा सकती। (अनंत ज्ञान)




नगर निगम सोलन का कार्यालय।

### आपसी गुटबाजी विकास पर भारी

नगर निगम में पार्षदों की आपसी गुटबाजी शहर के विकास कार्यों पर भारी पड़ रही है। निगम में डिप्टी मेयर के पद पर काबिज होने के बावजूद भाजपा के पार्षद भी निगम की कार्यप्रणाली को कोस रहे हैं। भाजपा के प्रवक्ता और वार्ड-9 पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने नगर निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बताकर कई सवाल खड़े किए हैं। वहीं, आपसी गुटबाजी और दल-बदल कानून के चलते मेयर व वार्ड-12 की पार्षद उषा शर्मा और वार्ड-8 की पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर पूनम ग्रोवर को अयोग्य घोषित किया गया है। दोनों पार्षद कांग्रेस पार्टी के टिकट से चुनाव जीती थीं, लेकिन मेयर चुनाव में गुटबाजी के कारण क्रॉस वोटिंग के कारण सारा खेल बिगड़ गया।



पहले आचार संहिता के चलते जनरल हाउस लंबित हो गया। फिर मेयर की कुर्सी खाली हो गई। सरकार की तरफ से मेयर चुनाव की अधिसूचना भी जारी नहीं हुई। अभी हाउस का एजेंडा बना लिया है। जल्द ही जनरल हाउस की तिथि तय की जाएगी।

**मीरा आनंद, कार्यकारी मेयर, नगर निगम सोलन।**

### मेयर का पद पड़ा है खाली

एक तरफ निगम शहरवासियों की प्यास बुझाने में नाकाम साबित हुआ है, वहीं जनरल हाउस नहीं होने से विकास कार्यों को भी गति नहीं मिल पा रही है। पहले लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते जनरल हाउस नहीं हुआ और अब मेयर का पद खाली होने से हाउस लंबित है। हालांकि मेयर का पद खाली होने से डिप्टी मेयर के पास कार्यकारी मेयर का प्रभार है। बावजूद इसके जनरल हाउस नहीं हो पा रहा है। ऐसे में शहर के विकास कार्यों को गति नहीं मिल पा रही है। एमसी एक्ट के मुताबिक मेयर का पद खाली होने की स्थिति में एक महीने के अंदर चुनाव करवाना आवश्यक होता है। नगर निगम में मेयर का पद खाली होने की अवधि पूरी होने को है पर सरकार की तरफ से अभी तक इसकी अधिसूचना जारी नहीं हुई है। हैरानी की बात है कि भाजपा और कांग्रेस के पार्षद शहर में लंबित विकास कार्यों को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं, स्थानीय विधायक और मंत्री भी नगर निगम की सुध लेने को तैयार नहीं हैं।

## राजगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं : विनय

### राजगढ़ में विधानसभा उपाध्यक्ष ने 'पीच वैली होटल इन' का किया उद्घाटन

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि सिरमौर में पर्यटन की आपार संभावनाएं हैं और पिछले काफी समय से जिले में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

सिरमौर के मनोहारी पर्यटन स्थलों के प्रति पर्यटकों का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से प्राथमिकता के आधार पर सिरमौर जिले में पर्यटन गतिविधियों को सुदृढ़ किया जा रहा है। उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश विधानसभा विनय कुमार ने राजगढ़ में "पीच वैली होटल इन" उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इससे पूर्व विनय ने पीच वैली होटल का विधिवत उद्घाटन किया। विनय ने होटल व्यसाय से जुड़े सभी कारोबारियों से आग्रह किया कि क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों की सही प्रकार से देखभाल करें, ताकि सिरमौर और राजगढ़ क्षेत्र से घूमकर वापस जाने वाले पर्यटक हमारे क्षेत्र की अच्छी और मीठी यादें लेकर जाएं।




हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार का राजगढ़ पहुंचने पर स्वागत करते लोग।

राजगढ़ क्षेत्र उत्तर भारत में पीच वैली यानि आड़ू क्षेत्र के रूप में प्रसिद्ध है और इस दृष्टि से इस होटल का नामकरण अत्यंत ही उपयुक्त है। विधानसभा उपाध्यक्ष ने राजगढ़ प्रवास के दौरान क्षेत्र के लोगों की जन समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए, ताकि आमजन की समस्या का समयबद्ध निपटारा किया जा सके। प्रदेश कांग्रेस सचिव दयाल प्यारी, पूर्व मंत्री जीआर मुसाफिर, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहनी व अन्य गणमान्य लोग भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## विधानसभा उपाध्यक्ष ने किया 'सुकून वेबसाइट' का शुभारंभ

**आर मोहन चौहान, सोलन**



हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में युवाओं को तनाव प्रबंधन पर जागरूक एवं शिक्षित करना समय की आवश्यकता है।

इसके लिए प्रदेश सरकार के साथ ही गैर सरकारी संस्थाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने सोलन में स्थापित पूजा काउंसलिंग सेंटर की 'सुकून वेबसाइट' के शुभारंभ के उपरांत व्यक्त किए। उपाध्यक्ष ने कहा कि 'सुकून वेबसाइट' युवाओं के समग्र विकास एवं उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह वेबसाइट उनके मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास के लिए सुलभ और समावेशी संसाधन, सहायता और सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सुकून वेबसाइट की प्रभारी पूजा साहनी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और सुकून वेबसाइट के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि इसमें परामर्श सेवाओं, कार्यशालाओं और कार्यक्रमों के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान करने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर विशेषज्ञ लेख और ब्लॉग पोस्ट आदि भी उपलब्ध होंगे। (अनंत ज्ञान)

## नगर निगम की आयुक्त पुनरीक्षण प्राधिकारी नियुक्त

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम निर्वाचन नियम-2012 के तहत प्रदत्त शक्तियों और राज्य चुनाव आयुक्त हिमाचल प्रदेश की ओर से जारी अधिसूचना की अनुपालना में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी नगर निगम-सह- एसडीएम, सोलन पूनम बंसल की ओर से आयुक्त, नगर निगम सोलन एकता कापटा को मतदाता सूची (जहां रिक्तियां हैं) उनके अद्यतनीकरण और तैयारी (दावों और आपत्तियों की प्राप्ति और निपटान) के लिए पुनरीक्षण प्राधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इस बारे में जारी आदेशों के अनुसार आयुक्त, नगर निगम सोलन से हिमाचल प्रदेश नगर निगम नियम, 2012 में निहित प्रावधानों का अक्षरश: और सही भावना से पालन करने और राज्य चुनाव आयोग, हिमाचल प्रदेश द्वारा निर्धारित समय सीमा में उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए इस कार्य को पूरा करने का आग्रह किया गया। (अनंत ज्ञान)

## बच्चों को स्वच्छता की दी जानकारी

**आशीष, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च व प्राथमिक पाठशाला कराड़ाघाट में अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट की ओर से स्वास्थ्य व स्वच्छता विषय को लेकर एक सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र अंबुजा फाउंडेशन के सीएमओ मुकेश सक्सेना के मार्गदर्शन और निर्देशानुसार हुआ। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बढ़ती बीमारियों से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्वच्छ रहना, अच्छे वातावरण का निर्माण करना मुख्य रहा, ताकि भावी पीढ़ियां मानसिक व शरीरिक रूप से स्वस्थ रहें। अंबुजा फाउंडेशन के कार्यक्रम समन्वयक भूपेंद्र गांधी ने बच्चों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति बच्चों को जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

# टमाटर के दामों में तेजी जारी, 1600 प्रति क्रेट तक पहुंचा अधिकतम भाव

**भावना, सोलन**

सब्जी मंडी सोलन में किसानों को अच्छे दाम मिलने से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। शुक्रवार को भी टमाटर के दाम में तेजी रही आज मंडी में टमाटर 1500 रुपए प्रति क्रेट के हिसाब से बिका।

टमाटर की क्वालिटी को देखते हुए आगामी दिनों में रेट में और इजाफा देखने को मिल सकता है। हिमसोना टमाटर की बात करे, तो आज हिमसोना 1000 से 1600 तक प्रति क्रेट के हिसाब से बिका है, वहीं जो टमाटर बरसात के कारण खराब हो गए हैं, उनका रेट भी 700 से 800 के बीच मिल रहा है। हाइब्रिड टमाटर का रेट 800 से 1000 के बीच रहा है। वहीं, आढ़तियों का कहना है कि लगातार मंडी में अच्छी क्वालिटी का टमाटर आ रहा है, जिससे यकीनन 15 अगस्त तक टमाटर का रेट अच्छा मिलता रहेगा।



मैदानी राज्यों में बरसात के चलते सोलन और सिरमौर में तैयार हो रहे टमाटर की देश को बड़ी मंडियों में मांग बढ़ गई है। इससे किसानों को टमाटर के अच्छे दाम मिलने लगे हैं। दरअसल मैदानी इलाकों में तैयार हो रही टमाटर की फसल बरसात के कारण खराब हो रही है। इससे सब्जी मंडियों में सोलन के टमाटर की मांग बढ़ गई है। (अनंत ज्ञान)

## पेपर लीक मामले को रोकने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार बनाए ठोस नीति : प्रताप

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि बार-बार पेपर लीक मामले को रोकने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार को कड़ा कानून बनाना चाहिए, ताकि देश व प्रदेश के लाखों बेरोजनगार युवाओं को पेपर लीक मामले में स्थायी समाधान मिल सके।



रावत ने बताया कि देश व प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवा पेपर लीक मामले से बहुत दुखी हैं क्योंकि देश व प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं को कड़ी मेहनत करने के उपरांत भी उनकी मेहनत का फल पेपर लीक होने के कारण नहीं मिल रहा है। इसके लिए रावत ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से आग्रह किया कि आप पेपर लीक मामले को रोकने के कड़े से कड़ा कानून बनाएं, ताकि पेपर को लीक होने से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि पेपर लीक मामले से बच्चों के अभिभावक भी बहुत परेशान हैं क्योंकि अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं फिर उनका सारा खर्चा बहन करते हैं और जब पेपर लीक होता है, तो फिर उनकी उम्मीदों पर पानी फिर जाता है। रावत ने बताया कि पेपर लीक मामले की वजह से बहुत सारे बच्चे अपना मानसिक संतुलन ही खो बैठते हैं इसलिए यह बहुत ही गंभीर मामला है। (अनंत ज्ञान)

## आज से किन्नौर के प्रवास पर नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी 13 से 22 जुलाई तक किन्नौर जिले के प्रवास पर होंगे। इस दौरान वह जिलाधिकारियों के साथ विभिन्न बैठकें करेंगे। जगत सिंह नेगी 13 को सायं पांच बजे कल्पा पहुंचेंगे तथा रात्रि ठहराव कल्पा में करेंगे।

14 को उनका ठहराव कल्पा में रहेगा तथा 15 को रिकांगपिओ में प्रात: 11 बजे जल शक्ति विभाग के पूह मंडल के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंताओं एवं कनिष्ठ अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। राजस्व मंत्री 16 को रिकांगपिओ में प्रात: 10 बजे लोक निर्माण विभाग के कल्पा मंडल के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंताओं एवं कनिष्ठ अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक करेंगे तथा 17 को कल्पा में ठहराव करेंगे। कैबिनेट मंत्री 18 को प्रात: 11 बजे रिकांगपिओ स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और 19 को वह रिकांगपिओ में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण करेंगे तथा दोपहर 12 बजे के उपरांत लोक निर्माण विभाग के करच्छम मंडल के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंताओं एवं कनिष्ठ अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। 20 व 21 को कैबिनेट मंत्री कल्पा में ठहराव करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी

**बीबीएन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मनमोहन शर्मा ने बताया कि 51-नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उपचुनाव की मतगणना का कार्य नालागढ़ कॉलेज में किया जाएगा। मतगणना के लिए 14 टेबल स्थापित किए गए हैं। इस कार्य के लिए 63 अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया गया है। एक टेबल पोस्टल बैलेट (डाक मत पत्र) की मतगणना के लिए भी स्थापित किया गया है। मतगणना का कार्य आज प्रात: 8 से शुरू हो जाएगा।

## नाहन बार एसोसिएशन ने रोपे पौधे

**एसपी जैरथ, नाहन**

बार एसोसिएशन नाहन के युवा अधिवक्ताओं ने पौधरोपण अभियान शुरू किया।

पहले दिन अधिवक्ताओं ने आंवला, हरड़, बेहड़ा, शहतूत, अर्जुन छाल, बेलपत्र, पीपल, सहजन और रीठा जैसी औषधीय प्रजातियों के 20 पौधे रोपे। इस अभियान का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता एके रेवाल ने किया। न्यायिक विभाग के स्वामित्व वाली भूमि पर चलाए गए पौधरोपण अभियान में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अधिवक्ता एके रेवाल ने कहा कि जिस तरह से ग्लोबल वार्मिंग और तापमान में अत्याधिक परिवर्तन हो रहा है, इसके लिए जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाएं। यह अभियान पेड़ लगाने तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। इनकी देखभाल भी बहुत आवश्यक है। अधिवक्ताओं ने समाज के बीच जागरूकता शुरू करने की पहल की है, ताकि अधिक लोग जागरूक हों और अधिक पेड़ लगाना शुरू करें। यह अभियान जारी रहेगा और कुल 60 पौधे लगाए जाएंगे, जिनकी नियमित तरीके से देखभाल भी की जाएगी। इस मौके पर राघव ठाकुर, संदीप सिंह, राजेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, संदीप सिद्धू, सुशांत थापा, संदीप चौहान, अनुराग शर्मा, रुखसार सैयद, मोहित कुमार, सौरभ मोहिंद्रा और नकुल ठाकुर आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



नाहन में बार एसोसिएशन अधिवक्ता पौधरोपण करते हुए।

**परेशानी** परिचालक न तो किराया करते हैं वापस, न ही निगम प्रबंधन करता है दूसरी बस की व्यवस्था

# तीन दिनों से ब्रेकडाउन हो रही सराहां-नाडब खोजर बस

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के घिनीघाड में एचआरटीसी की बस लगातार तीन दिनों से ब्रेकडाउन हो रही है। एचआरटीसी की यह बस सराहां बस स्टैंड से मेंहदोबाग-नैनाटिक्कर होते हुए नाडब खोजर तक जाती है।

यह बस 10 पंचायत से होकर गुजरती है। इस रूट की एकमात्र निगम की बस सेवा है। यह बस पिछले तीन दिनों से लगातार ब्रेकडाउन हो रही है। वीरवार शाम को सराहां मेंहदो बाग नाडब खोजर जाते हुए बस मलाना गांव के समीप बस के तीन पट्टे टूट गए। बुधवार को बस नाडब खोजर में ही पूरा दिन ब्रेक डाउन रही। इससे पहले मंगलवार को बस मेंहदो बाग के समीप ब्रेकडाउन हुई। वीरवार शाम को बस के यात्रियों रमन ठाकुर, अखिल, देवदत्त, धर्म सिंह, निर्मला देवी, पूजा देवी, रूपराम, रामस्वरूप, प्रेम दत्त, लक्ष्मीकांत, अमन, अमृत, सीमा देवी, शशि, तरुण, अरुण, दिनेश, आत्माराम और सुनील ने बताया कि इस रूट की यह बस अक्सर खराब रहती है। एचआरटीसी के कंडक्टर न तो बस खराब होने पर लोगों का किराया वापस करते हैं और न निगम की ओर से दूसरी बस भेजी जाती है। लोगों को मजबूरन कई-कई किलोमीटर पैदल ही सफर करना पड़ता है। यह पहला मामला नहीं है, जब बस खराब हुई है। उधर, इस संदर्भ में जब एचआरटीसी नाहन डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार से संपर्क किया, तो उन्होंने बताया कि बस के तीन पट्टे टूट गए हैं, रात तक बस को ठीक करवा कर शुक्रवार से नियमित रूप से रूट पर चलाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)




मलाना गांव के समीप खराब हुई बस।

## डाइट मनी 120 से 400 रुपए करना तर्कसंगत नहीं : कपिल

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

उच्च शिक्षा विभाग हिमाचल सरकार की ओर से कई बार कई तुगलकी फरमान जारी किए जाते हैं, जो छात्र हित और शिक्षक हित के साथ-साथ आम जनता पर भी भारी पड़ते नजर आ रहे हैं।

अभी हाल ही में हुई हिमाचल प्रदेश स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक में पारित कर एक प्रस्ताव सरकार को ऐसा भेजा गया कि वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों से खेलों में भाग ले रहे खिलाड़ियों की डाइट मनी 120 से 400 रुपए की जानी चाहिए, जबकि पहले डाइट मनी 60 रुपए थी, जिसे 3-4 वर्ष पहले ही 120 रुपए किया गया है और इस डाइट मनी में भी खिलाड़ियों को पहले की अपेक्षा और अधिक अच्छा भोजन मुहैया करवाया जा रहा है, जबकि विद्यालय जो विद्यार्थियों से फीस ले रहा है वो फीस स्ट्रक्चर पुराना ही है। विद्यालयों पर इतनी डाइट मनी का भी अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है, जिसके कारण बहुत सारे विद्यालय खेलकूद गतिविधियों में भाग ही नहीं ले पा रहे हैं। अगर फीस बढ़ाते हैं, तो प्रदेश की जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जबकि सरकार को विभाग द्वारा ये सभी नहीं बताया गया है, सरकार इससे अनभिज्ञ है। सरकार के मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के दावों पर भी ग्रहण लगता नजर आ रहा है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

| फिक्स साइज | |
|---|---|
| Size | Rate |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### कपिल देव को अदिति से ओलंपिक में पदक की उम्मीद



**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर और पीजीटीआई के नए अध्यक्ष कपिल देव का मानना है कि भारत की शीर्ष गोल्फर अदिति अशोक की फॉर्म अगर दबाव भरे हालात में भी बरकरार रहे तो वह पेरिस ओलंपिक में पदक जीत सकती हैं। अदिति ने तोक्यो ओलंपिक में अंत तक पदक की दौड़ में बनी रही थी, लेकिन फिर पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहीं। तब वह कांस्य पदक विजेता लिडिया को से एक स्ट्रोक और स्वर्ण पदक विजेता नेली कोर्डा से दो स्ट्रोक पीछे रहीं। कपिल ने कहा, ''मैं अदिति को उसी जोश के साथ खेलते देखना चाहता हूं, जैसा वह तोक्यो ओलंपिक में खेली थीं।'' उन्होंने कहा, ''क्रिकेटरों और गोल्फरों के लिए फॉर्म बहुत अहम है। अगर अदिति इसी फॉर्म में खेलती हैं तो उनके पास पदक जीतने का अच्छा मौका है, लेकिन अगर हफ्ते का प्रदर्शन खराब रहा तो उन्हें फिर मायूस होना पड़ेगा।''

### बायर्न ने पाल्हिन्हा के साथ किया करार



**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख ने प्रीमियर लीग की टीम फुलहम से जोआओ पाल्हिन्हा को शामिल करके अपने मिडफील्ड को मजबूत किया है। 29 वर्षीय पुर्तगाली मिडफील्डर और जर्मन दिग्गज क्लब के बीच चार साल का करार हुआ है, जिसके तहत पुर्तगाली खिलाड़ी जुलाई 2028 तक क्लब में बने रहेंगे। बायर्न के खेल अध्यक्ष मैक्स एबरल ने कहा, 'जोआओ वास्तव में बायर्न में शामिल होना चाहता था और हमें ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है। वह हमारी भविष्य की योजनाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उसने दिखाया कि वह यूरोपीय चैंपियनशिप में फिर से बड़े मंच पर क्या कर सकता है। वह पहले से ही एक यूरोपीय चैंपियनशिप और एक विश्व कप में खेल चुका है। उसने पुर्तगाली और अंग्रेजी लीग में लगभग 300 प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं। वह हमें केंद्र में और भी अधिक स्थिरता देगा।'

### बीबीएल-14 की शुरुआत 15 दिसंबर से

**मेलबोर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को बिग बैश लीग (बीबीएल) के 14वें संस्करण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम 2024-25 सीजन के पहले मैच में ऑप्टस स्टेडियम में मेलबोर्न स्टार्स का सामना करेगी। बीबीएल के नियमित सीजन के दौरान केवल क्रिसमस की पूर्व संध्या और क्रिसमस के दिन मैच नहीं खेले जाएंगे। सिडनी थंडर शुरुआती सप्ताह में दो खेलों की मेजबानी करेगा। थंडर की टीम 17 दिसंबर को कैनबरा में एडिलेड स्ट्राइकर्स से और फिर चार दिन बाद सिडनी सिक्सर्स का सामना करेगी। मौजूदा चैंपियन ब्रिसबेन हीट 22 दिसंबर को एडिलेड स्ट्राइकर्स का सामना करेगी। स्ट्राइकर्स नए साल की पूर्व संध्या पर एडिलेड ओवल में स्कॉर्चर्स के खिलाफ खेलेगा, जबकि होबार्ट हरिकेंस बनाम सिडनी सिक्सर्स और ब्रिसबेन हीट बनाम मेलबर्न स्टार्स नए साल के दिन के मैच होंगे।

### हसरंगा ने श्रीलंका के टी-20 कप्तान का पद छोड़ा



**कोलंबो।** वानिंदु हसरंगा ने भारत के खिलाफ तीन मैच की आगामी सीरीज से पहले श्रीलंका के टी-20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान का पद छोड़ दिया। भारत सीमित ओवरों की सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करेगा जिसकी शुरुआत 26, 27 और 29 जुलाई को पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाले तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के साथ होगी। इसके बाद कोलंबो में दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे। हसरंगा ने हाल में संपन्न टी-20 विश्व कप में श्रीलंका की कप्तानी की थी जिसमें टीम सुपर-8 चरण में जगह बनाने में नाकाम रही थी।

### साबले को ओलंपिक में पदक जीतने का यकीन



**नई दिल्ली।** भारत के 3000 मीटर के शीर्ष स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले ओलंपिक में सिर्फ एक प्रतिभागी बनकर नहीं जाना चाहते और उन्हें यकीन है कि वह पेरिस में पदक जीत सकते हैं। हाल ही में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले 29 वर्ष के साबले तोक्यो ओलंपिक 2021 में फाइनल में जगह नहीं बना सके थे। उन्होंने कहा ,'' मैं सिर्फ भाग लेने नहीं जा रहा हूं। मेरा विश्वास है कि मैं पदक जीत सकता हूं मेरा फोकस लक्ष्य पर है और सब कुछ ठीक रहा तो मैं पदक जीत सकता हूं ।'' उन्होंने कहा ,'' मुझे लगता था कि ओलंपिक पदक विजेता कुछ अनूठे और कठिन तरीके से तैयारी करते हैं, लेकिन पिछले दो साल के मेरे अनुभव ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है।'' साबले इस महीने की शुरूआत में पेरिस डायमंड लीग में छठे स्थान पर रहे और उन्होंने आठ मिनट 9.91 सेकंड का समय निकालकर अपना रिकॉर्ड तोड़ा। साबले को मिल्खा सिंह, श्रीराम सिंह और पीटी उषा जैसे एथलीटों से ओलंपिक पदक जीतने की प्रेरणा मिलती है।

### हम हर मैच जीतना चाहते हैं: हरमनप्रीत कौर



**नई दिल्ली।** कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि भारतीय महिला टीम हर मैच को जीतने के इरादे से मैदान पर उतरती है और इस महीने के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान भी उसका यही लक्ष्य होगा।भारत ने हाल ही में घरेलू सरजमीं पर दक्षिण अफ्रीका को तीन मैचों की वनडे सीरीज और एकमात्र टेस्ट में हराने के बाद टी-20 सीरीज को 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। दक्षिण अफ्रीका पर मिली जीत से भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है। हरमनप्रीत ने कहा, ''अभी हमारा दृष्टिकोण कुछ ऐसा है कि हम सभी मैचों को समान महत्व दे रहे हैं। सभी हर मैच को जीतने की कोशिश करते हैं और हमें लगता है कि एक टीम में यही होना चाहिए। टीम में हर कोई यही महसूस कर रहा है।'' भारतीय टीम अब 19 जुलाई से शुरू होने वाले एशिया कप में चुनौती पेश करेगी। एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका कर रहा है और भारतीय टीम दांबुला में चिर-परिचित पाकिस्तान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। हरमनप्रीत ने कहा कि कप्तान के तौर पर यह उनकी जिम्मेदारी है कि वह ऐसे मैचों के दौरान अपनी टीम पर दबाव हावी नहीं होने दे।

**भारत vs जिम्बाब्वे** टीम इंडिया का जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का चौथा टी-20 आज

# युवा ब्रिगेड की नजरें सीरीज जीतने पर

**एजेंसी, हरारे**

भारतीय क्रिकेट की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार को चौथे टी-20 मैच के जरिए सीरीज अपने नाम करके एक नए दौर का आगाज करने के इरादे से उतरेगी। पहले मैच में अप्रत्याशित हार के बाद शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा मैच भारी अंतर से जीतकर 2-1 से बढ़त बना ली है।

मौजूदा क्रिकेट परिदृश्य में जिम्बाब्वे पर जीत बहुत बड़ी नहीं कही जाएगी, लेकिन इससे उन युवाओं में उम्मीद जरूर पैदा होगी जो आधुनिक क्रिकेट के कुछ दिग्गजों के संन्यास के बाद भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में हैं। इनमें वॉशिंगटन सुंदर और अभिषेक शर्मा शामिल हैं।

टी-20 क्रिकेट से रवींद्र जडेजा के संन्यास के बाद वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर लगी है। जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने 4.5 की इकॉनॉमी रेट से 6 विकेट लिए। श्रीलंका दौरे के लिए सफेद गेंद की टीम चुनते समय उनके नाम पर विचार जरूर होगा। उपयोगी स्पिन गेंदबाज होने के साथ वह निचले क्रम के अच्छे बल्लेबाज भी हैं।

वहीं अभिषेक ने दूसरे टी-20 में 47 गेंद में शतक लगाकर अपनी प्रतिभा की बानगी पेश की। भारत के पास अब इस प्रारूप में विराट कोहली और रोहित शर्मा नहीं हैं लिहाजा वह यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत का विकल्प हो सकते हैं। वह एक और अच्छी पारी खेलकर अपना दावा पक्का करना चाहेंगे।

संजू सैमसन और शिवम दुबे के लिए भी इस सीरीज में बहुत कुछ दांव पर है। टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद मुंबई में विजय परेड में भाग लेकर यहां आए दुबे और सैमसन बाकी दोनों मैचों में उम्दा प्रदर्शन करना चाहेंगे।

भारतीय टीम प्रबंधन अपने गेंदबाजों खासकर लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के प्रदर्शन से खुश होगा, जिसकी गुगली मेजबान बल्लेबाज खेल ही नहीं पा रहे हैं। बिश्नोई, आवेश खान और वॉशिंगटन छह-छह विकेट ले चुके हैं। मुकेश कुमार को पिछले मैच में आराम दिया गया था जो आवेश की जगह खेल सकते हैं।

दूसरी ओर पहला मैच जीतने के अलावा जिम्बाब्वे ने इस सीरीज में कुछ उल्लेखनीय नहीं किया है। उसके तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजाराबानी और अर्धशतक जमाने वाले डियोन मायर्स के अलावा कोई खिलाड़ी छाप नहीं छोड़ सका है।



### टीम में वापसी पर योगदान देना अच्छा रहा : मायर्स

**जिम्बाब्वे** के डियोन मायर्स ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की मौजूदा टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में अर्धशतक लगाकर तीन साल के लंबे अंतराल के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी को यादगार बनाया। मायर्स ने इंग्लैंड में विश्वविद्यालय की डिग्री हासिल करने के लिए 2021 में खेल से ब्रेक लिया था। मैच में हालांकि उनकी 49 गेंद में 66 रन की पारी टीम को जीत दिलाने के लिए काफी साबित नहीं हुई। भारत के खिलाफ मौजूदा सीरीज से पहले मायर्स ने अपना पिछला मैच सितंबर 2021 में आयरलैंड के खिलाफ खेला था।

### संभावित टीमें

**भारत।** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, रूतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मुकेश कुमार, रियान पराग, ध्रूव जुरेल, खलील अहमद, तुषार देशपांडे।

**जिम्बाब्वे ।** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

### भारत ने जबरदस्त जुझारूपन दिखाकर टी-20 विश्व कप जीता: लक्ष्मण



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने हार की कगार पर पहुंचकर टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत दर्ज करने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के जुझारूपन की तारीफ करते हुए कहा कि खिलाड़ियों और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का जश्न मनाने का अंदाज साबित करता है कि इस जीत के उनके लिए क्या मायने थे।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 29 जून को बारबडोस में खेले गए फाइनल में सात रन से हराकर 11 साल में पहली बार आईसीसी खिताब जीता।

लक्ष्मण ने कहा ,''दक्षिण अफ्रीका को आखिरी पांच ओवर में 30 रन चाहिए थे। उसके बाद से जुझारूपन, दृढता और आत्मविश्वास दिखाकर हार की कगार से जीत छीन लेना दिखाता है कि यह टीम कितनी मजबूत है। सभी ने इतनी मेहनत की थी और जीत के बाद का जश्न इस सफलता के पीछे की बड़ी कहानी कहता है।''

### गंभीर चाहते हैं मोर्ने मोर्केल भारत के गेंदबाजी कोच बनें



**नई दिल्ली।** मोर्ने मोर्केल भारत के गेंदबाजी कोच बनने की दौड़ में हैं। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज को कोचिंग का व्यापक अनुभव है और वह भारतीय टीम के नए नियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर की सूची में हैं। मोर्केल पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के दौरान पाकिस्तान टीम के कोच थे, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ उनका अनुबंध समाप्त होने से कुछ महीने पहले उन्होंने पद छोड़ दिया था। गंभीर ने बीसीसीआई से गेंदबाजी कोच के पद के लिए मोर्केल के नाम पर विचार करने का अनुरोध किया है, जिन्होंने 2006 से 2018 के बीच 86 टेस्ट, 117 वनडे और 44 टी20 मैच खेले हैं।

# पाओलिनी विंबलडन के फाइनल में

## चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा से होगा खिताबी मुकाबला

**एजेंसी, लंदन**

इटली की जैस्मीन पाओलिनी और चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा विंबलडन चैंपियनशिप के महिला एकल फाइनल में पहुंच गईं हैं। 2021 फ्रेंच ओपन चैंपियन क्रेजिकोवा ने 2022 विंबलडन विजेता एलेना रयबाकिना को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया, जबकि पाओलिनी ने क्रोएशिया की डोना वेकिच को दो घंटे 51 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 2-6, 6-4, 7-6 (8) से हराया।

28 वर्षीय पाओलिनी ने एक महीने पहले ही फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थीं और विंबलडन में 7वीं वरीयता प्राप्त की थी।

हालांकि उन्होंने विंबलडन में कभी भी मुख्य ड्रॉ मैच नहीं जीता था। बावजूद इसके वह लगातार फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गईं, उनसे पहले पेरिस और लंदन दोनों में लगातार खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली आखिरी महिला दिग्गज सेरेना विलियम्स थीं।

### प्वाइंट कार्ड

| वेकिच | | पाओलिनी |
|---|---|---|
| 07 | एस | 05 |
| 07 | डब्ल फॉल्ट | 03 |
| 58% | पहली सर्व | 63% |
| 83% | पहली सर्व जीती | 67% |
| 49% | दूसरी सर्व जीती | 49% |
| 4/14 | ब्रेक प्वाइंट | 3/7 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 01 |
| 118 | प्वाइंट जीते | 111 |



मुकाबले के दौरान शॉट खेलती जैस्मीन पाओलिनी तथा (इनसैट) बारबोरा क्रेजिकोवा।

# सचिन गेंदबाजी करने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज' : एंडरसन

**एजेंसी, लंदन**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का कहना है कि उन्होंने अपने लंबे करियर के दौरान भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के खिलाफ गेंदबाजी का सबसे ज्यादा लुत्फ उठाया है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में इंग्लैंड के लिए अपना 188वां टेस्ट खेल रहे एंडरसन इस मैच के बाद संन्यास ले लेंगे। एंडरसन ने भले ही तेंदुलकर को 9 मौकों पर आउट किया हो, लेकिन वह भारतीय मास्टर ब्लास्टर के खिलाफ कोई तय योजना नहीं बना सके थे।

जब एंडरसन से पूछा गया कि गेंदबाजी के लिए सबसे मुश्किल बल्लेबाज कौन रहा तो उन्होंने कहा, ''मुझे कहना ही होगा कि सचिन तेंदुलकर सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे याद नहीं है कि सचिन तेंदुलकर के खिलाफ मेरे पास कोई विशेष योजना होती थी। एक बार जब वह मैदान पर आते तो मैं बस यही सोचता था कि मैं यहां उन्हें खराब गेंद नहीं फेंक सकता। वह इस तरह के खिलाड़ी थे।'' एंडरसन ने कहा, ''वह भारत के अहम खिलाड़ी थे। अगर आप भारत में उन्हें आउट कर देते तो मैदान का पूरा माहौल बदल जाता। उनका विकेट इतना बड़ा हुआ करता था।''

तेंदुलकर ने 24 साल तक भारत का प्रतिनिधित्व किया और एंडरसन ने भी टेस्ट क्रिकेट में खेलते हुए 21 साल गुजार दिए हैं।

**सचिन तेंदुलकर को 9 मौकों पर आउट किया लेकिन कभी उनके खिलाफ कोई योजना नहीं बना सके**



# यूरो-2024 : यमल पर टिकी स्पेन की उम्मीदें

**एजेंसी, बर्लिन**

फुटबॉल के नए 'वंडर ब्वॉय' , बेहतरीन मिडफील्ड और विरोधी टीमों के औसत प्रदर्शन ने स्पेन को सफलता की नई इबारत लिखने की ड्योढी पर ला खड़ा किया है लेकिन आखिरी तिलिस्म पर एक ऐसी टीम खड़ी है जिसे बरसों से किसी बड़े खिताब का उतनी ही बेताबी से इंतजार है। इंग्लैंड और स्पेन के बीच रविवार को होने वाला यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप फाइनल हर लिहाज से मनोरंजन की सौगात देने का माद्दा रखता है।

ओलंपिक 1936 के लिए नाजियों द्वारा बनाए गए ऐतिहासिक स्टेडियम पर सभी की नजरें 17 बरस के लमाइन यमल पर होंगी जो 2008-2012 के दौर के बाद पहली बार स्पेन को बड़े खिताब से एक जीत दूर ले आया है । स्पेन ने 2010 में विश्व कप और उसके बाद यूरो खिताब जीते थे। इस बार जहां क्रिस्टियानो रोनाल्डो, काइलियान एमबाप्पे और इंग्लैंड के हैरी केन जैसे दिग्गज धराशायी हो गए , वहीं यमल का नाम हर फुटबॉलप्रेमी की जुबां पर है।

सेमीफाइनल से पहले वह तीन गोल का सूत्रधार रहा और फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में बेहतरीन शॉट पर गोल करके पूरे देश का नूरे नजर बन गया।

# इंग्लैंड ने जीत के साथ जेम्स एंडरसन को दी शानदार विदाई

## वेस्ट इंडीज को पहले टेस्ट में पारी व 114 रनों से हराया



वेस्ट इंडीज के खिलाड़ी को आउट करने के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला लॉर्ड्स में खेला गया और इस मैच में इंग्लैंड ने शानदार प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज को हरा दिया। इंग्लैंड ने इस मैच को तीसरे दिन ही जीत लिया और बेस्ट स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

इंग्लैंड की टीम में जैक क्राउली (76 रन), ओली पोप (57 रन), जो रूट (68 रन), हैरी ब्रूक (50) रन) और जैमी स्मिथ (70 रन) की अर्धशतकीय पारी, साथ ही गस एटकिंसन (12 विकेट) और जेम्स एंडरसन (4 विकेट) की शानदार गेंदबाजी का बड़ा योगदान रहा। वहीं इंग्लैंड की जीत के साथ एंडरसन के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का भी समापन हो गया। ये एंडरसन के क्रिकेट करियर का आखिरी टेस्ट मैच था और लॉर्डस के ऐतिहासिक मैदान पर अंतिम मैच खेलकर उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कहा। एंडरसन ने अपने आखिरी टेस्ट मैच में कुल 4 विकेट झटके।

इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहली पारी में वेस्टइंडीज की टीम सिर्फ 121 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम ने पहली पारी में 371 रन बनाए और 250 रन की बढ़त हासिल की।

इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में 136 रन पर आउट हो गई और उसे पारी और 114 रन से हार मिली।

इस मैच में इंग्लैंड के लिए पहली पारी में एटकिंगसन 7 विकेट लिए तो वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 5 विकेट चटकाए यानी उन्होंने पूरे मैच में कुल 12 विकेट हासिल किए। वहीं अपने आखिरी टेस्ट मैच में जेम्स एंडरसन ने पहली पारी में एक विकेट और दूसरी पारी में 3 विकेट लिए और टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई।

**पेरिस-2024 तीरंदाजी** 1988 ओलंपिक के बाद दक्षिण कोरिया ने लगातार नौ स्वर्ण पदक जीते

# पावरहाउस द. कोरिया को भारत, चीन से मिलेगी चुनौती

## दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त करेंगी भारत की अगुवाई



**एजेंसी, नई दिल्ली**

दक्षिण कोरिया ने दशकों से ओलंपिक इतिहास में तीरंदाजी पर अपना दबदबा कायम रखा है, खास तौर पर महिला टीम स्पर्धाओं में।

हालांकि, आगामी पेरिस ओलंपिक में तीरंदाजी की इस महाशक्ति को बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। 1988 के सियोल ओलंपिक के बाद से, दक्षिण कोरिया ने महिला टीम तीरंदाजी में लगातार नौ स्वर्ण पदक हासिल किए हैं और 1984 के बाद से महिलाओं के व्यक्तिगत ओलंपिक खिताबों में से अधिकांश पर कब्जा किया है, सिवाय 2008 के बीजिंग ओलंपिक के, जिसमें चीनी तीरंदाज झांग जुआनजुआन ने जीत हासिल की थी। इस साल दक्षिण कोरिया के लिए इस दबदबे को बनाए रखना आसान नहीं होगा। पुरुषों की लाइनअप में किम वूजिन, किम जे देओक और ली वूसोक शामिल हैं, जबकि महिलाओं की स्पर्धाओं में लिम सिह्योन, जियोन हुनयंग और नाम सुह्योन प्रतिस्पर्धा करेंगी। गौरतलब है कि टोक्यो ओलंपिक में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली एन सैन पेरिस ओलंपिक रोस्टर में नहीं हैं। भारत, और चीन जैसे देश दक्षिण कोरिया के वर्चस्व को चुनौती देने के लिए कमर कस रहे हैं। महिला तीरंदाजी में दीपिका कुमारी भारत का नेतृत्व कर रही हैं, जो चौथी बार इस बहुखेल महाकुंभ में भाग लेंगी।

दीपिका के अलावा भजन कौर, और अंकिता भक्त हैं, जो पेरिस में अपना ओलंपिक डेब्यू करेंगी।

### चीनी टीम ने शंघाई और येचेओन में द. कोरिया को दी है मात



2024 के तीरंदाजी विश्व कप में चीनी महिला टीम ने शंघाई और येचेओन में दक्षिण कोरिया पर दो जीत हासिल की। चीन का लक्ष्य पेरिस में फिर से दक्षिण कोरिया को चुनौती देना है, जिसमें महिला टीम के लिए ली जियामन, यांग शियाओली और एन किक्सुआन और पुरुष टीम के लिए वांग यान, ली झोंगयुआन और काओ वेनचाओ को मैदान में उतारा गया है।

# न्यूज ब्रीफ

## 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान अमानवीय पीड़ा झेलने वालों के 'व्यापक योगदान' को याद करने के लिए 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यह घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि 'संविधान हत्या दिवस' मनाने से प्रत्येक भारतीय में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा की अमर ज्वाला को प्रज्वलित रखने में मदद मिलेगी, जिससे कांग्रेस जैसी 'तानाशाही ताकतों' को 'उन भयावहताओं को दोहराने' से रोका जा सकेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, जिसके बाद 'तत्कालीन सरकार द्वारा सत्ता का घोर दुरुपयोग किया गया और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए गए।' अधिसूचना में कहा गया, 'इसलिए, भारत सरकार 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में घोषित करती है, ताकि आपातकाल के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग के खिलाफ लड़ने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जा सके और भारत के लोगों को भविष्य में किसी भी तरह से सत्ता के ऐसे घोर दुरुपयोग का समर्थन न करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया जा सके।'

## खुदरा मुद्रास्फीति 5.08 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** खाने का सामान महंगा होने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 5.08 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मई 2024 में 4.8 प्रतिशत और जून 2023 में 4.87 प्रतिशत पर रही थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि जून के महीने में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति बढ़कर 9.36 प्रतिशत हो गई जो मई में 8.69 प्रतिशत पर थी। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को यह सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा हुआ है कि खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे। आरबीआई नीतिगत दरों पर फैसला करते समय खुदरा मुद्रास्फीति को ही मुख्य तौर पर ध्यान में रखता है।

## देश का विदेशी मुद्रा 657.16 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जुलाई को समाप्त सप्ताह में 5.16 अरब डॉलर उछलकर 657.16 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 1.71 अरब डॉलर घटकर 651.99 अरब डॉलर रहा था। इस वर्ष सात जून को विदेशी मुद्रा भंडार 655.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक पांच जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.23 अरब डॉलर बढ़कर 577.11 अरब डॉलर हो गईं।

## यूएई में भारतीय मूल के डॉक्टर के नाम पर सड़क का नाम

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबूधाबी में एक सड़क का नाम भारतीय मूल के 84 वर्षीय डॉक्टर के नाम पर रखा गया है। यह देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति श्रद्धांजलि है। नगर पालिका और परिवहन विभाग (डीएमटी) ने डॉ. जॉर्ज मैथ्यू के योगदान को मान्यता देने के लिए अबूधाबी में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा है। यह नाम, 'यूएई के दूरदर्शी लोगों का सम्मान : स्मृति मार्ग' परियोजना के तहत दिया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अल मफराक में शेख शाकबूथ मेडिकल सिटी के पास की सड़क अब 'जॉर्ज मैथ्यू स्ट्रीट' के नाम से जानी जाएगी।

## नेपाल में 59 यात्रियों को ला रहा विमान 'रनवे' पर

**काठमांडू।** नेपाल की निजी विमानन कंपनी 'बुद्ध एयर' का एक विमान गुरुवार की रात लुम्बिनी प्रांत में उतरते समय 'रनवे' पर फिसल गया। एक मीडिया खबर के अनुसार वाहन में 59 लोग सवार थे। घटना में किसी भी यात्री के घायल होने की कोई खबर नहीं है। 'काठमांडू पोस्ट' समाचार पत्र ने रूपान्देही जिला पुलिस प्रवक्ता मनोहर प्रसाद भट्टा के हवाले से बताया कि 'बुद्ध एयर' विमान संख्या 805 बृहस्पतिवार रात लुम्बिनी प्रांत के सिद्धार्थनगर स्थित गौतमबुद्ध हवाई अड्डे पर उतरते समय कीचड़ में फंस गया, जिसके बाद वह 'रनवे' से फिसल गया। उन्होंने बताया कि चालक दल के चार सदस्यों समेत विमान में सवार सभी 59 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## भाजपा ने अरविंद केजरीवाल से मांगा इस्तीफा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए इस्तीफा मांगा है। भाजपा ने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है। आज जो आदेश आया है, उसमें मुख्यमंत्री केजरीवाल की जीत नहीं है बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में दोषी हैं और ईडी के पास इसके लिए सारे तथ्य हैं। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अर्जी लगाई थी कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उनकी इस अर्जी पर उन्हें कोई राहत नहीं दी है बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने तो पाया है कि ईडी के पास सारे सबूत हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी एक बार फिर जनता और मीडिया को गुमराह कर रही है।

## सीएम साय आज अयोध्या में करेंगे रामलला के दर्शन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने मंत्रियों के साथ 13 जुलाई को रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे। साय व मंत्रिमंडल के सदस्य शनिवार सुबह नौ बजे चार्टड विमान से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। भाजपा के अपने चुनावी एजेंडे में रामलला दर्शन योजना शामिल किया था, जिसके तहत छत्तीसगढ़वासी लगातार अयोध्या का दौरा कर भगवान श्रीराम के दर्शन कर रहे है। मुख्यमंत्री साय भी इसी योजना के अंतर्गत अपने सभी मंत्रियों के साथ चार्टड विमान से अयोध्या में रामलला का दर्शन करेंगे और छत्तीसगढ़ एवं प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की कामना करेंगे।

## वित्त मंत्री से मिला भारतीय इस्पात संघ का प्रतिनिधिमंडल



**नई दिल्ली।** सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व में भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि सीतारमण से सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व में भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की है। ऐसा माना जा रहा है कि यह प्रतिनिधिमंडल अगामी केंद्रीय बजट 2024-25 को लेकर सीतारमण से मिला है। हालांकि, वित्त मंत्री कार्यालय ने इसकी जानकारी नहीं दी है।

## सब-इंस्पेक्टर पेपर लीक मामले में ट्रेनी एसआई की जमानत खारिज



**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक से जुड़े मामले में ट्रेनी सब इंस्पेक्टर डालूराम मीणा की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि मामले की गंभीरता और अनुसंधान को देखते हुए आरोपी को केस की इस स्टेज पर जमानत देना उचित नहीं है।

## दिल्ली पुलिस का कांस्टेबल मादक पदार्थों सहित गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की यातायात इकाई में तैनात एक कांस्टेबल और उसके सहयोगी को राष्ट्रीय राजधानी और उसके पड़ोसी शहरों में मादक पदार्थ की आपूर्ति करने वाले गिरोह का कथित तौर पर हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने वीरवार को जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के निकट उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को एक लग्जरी कार में एक किलोग्राम एमडीएमए की आपूर्ति करते हुए पकड़ा गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपए है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# शादी के बंधन में बंधे अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट



जॉन सीना







प्रियंका चोपड़ा पति निक जॉनस के साथ।



अखिलेश यादव



बच्चन परिवार



**मुंबई :** रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट शुक्रवार को जन्म जन्मांतर के बंधन में बंध गए। मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में हुई इस शाही शादी में बॉलीवुड और हॉलीवुड की सेलिब्रिटी समेत देश-विदेश के वीवीआईपी मेहमानों ने शिरकत की। ग्रैंड वेडिंग में मुख्य रूप से कर्दाशियां सिस्टर्स, जॉन सीना और नाइजीरियन सिंगर रेमा पहुंचे। हीरोइनों ने जमकर फैशन का टशन दिखाया। सभी सेलेब्स ट्रैडिशनल लुक में दिखे। अमिताभ बच्चन का परिवार, अर्जुन कपूर, इब्राहिम-सारा अली खान, अनन्या पांडे, राजकुमार राव-पत्रलेखा, खुशी कपूर, विधु विनोद चोपड़ा, जैकी श्रॉफ, वीर पहाड़िया, मीजान जाफरी, लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी समेत और भी कई बड़ी हस्तियां इस शादी की गवाह बनीं। अनंत-राधिका की शादी के ये फंक्शन 14 जुलाई तक चलेंगे।

## निजी निवेश निचले स्तर पर, पीएम की तारीफ करने में लगी हैं वित्त मंत्री : रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आगामी बजट के मद्देनजर शुक्रवार को दावा किया कि देश में निजी निवेश में लगातार गिरावट आई है, जबकि यह आर्थिक विकास का प्रमुख इंजन होता है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को अर्थव्यवस्था से जुड़ी मूलभूत समस्याओं का समाधान करना चाहिए, लेकिन वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करने में लगी हुई हैं। केंद्रीय बजट आगामी 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में यह पहला बजट होगा। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री के 'चीयरलीडर्स' और उनके लिए ढोल पीटने वालों का दावा है कि आर्थिक विकास बहुत तेजी से हो रहा है और बड़ी संख्या में नौकरियों के अवसर पैदा हो रहे हैं, लेकिन यदि वास्तव में ऐसा होता तो ये स्थितियां नहीं बनतीं।'' उन्होंने दावा किया कि निजी निवेश आर्थिक विकास का एक प्रमुख इंजन है, लेकिन यह अप्रैल-जून 2024 के दौरान 20 साल के निचले स्तर पर था।

## 2060 के दशक में भारत की जनसंख्या 1.7 अरब तक पहुंच जाएगी : संयुक्त राष्ट्र

**एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र**



संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में लगभग 1.7 अरब तक पहुंच जाने का अनुमान है और इसके बाद इसमें 12 प्रतिशत की कमी आएगी, लेकिन इसके बावजूद यह पूरी शताब्दी के दौरान विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा।

'वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024' रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले 50-60 वर्षों के दौरान दुनिया की जनसंख्या में वृद्धि जारी रहने का अनुमान है और 2024 में यह 8.2 अरब तक पहुंच जाएगी, जबकि 2080 के दशक के मध्य तक लगभग दुनिया की आबादी लगभग 10.3 अरब हो जाएगी। हालांकि, चरम स्थिति पर पहुंचने के बाद वैश्विक जनसंख्या में धीरे-धीरे गिरावट आने का अनुमान है और यह सदी के अंत तक घटकर 10.2 अरब रह जाएगी। भारत पिछले साल चीन को पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया था।

## फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं : जो बाइडेन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक बार फिर चुनाव लड़ने के लिए 'प्रतिबद्ध' हैं। संवाददाताओं से बातचीत में हालांकि बाइडेन ने दो बड़ी गलतियां कीं, जिससे उनकी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करने के उनके प्रयासों पर पानी फिर गया। वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के समापन पर बाइडेन ने दावा किया कि कोई भी व्यक्ति उनसे यह नहीं कह रहा है कि वह दोबारा चुनाव नहीं जीत सकते।

## सैन्य इंजीनियर सेवाओं के प्रोबेशनर्स ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सैन्य इंजीनियर सेवा (एमईएस) के प्रोबेशनर्स ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि एमईएस भारतीय सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण इकाइयों में से एक है, क्योंकि यह न केवल भारतीय सेना की तीनों सेनाओं की सेवा करती है बल्कि रक्षा मंत्रालय की कई अन्य इकाइयों को भी अपनी सेवाएं प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि एमईएस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे रक्षा बलों के पास मजबूत बुनियादी ढांचा और अच्छी सुविधाएं बनी रहें। इसलिए एमईएस अधिकारियों की सफलता की कसौटी यह होगी कि उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली बुनियादी संरचना या सुविधाएं विश्वसनीयता और गुणवत्ता के मानकों पर खरी उतरती हैं।

राष्ट्रपति ने एमईएस अधिकारियों को हमेशा सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि उन्हें अपनी सेवाओं में उच्चतम गुणवत्ता बनाए रखकर अपना सम्मान अर्जित करना होगा।

## बिजली बिलों में बढ़ोतरी के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ शुक्रवार को भाजपा के विरोध प्रदर्शन के कारण दिल्ली पुलिस ने प्रभावित सड़कों के लिए यातायात परामर्श जारी किया और यात्रियों को इसके अनुसार यात्रा योजना बनाने की सलाह दी। राज्य भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में पार्टी की दिल्ली इकाई आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ यहां आईटीओ के शहीदी पार्क में विरोध-प्रदर्शन कर रही है। दिल्ली भाजपा ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा के नेतृत्व में दिल्ली सचिवालय तक पैदल मार्च किया गया।

## पाठ्यक्रम में किसी भी विवादित हिस्से को शामिल नहीं किया जाएगा : धर्मेंद्र प्रधान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के विधि संकाय के एलएलबी पाठ्यक्रम में प्राचीन ग्रंथ मनुस्मृति को शामिल करने को लेकर उठे विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पाठ्यक्रम में किसी भी विवादित हिस्से को शामिल नहीं करने का आश्वासन दिया है।

प्रधान ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि कल हमारे पास मनुस्मृति को विधि संकाय पाठ्यक्रम डीयू में शामिल करने की कुछ सूचना आई थी। मैंने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति से इस संबंध में बातचीत की। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि विधि संकाय के कुछ सदस्यों ने न्यायशास्त्र अध्याय में कुछ बदलाव प्रस्तावित किए हैं, लेकिन जब यह प्रस्ताव दिल्ली विश्वविद्यालय के पास आया तो उन्होंने इसे खारिज कर दिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि हम सभी अपने संविधान और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध हैं। सरकार संविधान की सच्ची भावना को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी स्क्रिप्ट के किसी भी विवादित हिस्से को शामिल करने का कोई सवाल ही नहीं है।

## धामी ने कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा की

**जगदीश शर्मा, देहरादून**



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मेला नियंत्रण कक्ष हरिद्वार में कांवड़ मेला 2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ मेला शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कांवड़ के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। स्थानीय लोगों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि कांवड़ मेला हर वर्ष आयोजित होता है, इसके दृष्टिगत स्थायी प्रकृति के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। दीर्घकालीन विकास की कार्य योजनाओं को कार्य संस्कृति में लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा की शिव भक्त कांवड़ियों के स्वागत में पुष्प वर्षा की व्यवस्था की जाए। कांवड़ यात्रा के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए पुलिस और प्रशासन तैयार रहे। कांवड़ यात्रा में संपूर्ण मार्ग पर पुलिस बलों की तैनाती के साथ विभिन्न स्थानों पर अस्थाई पुलिस चौकी का निर्माण कार्य भी कराया जाए। (अनंत ज्ञान)

## बेटा शहीद हुआ, बहू कीर्ति चक्र लेकर चली गई मायके

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सियाचिन ग्लेशियर में अपने सैनिक साथियों को बचाने में शहीद हुए कैप्टन अंशुमान सिंह के परिवार को उनके अदम्य साहस और बहादुरी के लिए 5 जुलाई 2024 को राष्ट्रपति ने कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया था। खुद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शहीद की मां और पत्नी स्मृति सिंह को कीर्ति चक्र दिया। मगर अब शहीद अंशुमान सिंह के माता-पिता का दर्द सामने आया है। अब शहीद के माता-पिता अपने बेटे का कीर्ति चक्र देखने के लिए तरस गए हैं और उनके पास कीर्ति चक्र नहीं है।

दरअसल, शहीद अंशुमान सिंह की पत्नी स्मृति सिंह अपने ससुराल से मायके चली गई हैं। वह अपने साथ अपने शहीद पति की सभी यादों के साथ कीर्ति चक्र लेकर अपने मायके गुरदासपुर चली गई है।

## बवाना के प्रभावित इलाकों से निकाला पानी, नहर का मरम्मत कार्य जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



मुनक नहर के तटबंध का मरम्मत कार्य अधिकारियों की निगरानी में जारी है और बाहरी दिल्ली के बवाना के प्रभावित इलाकों से पानी निकाल दिया गया है। स्थानीय निवासियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

हरियाणा से दिल्ली में आने वाली मुनक नहर की एक छोटी नहर के तटबंध में बुधवार देर रात दरार आ गई थी, जिसके कारण बवाना के कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि कॉलोनियों से पानी निकाल दिया गया है और अधिकारियों की मौजूदगी में मरम्मत का काम जारी है।

आतिशी ने कहा कि तटबंध की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। हम हरियाणा के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। सीएलसी तटबंध में दरार की सूचना मिलने के बाद, ककरोई से इसमें छोड़े गए पानी के प्रवाह को मुनक नहर की दूसरी छोटी नहर की तरफ मोड़ दिया गया है।

**तकनीक** मैक्स हॉस्पिटल ने सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम किया पेश

## अब रोबोट से होंगी ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

अपने रोबोटिक सर्जिकल कार्यक्रम का विस्तार करते हुए मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली ने शुक्रवार को ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए सीओआरआई सर्जिकल रोबोट के लॉन्च की घोषणा की। रोबोटिक रिप्लेसमेंट के लिए यह अत्याधुनिक रोबोटिक सिस्टम सर्जनों को अधिक सूक्ष्मता और सटीकता प्राप्त करने और अधिक नेचुरल बोन को संरक्षित करने, न्यूनतम ब्लड लोस और अच्छी तरह से संतुलित ज्वाइंट सुनिश्चित करने में मदद करता है।

सीओआरआई सर्जिकल रोबोट के लॉन्च के साथ, मैक्स ट्राईसिटी का पहला अस्पताल बन गया है जो रोबोटिक हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी की पेशकश भी करता है। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, पीजीआई के पूर्व प्रोफेसर और मैक्स में आर्थोपेडिक्स और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के प्रिंसिपल डायरेक्टर प्रोफेसर रमेश सेन ने कहा, 'यह नई रोबोटिक नेविगेशन तकनीक मरीजों को मानवीय सूक्ष्म दृष्टि और रोबस्ट टेक्नोलोजी से लेस वरिष्ठ चिकित्सकों के अनुभव के संयोजन से लाभ उठाने की अनुमति देती है।'



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते रमेश सेन।

ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के लिए नई लॉन्च की गई रोबोटिक प्रणाली सर्जनों को रोगी की बीमारी की स्थिति का आकलन करके सर्जरी की पूर्व-योजना बनाने की अनुमति देती है। यह सटीकता सुनिश्चित करती है और रिप्लेसमेंट के खराब होने की संभावना को कम करती है। पारंपरिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट प्रक्रियाओं की तुलना में रोबोटिक ज्वाइंट सर्जरी के कई फायदे हैं। इन लाभों में कम चीरा, सटीकता, बेहतर परिणाम, त्वरित राहत, शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और कम रिकवरी समय शामिल हैं।

इस उन्नत तकनीक के साथ, सर्जन उन उपकरणों का उपयोग करके न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी कर सकते हैं जिन्हें वे एक कंसोल के माध्यम से निर्देशित कर सकते हैं। सर्जन एक उच्च-रिजॉल्यूशन 3डी दृष्टि प्रणाली का उपयोग करके कुछ चीरों के माध्यम से ऑपरेशन करते हैं, जो सर्जनों को नैचरल कलर में शारीरिक संरचनाओं को देखने की अनुमति देता है। (अनंत ज्ञान)